


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 27 जुलाई, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 16 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-206

### दक्षिण एशिया में भारत के वर्चस्व का परचम लहराया

# स्वतंत्रता दिवस पर मोदी को दिया मुख्य अतिथि का सम्मान



**माले, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** पूरे दक्षिण एशिया में भारत के वर्चस्व का परचम लहराया जब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव के स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्य अतिथि का सम्मान देकर स्वतंत्रता दिवस समारोह को आकर्षक बनाया और विश्व फलक पर भारत के कद की स्थापना की। मोहम्मद मुइज्जू के मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले राष्ट्र प्रमुख हैं, जिन्हें मालदीव ने अपने देश आने का निमंत्रण किया था।

## राष्ट्रपति मुइज्जू ने बताई मालदीव की सुरक्षा प्राथमिकता

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू ने शनिवार को ज़ोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे। मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो।

मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे।

पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं।

▶10 पर

## मालदीव के उपराष्ट्रपति और पूर्व राष्ट्रपति से मिले मोदी, दोनों देशों के संबंधों पर हुई बात



**माले/नई दिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** मालदीव की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां माले में वहां के उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़, पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के साथ मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।श्री मोदी ने उपराष्ट्रपति के साथ मुलाकात के बाद कहा कि इस दौरान बातचीत भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केन्द्रित रही और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी और अधिक प्रगाढ होगी। उन्होंने कहा , उपराष्ट्रपति हुसैन मोहम्मद लतीफ़ के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमारी चर्चा भारत-मालदीव मैत्री के प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित रही। हमारे देश बुनियादी ढाँचे, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में मिलकर काम करना जारी रखे हुए हैं। यह हमारे लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी है। हम आने वाले वर्षों में इस साझेदारी को और गहरा करने की आशा करते हैं। प्रधानमंत्री ने श्री नशीद को भारत-मालदीव मैत्री के प्रबल समर्थक बताया और कहा कि मालदीव हमेशा भारत की पड़ोसी पहले की नीति का महत्वपूर्ण बिन्दू रहेगा।

▶10 पर

### आर्मी चीफ बोले- ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को सीधा संदेश

# आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा



करगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली/द्रास, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक पाकिस्तान को सीधा संदेश था कि आतंकवाद के समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले का जवाब भी था, जो पूरे देश को गहरा घाव दे गया था। इस बार भारत ने हादसे पर शोक तो व्यक्त किया ही, साथ ही करारा जवाब भी दिया।

जनरल द्विवेदी ने ये बातें लद्दाख के द्रास में करगिल विजय दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा- दुश्मन को जवाब देना अब न्यू नॉर्मल है।

करगिल विजय दिवस के 26 साल पूरे होने पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचे। उनके साथ तीनों सेना प्रमुख भी मौजूद रहे। राजनाथ ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

5 मई 1999 को पाकिस्तान की घुसपैठ के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर जंग हुई थी। युद्ध करीब 84 दिनों तक चला। 26 जुलाई 1999 को भारत की जीत के साथ युद्ध आधिकारिक तौर पर खत्म हुआ। इसमें भारतीय सैनिकों के बलिदान और वीरता को याद करते हुए हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। करगिल विजय दिवस के पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1999 के करगिल युद्ध में प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को आज श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रधानमंत्री ने इस दिन को भारत के उन वीरों के अद्वितीय साहस और अदम्य साहस की याद दिलाने वाला बताया जिन्होंने सर्वोच्च चोटियों पर राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखें एक पोस्ट में कहा, करगिल विजय दिवस पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह अवसर हमें भारत माता के उन वीर सपूतों के अद्वितीय साहस और पराक्रम की याद दिलाता है जिन्होंने राष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने का उनका जुनून हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद!

रक्षामंत्री ने लिखा- भारत शहीदों का हमेशा आभारी रहेगा करगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। करगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा।

### नागपुर में गडकरी ने मंच से सुनाई सिस्टम की सच्चाई, बोले

# सरकार निकम्मी, सिस्टम सिर्फ पंक्चर करता है



**स्टेडियम प्रोजेक्ट में अड़चन पर सरकारी तंत्र को ठहराया जिम्मेदार**

**राजनीति फुकटियों का बाजार है मुफ्त की चीज की कद्र नहीं होती**

**नागपुर, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एक बार फिर अपनी बेबाक शैली में चर्चा में आ गए हैं। नागपुर के सुरेश भट सभागृह में आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने मंच से ही कह दिया, सरकार निक्कमी है। यह सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोग कुछ पलों के लिए चौंक गए। लेकिन गडकरी ने यहीं नहीं रुके। उन्होंने सरकारी तंत्र, नगर निगम और अन्य एजेंसियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठा दिए।

'स्पोर्ट्स एज अ करियर' सेमिनार को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा कि सरकारी सिस्टम सिर्फ चलती गाड़ी को पंक्चर करने का काम करता है। उन्होंने बताया कि नागपुर में वे 300 स्टेडियम बनवाना चाहते हैं। लेकिन सरकारी प्रक्रियाएं और सिस्टम इसमें रुकावट डालते हैं। उन्होंने कहा, सरकार की अधीनस्थ संस्थाएं जैसे नगर निगम, नागपुर सुधार प्रन्यास, कोई काम की नहीं हैं। इसलिए मुझे अलग तरीके से काम करवाना पड़ता है।

गडकरी ने बताया कि एक दुबई निवासी से उन्होंने स्टेडियम चलाने का अनुबंध तय किया है। निर्माण सरकार कराएगी, लेकिन मेंटेनेंस, संचालन और देखरेख उस व्यक्ति की जिम्मेदारी होगी। बदले में वह युवा खिलाड़ियों से मामूली शुल्क लेगा। गडकरी ने दो टूक कहा, फ्री में कुछ नहीं होना चाहिए, क्योंकि मुफ्त चीज की कोई कदर नहीं करता। उन्होंने कहा कि जब कोई पैसे देता है तो मेहनत भी करता है।

गडकरी ने कहा, मैं कोई चार्टर्ड अकाउंटेंट या फाइनेंशियल एक्सपर्ट नहीं हूं, लेकिन मैं एक अच्छा फाइनेंशियल काउंसलर हूं। उन्होंने बताया कि पैसे ना होते हुए भी वे 5 लाख करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट्स करवा लेते हैं। गडकरी ने युवाओं को खेल और करियर के लिए ईमानदारी से मेहनत करने की सलाह दी और कहा कि मुश्किल वक्त में कोई साथ नहीं देता इसलिए आत्मनिर्भर बनना जरूरी है।

▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $26^0$

न्यूनतम : $23^0$

# झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कामयाबी

### तीन उग्रवादी ढेर, एके-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद



**गुमला, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** झारखंड के गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के लावादाग जंगल में शनिवार सुबह पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन झारखंड जन मुक्ति मोर्चा (जेजेएमपी) के तीन उग्रवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने तीनों उग्रवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। घटनास्थल से एक एके-47 राइफल और दो इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए।

गुमला एसपी हारिश बिन जमां ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी संगठन के उग्रवादी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं और घाघरा के जंगल में इकट्ठा हुए हैं। सूचना के आधार पर जिला पुलिस और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने एक विशेष अभियान चलाया। लावादाग जंगल में जैसे ही सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया,

▶10 पर





# पीएम ओली के भारत दौरे में सुपुर्दगी संधि पर हस्ताक्षर होने की नेपाल को उम्मीद

**काठमांडू,26 जुलाई (एजेंसियां)।**

नई दिल्ली में आयोजित गृह सचिव स्तर की बैठक में भाग लेकर यहां लौटे नेपाल प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल और भारत के बीच आपसी कानूनी सहायता और सुपुर्दगी संधि पर सहमति बनने की बात कही है। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जतायी है कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की प्रस्तावित भारत यात्रा के दौरान इस पर हस्ताक्षर हो जाएगा।


नेपाल के गृह सचिव गोकर्णा मणि दुवाड़ी ने शनिवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि लंबे समय से जारी प्रयास के फलस्वरूप भारत और नेपाल के बीच सुपुर्दगी संधि को अंतिम रूप दे दिया गया है। विदेश मंत्रालय प्रधानमंत्री ओली के सितंबर में प्रस्तावित भारत दौरे में इस संधि पर हस्ताक्षर करने की तैयारी में है।

नेपाल के गृह सचिव ने कहा कि पिछले कई वर्षों से नेपाल और भारत के बीच सुपुर्दगी संधि को लेकर कुछ मुद्दों पर विवाद चल रहा था जिस पर इस बार नई दिल्ली में हुई बैठक में सहमति बन गयी है। इस संधि का उद्देश्य सीमा पार होने वाले अपराध, आतंकवाद तथा आर्थिक आतंकवाद को लेकर सूचनाओं के आदान-प्रदान को बढ़ाना, जांचों और अभियोजन का समर्थन करना और अपराधियों के प्रत्यर्पण को सुविधाजनक बनाना है। इस समय दोनों देशों के बीच सुपुर्दगी संधि नहीं होने के कारण अपराधियों के प्रत्यर्पण को लेकर हमेशा ही विवाद उत्पन्न हो जाता है।

नई दिल्ली में विगत मंगलवार-बुधवार को आयोजित इस बैठक में नेपाल के प्रतिनिधिमंडल में नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल, राष्ट्रीय खुफिया विभाग और विदेश मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में सीमा पार से होने वाले अपराधों जैसे मानव तस्करी, नशीली दवाओं की तस्करी, तीसरे देश के नागरिकों के अवैध प्रवेश और आतंकवाद पर ध्यान केंद्रित किया गया। दोनों पक्ष खुली सीमा सुरक्षा को मजबूत करने, आपदा प्रबंधन सहयोग में सुधार करने और सीमा स्तंभों को बनाए रखने पर भी सहमत हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारी को मौत के घाट उतारा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आतंकवादियों ने अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले में शुक्रवार को एक पुलिस अधिकारी को मौत के घाट उतार दिया। इसके अलावा पुलिस ने बन्नू के बस्याखेल इलाके में एक थाने पर देर रात हुए हमले को विफल कर दिया। करक के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने पुलिस अधिकारी को दुर्गम पहाड़ी इलाके में गोलियों से भून दिया। इसके बाद पहाड़ों की तरफ भाग गए। यह पुलिस अधिकारी अपने गृहनगर चपई बांदा जा रहा था। सुरक्षा बल के जवानों ने पुलिस अधिकारी की हत्या में शामिल आतंकवादियों की तलाश तेज कर दी है। करक सिटी पुलिस लाइन में इस अधिकारी को अंतिम सलामी दी गई। इसके बाद पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के लिए चपई बांदा ले जाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार देररात बन्नू जिले के बस्याखेल इलाके में एक थाने पर हुए आतंकवादी हमले को विफल कर दिया। हमलावरों ने स्नाइपर राइफलों और घातक हथियारों का इस्तेमाल किया। यह हमला रात करीब 1:35 बजे पुलिस स्टेशन पर कब्जा करने के इरादे से किया गया। एक घंटे तक हुई गोलीबारी के बाद हमलावरों को भागने पर मजबूर कर दिया गया। इस घटना के कुछ घंटे बाद बन्नू में आतंकवादियों ने माजंगा इलाके में एक पुलिस चौकी को निशाना बनाने के लिए एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन का इस्तेमाल किया। एक क्वाडकॉप्टर से चौकी की इमारत की छत पर गोला-बारूद गिराया गया।

### अमेरिका ने सीरिया में आतंकी समूह इस्लामिक स्टेट के बड़े नेता और उसके दो बेटों को मार गिराया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को सीरिया में छापामार कार्रवाई में आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के एक वरिष्ठ नेता और उसके दो बेटों को मार गिराया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) की विज्ञप्ति में दी गई है। आईएसआईएस को इस्लामिक स्टेट (आईएस), इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवांट (आईएसआईएल), या दायश भी कहा जाता है। यह आतंकी इस्लामी समूह इराक और सीरिया में सक्रिय है। खबर के अनुसार, सेंटकॉम की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईएस के वरिष्ठ नेता धिया जौबा मुस्लीह अल-हरदानी, उसके दो युवा पुत्र अब्दुल्ला धिया अल-हरदानी और अब्द अल-रहमान धिया जौबा अल-हरदानी अमेरिकी और गठबंधन सेनाओं के साथ-साथ नई सीरियाई सरकार के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। घटनास्थल पर मौजूद तीन बच्चों और तीन महिलाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

### ट्रंप प्रशासन राज्यों को रोकी गई 5.5 अरब डॉलर की शिक्षा निधि जारी करेगा




**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने देश में नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले रोकी गई शिक्षा निधि (संघीय शिक्षा अनुदान) पर बड़ा फैसला लिया है। दोनों दलों के सांसदों के दबाव में प्रशासन ने राज्यों को 5.5 अरब डॉलर की शिक्षा निधि जारी करने की घोषणा की है। इस धनराशि से नई शिक्षकों की भर्ती करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अलावा शिक्षण कार्य में आ रही रुकावटें दूर होंगी। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। अधिकारियों की इस घोषणा के बाद पास्को काउंटी के स्कूल अधीक्षक जॉन लेग ने कहा कि यह फैसला अच्छा है। यह संघीय शिक्षा अनुदान सोमवार तक स्कूलों को प्राप्त होने की उम्मीद है। प्रशासन ने शुक्रवार को जारी अधिसूचना में कहा कि कोई भी स्कूल इस धनराशि का बेजा उपयोग नहीं करेगा। शिक्षा विभाग किसी भी अस्वीकार्य गतिविधि के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा। नए शैक्षणिक सत्र के शुरू होने से पहले रोकी गई संघीय शिक्षा निधि की वजह से फ्लोरिडा के कई स्कूलों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम और नई भर्ती रोक दी थी। ट्रंप प्रशासन के इस कदम के खिलाफ 20 से ज्यादा राज्यों ने अदालतों का दरवाजा खटखटाया। इनमें कैलिफोर्निया, कनेक्टिकट, न्यूयॉर्क और इलिनॉय जैसे डेमोक्रेट शासित राज्य शामिल थे।

# रूस को मिल रही अनेक मित्र देशों से मदद अमेरिकी बैन और यूरोपीय चेतावनी बेअसर

**यह सहयोग भविष्य में भारत की सामरिक स्थिति पर भी डाल सकता है असर**

**मास्को,26 जुलाई (एजेंसियां)।**

पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद रूस की रक्षा निर्माण क्षमताएं कमजोर नहीं हुई हैं क्योंकि उसे मित्र देशों से लगातार मदद मिल रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन द्वारा बनाए गए इंजन छद्म कंपनियों के जरिए से औद्योगिक शीतलन इकाइयों के रूप में रूस भेजे जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पश्चिमी देशों द्वारा लगाए कड़े प्रतिबंधों से बचना है।

बता दें रूसी हथियार निर्माता आईईएमजेड कुपोल ने पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद अपने गारपिया-एआई ड्रोन का उत्पादन तीन गुना कर दिया है। 2024 में जहां 2,000 ड्रोन तैयार किए गए थे, वहीं 2025 में 6,000 तक पहुंचने की योजना है। रिपोर्टों के मुताबिक अप्रैल 2025 तक रूस 1,500 से ज्यादा ड्रोन यूक्रेन में भेज कर नागरिक और सैन्य ठिकानों पर हमले करवा चुका है। हालांकि चीन ने आधिकारिक रूप से यह स्वीकार नहीं किया है कि उसने रूस को हथियार या ड्रोन तकनीक दी है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक चीनी कंपनी ने प्रतिबंधित इंजनों की आपूर्ति रूसी कंपनी को की है।

इन इंजनों को शीतलक इकाइयों के रूप में बताया गया ताकि चीन के अंदर यह आपूर्ति नियमों की दृष्टि से गलत नहीं लगे। रिपोर्ट के मुताबिक इन इंजनों को पहले रूसी छद्म कंपनी एसएमपी-138 और फिर एलआईबीएसएस के जरिए से कुपोल तक पहुँचाया गया। यह पूरा तंत्र चीन की सरकारी एयरलाइनों के जरिए से संचालित हुआ, जो यह दर्शाता है कि चीन की राज्य-नियंत्रित संस्थाएं भी इस प्रक्रिया में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। बता दें हाल ही में यूरोपीय संघ और अमेरिका ने रूस के रक्षा उद्योग को कमजोर करने के लिए कई प्रतिबंध लगाए थे, जिनमें चीनी कंपनियां भी शामिल हैं। इसके बावजूद, कुपोल ने नई कंपनियों के जरिए ड्रोन निर्माण के लिए आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति तय कर ली। इस खुलासे के बाद यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि ने चीन से अपील की है कि वह रूस को सैन्य सहायता देने वाले व्यापार को रोके। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष भी इसी पृष्ठभूमि में चीन की यात्रा पर जा रही हैं। इस घटनाक्रम के कई गहरे भूराजनीतिक संदेश हैं। जैसे- चीन-रूस गठजोड़ एक बार फिर वैश्विक शक्ति संतुलन को चुनौती दे रहा है। साथ ही यूरोप की सुरक्षा सीधे तौर पर इस छद्म सहयोग से प्रभावित है। साथ ही चीन की दोहरी नीति और रूस-चीन सहयोग भविष्य में भारत की सामरिक स्थिति पर भी असर डाल सकता है। बता दें यूक्रेन युद्ध के चलते लगे पश्चिमी प्रतिबंधों ने रूस की हथियार उत्पादन क्षमता को बाधित करने का प्रयास किया है, लेकिन वास्तविकता शुरू से ही उलट दिखाई दे रही है। रूस न केवल अपनी सैन्य उत्पादन क्षमता बनाए रखने में सफल है, बल्कि उसने ईरान, उत्तर कोरिया और अब चीन जैसे देशों से गुप्त मदद प्राप्त कर अपने रक्षा उद्योग को और मजबूत किया है। चीन से पहले रूस को ड्रोन्स की आपूर्ति में ईरान की अहम भूमिका रही है। इसके अलावा, उत्तर कोरिया द्वारा गोला-बारूद और मिसाइलों की आपूर्ति की खबरें भी पश्चिमी एजेंसियों के हवाले से सामने आ चुकी हैं। यदि यह प्रवृत्ति यूं ही जारी रही, तो रूस की सैन्य उत्पादन क्षमता न केवल बनी रहेगी, बल्कि युद्ध को और लंबा खींचने में मदद भी मिलेगी। साथ ही, यह वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाला एक नया उदाहरण बनेगा।




### पाक के बदले सुर कहा- टीआरएफ को आतंकी सूची में डालने पर हमे कोई आपत्ति नहीं पर.........



**वॉशिंगटन।** पहलगाम हमले का जिम्मेदारी लेने वाले आतंकी संगठन टीआरएफ को अमेरिका ने आतंकी सूची में डाल दिया है। इससे पाकिस्तान तिलमिला गया है लेकिन ऊपरी तौर पर कह रहा है कि उसे इससे कोई दिक्कत नहीं है। हालांकि उसने चालाकी दिखाते हुए यह भी कह डाला कि टीआरएफ को लश्कर से जोड़ना गलत है। बता दें कि भारत और अमेरिका दोनों का मानना है कि यह आतंकी संगठन पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा का हिस्सा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि एक संप्रभु देश होने के नाते अमेरिका का टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित करना ठीक है। हमें कोई दिक्कत नहीं है। हम इस बात का स्वागत करते हैं। अगर टीआरएफ इसमें शामिल है और उसके खिलाफ सबूत हैं तो फिर ठीक है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार इन दिनों अमेरिका में हैं। वहां पर उनकी अमेरिकी सचिव मार्को रुबियो से मुलाकात भी हुई है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि टीआरएफ को लश्कर-ए-तैयबा के साथ जोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में टीआरएफ को काफी पहले खत्म कर दिया गया था। इसमें शामिल लोगों को सजा हुई थी। उन्हें गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था और पूरे संगठन को तहस-नहस कर दिया गया था।

# मिस्र के पुरातत्वविदों ने 3,500 साल पुराने कब्रिस्तान की खोज की



**काहिरा,26 जुलाई (एजेंसियां)।**

**मिस्र के पुरातत्वविदों ने एक 3,500 साल पुराने कब्रिस्तान की खोज की है, जिसमें कई ममी, मूर्तियां और अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं मिली हैं। इस खोज की सबसे खास बात बुक ऑफ द डेड (मृतकों की पुस्तक) की एक प्रति है, जो एक 43 फुट लंबे पपीरस स्क्रॉल पर लिखी गई है। इसे प्राचीन मिस्र के ग्रंथों का एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण संग्रह माना जाता है, जो जीवन और आत्मा के मार्गदर्शन से जुड़ा है।**

रिपोर्ट के अनुसार, खोज से यह संकेत मिलता है कि प्राचीन मिस्रवासी दफनाने की विधि में पूरी तरह से निपुण थे, जिसमें मृतक के अंगों को रखने के लिए कैनोपिक जार और परलोक में मृतक की सहायता के लिए बुक ऑफ द डेड से स्क्रॉल शामिल थे। मध्य मिस्र के अल-गुरैफा क्षेत्र में खोजा गया यह 3,500 साल पुराना कब्रिस्तान ममियों, ताबीजों, मूर्तियों, कैनोपिक जार और 43 फुट लंबे पपीरस स्क्रॉल से भरा हुआ है। मिस्र की सर्वोच्च पुरावशेष परिषद के महासचिव मुस्तफा वजीरी ने बताया कि यह स्क्रॉल अल-गुरैफा क्षेत्र में पाया गया पहला पूर्ण पपीरस है और यह बहुत अच्छी स्थिति में है। वजीरी के अनुसार, यह कब्रिस्तान 1550 ईसा पूर्व से 1070 ईसा पूर्व के बीच का है। हालांकि यह क्षेत्र अपनी पुरातात्विक खोजों के लिए जाना जाता था, बुक ऑफ द डेड की इस प्रति की खोज ने विशेषज्ञों का विशेष ध्यान आकर्षित किया है। इस पुस्तक की लंबाई 43 से 49 फीट के बीच मानी जा रही है, लेकिन इसकी सामग्री के बारे में अभी तक सार्वजनिक रूप से अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस खोज पर जर्मनी के रोमर और पेलिजेअस संग्रहालय की सीईओ लारा वीस ने बताया कि यदि यह इतना लंबा और अच्छी तरह से संरक्षित है, तब यह निश्चित रूप से एक शानदार और दिलचस्प खोज है। शिकागो विश्वविद्यालय के मिस्र विज्ञानी फॉय स्कॉल्फ ने बताया कि जिस कब्र में इसे मूल रूप से दफनाया गया था।

## इंसानी दिमाग अब भी एआई से आगे




कई लोग यह सोचने लगे हैं कि कहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंसानी क्षमताओं से बेहतर न साबित हो जाए। हाल ही में एक ऐसी घटना सामने आई है, जो यह भरोसा दिलाती है कि इंसानी दिमाग अब भी एआई से आगे है। दरअसल, विश्व कोडिंग चैंपियनशिप 2025 में एक मानव प्रोग्रामर ने एआई मॉडल को हराकर सबको चौंका दिया और यह साबित कर दिया कि इंसानी रचनात्मकता और निर्णय लेने की क्षमता अभी भी मशीनों से अधिक शक्तिशाली है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाले प्रोग्रामर का नाम है प्रेजेमिस्लाव डेबियाक। वह पहले ओपन एआई में काम कर चुके हैं और तकनीक की दुनिया में पहले से ही जाना-पहचाना नाम हैं। डेबियाक ने इस चैंपियनशिप में अपनी तेज़ कोडिंग, रणनीतिक सोच और क्रिएटिव अप्रोच से एआई को हराकर खिताब अपने नाम किया। इस मुकाबले में सिर्फ सही कोडिंग ही नहीं, बल्कि समस्याओं को सुलझाने की अनोखी सोच और लचीलापन भी बहुत मायने रखता था जो कि डेबियाक के पक्ष में गया। कोडिंग चैंपियनशिप की खास बात यह रही कि इसमें पहली बार किसी मानव को अत्याधुनिक एआई मॉडल के साथ मुकाबला करना पड़ा।

# गोआना में रहने वाली छिपकली के ज्यादा जीवित रहने का राज है हड्डीदार कवच

**सिडनी,26 जुलाई (एजेंसियां)।**

हालिया शोध से पता चला है कि ऑस्ट्रेलिया की गोआना छिपकलियों की त्वचा के नीचे मौजूद एक खास प्रकार की हड्डी जैसी संरचना, जिसे ऑस्टियोडर्म्स कहा जाता है, ही इनके लंबे समय तक जीवित रहने की एक प्रमुख वजह रही है। इस शोध ने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। ऑस्टियोडर्म्स असल में त्वचा के नीचे स्थित छोटी-छोटी हड्डीनुमा प्लेटें होती हैं, जो छिपकलियों, मगरमच्छों और आर्मडिलो जैसे कुछ खास जीवों में पाई जाती हैं। पहले ऐसा माना जाता था कि इनका कार्य सिर्फ शरीर को बाहरी हमलों से बचाना होता है, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने यह स्पष्ट किया है कि ये संरचनाएं न केवल सुरक्षा प्रदान करती हैं, बल्कि तापमान नियंत्रण, गतिशीलता और अंडों को पोषण देने जैसे कई जरूरी कार्यों में भी मदद करती हैं। यह खोज इस बात की ओर इशारा करती है कि किस प्रकार प्रकृति ने कुछ प्रजातियों को अनुकूलन की अद्भुत क्षमताएं दी हैं, जिससे वे कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रह सकें। इस अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों की एक



अंतरराष्ट्रीय टीम ने काम किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और यूरोप के विशेषज्ञ शामिल थे। इस टीम ने विश्व के प्रमुख प्राकृतिक इतिहास संग्रहालयों में रखे लगभग दो हजार से अधिक सरीसृप नमूनों का अध्ययन किया, जिनमें से कई 120 साल पुराने थे। पहले इस तरह की संरचनाओं का अध्ययन करना मुश्किल था क्योंकि नमूनों को काटना पड़ता था, जिससे वे नष्ट हो जाते थे। लेकिन इस बार वैज्ञानिकों ने माइक्रो-सीटी स्कैनिंग और रेडियोडेंसिटी हीटमैपिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया, जिससे इन हड्डियों को बिना नुकसान पहुंचाए उनके 3डी मॉडल तैयार किए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पहले यह सोचा जाता था कि गोआना में ऑस्टियोडर्म्स बहुत कम या नहीं के बराबर होते हैं, लेकिन इस स्टडी में यह साबित हुआ कि ऑस्ट्रेलो-पापुआन गोआना की 29 प्रजातियों में ये संरचनाएं व्यापक रूप से मौजूद हैं। इस खोज से गोआना में ऑस्टियोडर्म्स को लेकर जानकारी लगभग पांच गुना बढ़ गई है। इससे यह निष्कर्ष निकाला गया कि लगभग आधी छिपकली प्रजातियों में इन हड्डीदार संरचनाओं का कोई न कोई रूप अवश्य होता है। गोआना लगभग दो करोड़ साल पहले ऑस्ट्रेलिया आए थे और तब से वहां के कठोर मौसम, शिकारी जीवों और संसाधनों की कमी जैसे कई संकटों से जूझते हुए आज तक जीवित हैं। अगर उस दौर में ऑस्टियोडर्म्स का विकास हुआ, तो ये संरचनाएं इनकी रक्षा प्रणाली, शरीर के तापमान नियंत्रण और प्रजनन प्रणाली में बेहद अहम भूमिका निभाती होंगी। यह खोज न केवल इन छिपकलियों के विकास की कहानी बयां करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि कैसे प्रकृति ने जीवों को अपनी रक्षा के लिए अनूठे उपाय दिए हैं। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया की विशालकाय मॉनिटर लिजर्ड, जिसे स्थानीय रूप से गोआना कहा जाता है।

# 2500 साल पहले मालदीव था बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र, अब है मुस्लिम देश

**राजा धोवेमी ने अपनाया था इस्माल धर्म, मठों में आज भी हैं बौद्ध अवशेष**

**माले,26 जुलाई (एजेंसियां)।**

भारत के दक्षिण में हिंद महासागर में स्थित मालदीव साउथ एशिया का सबसे छोटा देश है। 1200 द्वीपों में फैले इस देश का क्षेत्रफल 298 वर्ग किलोमीटर है, पीएम मोदी दो दिन के दौरे पर मालदीव पहुंचे। मालदीव का इतिहास करीब 2500 साल पुराना है। 5 लाख की आबादी वाले मालदीव में 98 फीसदी लोग मुस्लिम हैं, लेकिन करीब 900 साल पहले यह देश बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र था। 12 सदी में इस देश के राजा ने इस्लाम धर्म अपनाया था, जिसके बाद यह पूरी तरह मुस्लिम देश बन गया।

बात दें कुछ कहानियां बताती हैं कि मालदीव में प्राचीन राजतंत्र की नींव भारत के उड़ीसा के राजा ब्रह्मदित्य के पुत्र, बौद्ध राजा श्री सूरुदासरुण आदित्य ने रखी थी। ऐसा माना जाता है कि उन्हीं के शासनकाल में बौद्ध धर्म मालदीव पहुंचा। इतिहासकारों का मानना है कि बौद्ध धर्म 1000 सालों से ज्यादा समय तक मालदीव में प्रमुख धर्म था। इस दौरान मालदीव की संस्कृति, भाषा और प्राचीन धिवेही लिपि का विकास हुआ। मालदीव में कई द्वीपों पर आज भी बौद्ध मठों और संरचनाओं के अवशेष मौजूद हैं। इन्हें लोकल भाषा में हवित्ता या उस्तुबु कहा जाता है।

मालदीव में इस्लाम का प्रवेश 9वीं और 10वीं शताब्दी में अरब व्यापारियों के जरिए से हुआ था। मालदीव के अंतिम बौद्ध राजा धोवेमी ने साल 1153 में



इस्लाम धर्म अपना लिया था। धोवेमी को सुल्तान मुहम्मद इब्ने अब्दुल्लाह का नाम दिया गया। इसके साथ ही मालदीव में इस्लामिक शासन की शुरुआत हुई। इस्लामिक शासन के तहत मालदीव में 6 राजवंशों का शासन रहा, जो 1968 तक रहा। 2008 में मालदीव के नए संविधान ने इस्लाम को आधिकारिक धर्म घोषित किया और नागरिकता के लिए इस्लाम को अनिवार्य बना दिया गया। बताया जाता है राजा धोवेमी के वक्त मालदीव में एक समुद्री राक्षस रन्नामारी का आतंक था। इस राक्षस को शांत करने के लिए हर महीने एक कुंवारी कन्या की बलि दी जाती थी। राजा हर महीने एक लॉटरी के जरिए एक लड़की को चुनता था। इसके बाद उस लड़की को रन्नामारी के लिए एक मीनार में रखा जाता था और अगले दिन वह मरी हुई मिलती थी। एक बार जब एक परिवार की इकलौती बेटी की बलि के लिए चुना गया, तो परिवार बहुत दुखी हुआ। अबु अल-बरकात उस परिवार के घर ठहरे हुए थे। उन्होंने उस लड़की की जगह खुद मीनार में रात बिताने की बात कही। उस रात उन्होंने मीनार में इस्माल की पवित्र किताब कुरआन की आयतें पढ़ीं। जब रन्नामारी आया, तो कुरआन की आयतें सुनकर वह भाग गया। सुबह अबु अल-बरकात जीवित और सुरक्षित मिले। राजा धोवेमी ने अबु अल-बरकात से पूछा कि क्या वे रन्नामारी को हमेशा के लिए भगा सकते हैं। राजा ने वादा किया कि अगर राक्षस हमेशा के लिए भाग गया, तो वह और पूरा देश इस्लाम कुबूल कर लेगा। इसके बाद रन्नामारी फिर कभी नहीं लौटा। अपने वादे के मुताबिक राजा धोवेमी ने इस्लाम कुबूल किया और देश में इस्लाम का प्रचार-प्रसार किया। मालदीव पर अलग-अलग समय पर कई विदेशी शक्तियों का प्रभाव रहा है। 1558 में पुर्तगालियों ने मालदीव पर कब्जा किया और करीब 15 सालों तक राजधानी माले पर कंट्रोल रखा। 1573 में इसे पुर्तगाल से आजादी मिली। इसके अलावा 1887 में मालदीव ने ब्रिटिश शासन के साथ एक समझौता किया, जिसके तहत मालदीव ने अपनी आंतरिक स्वायत्तता बनाए रखी, लेकिन विदेश नीति और रक्षा ब्रिटिश कंट्रोल में थी।


Rangtaali
Navratri
Dandiya Nights
WE ARE
Coming
Back!
WITH
SEASON 4
STAY TUNED!
Date:
22nd September
to 1st October, 2025
Venue:
Classic Convention III
Shamshabad
For Sponsorship and Stalls
Contact :
Gopal Agarwal
77995 55555
Ashish Sharma
9032092320

# बॉलीवुड हसीनाओं ने चॉकलेट ब्राउन बॉडीकॉन परिधानों में बढ़ाया ग्लैमर का पारा



जब बात फैशन ट्रेंड सेट करने की आती है, तो बॉलीवुड की टॉप हसीनाएं कभी पीछे नहीं हटतीं। इन दिनों टिनसेल टाउन में जो नया स्टाइल क्रेज छाया हुआ है, वो है – चॉकलेट ब्राउन बॉडीकॉन ड्रेस। ये गहरा, रॉयल शेड अब रेड कारपेट्स, ग्लैमरस पार्टीज़ और स्टार-स्टडेड नाइट्स के लिए सबसे स्टाइलिश और पसंदीदा चॉइस बन गया है। बटर-लेदर, शिमरी सीक्विन्स या मिनिमल स्टाइल में – दिशा पटानी, ईशा गुप्ता, अनन्या पांडे, शिल्पा शेट्टी और जान्हवी कपूर जैसी फैशन क्वीन्स ने इस ट्रेंड को अपने-अपने अंदाज़ में अपनाकर यह साबित कर दिया कि ग्लैमर की दुनिया में अब चॉकलेट ब्राउन ही नया ब्लैक है।

**दिशा पटानी:** दिशा पटानी ने एक बार फिर अपने ग्लैमर से फैशन का स्तर ऊँचा कर दिया, जब उन्होंने एक फिगर-हगिंग चॉकलेट ब्राउन बॉडीकॉन ड्रेस पहनी। पतले स्पेगेटी स्ट्रैप्स और स्वीटहार्ट नेकलाइन वाली यह ड्रेस उनकी टोन्ड बॉडी को खूबसूरती से हाईलाइट कर रही थी। कोको शेड की यह ड्रेस एलिगेंस और सादगी का परफेक्ट मेल थी। दिशा ने मिनिमल एक्सेसरीज़ के साथ अपने नैचुरल चार्म को ही स्टाइल स्टेटमेंट बनाया, जो उन्हें बॉलीवुड की सबसे सहज लेकिन स्टाइलिश अदाकाराओं में शुमार करता है।

**जान्हवी कपूर:** जान्हवी कपूर ने इस ट्रेंड को एक बोल्ड ट्विस्ट देते हुए पहना एक लक्स लेदर बॉडीकॉन ड्रेस जिसमें हॉल्टर नेकलाइन थी, जो सेंटर पर नॉटेड थी। यह स्लीक और फिगर-फ्लैटरिंग ड्रेस उनके ग्लैमरस अंदाज़ को बखूबी दर्शा रही थी। कट और टेक्सचर का यूनिक कॉम्बो इस लुक को यंग और स्टाइलिश बना रहा था। जान्हवी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो फैशन की दुनिया की असली चेंजलिंग हैं।

**ईशा गुप्ता:** ईशा गुप्ता ने इस ट्रेंड में कॉन्टेम्पररी ड्रामा का तड़का लगाया। हाई नेक, स्लीवलेस बॉडीकॉन ड्रेस उनके हर कर्व को परफेक्टली हग कर रही थी। कमर पर दिए गए स्ट्रेटेजिक कटआउट्स ने लुक में बोल्डनेस जोड़ दी। ीश्रशशज्ञ हेयरस्टाइल, ड्यूई मेकअप और उनकी इंटेंस नज़रें – ईशा का यह लुक बोल्ड मिनिमलिज्म का बेहतरीन उदाहरण था।

**अनन्या पांडे:** अनन्या पांडे ने इस ट्रेंड में अपनी यंग एनर्जी मिलाते हुए पहनी एक ग्लिटरी चॉकलेट ब्राउन हॉल्टर नेक मिनी ड्रेस। रुचिंग डिटेल्स और चमकदार टेक्सचर इस ड्रेस में मूवमेंट और प्लेफुल वाइब जोड़ रहे थे। उन्होंने इस लुक को कोऑर्डिनेटेड टाइट्स और एंकल बूट्स के साथ पूरा किया, जो एक स्ट्रीट-स्टाइल और रेड कारपेट का परफेक्ट ब्लेंड था। यह लुक ऋक्षाप-न फैशन की नई डेफिनेशन देता है।

**शिल्पा शेट्टी:** शिल्पा शेट्टी ने एक बार फिर दिखाया कि वो क्यों फैशन की रानी हैं। उन्होंने पहना एक स्ट्रक्चर्ड लेदर कॉर्सेट टॉप जिसे पेयर किया एक हाई-वेस्टेड, सीक्विन्ड, फ्लोर-लेंथ स्कर्ट के साथ। गहरे चॉकलेट शेड्स में बना यह लुक बहुत ही रॉयल और रनवे-रेडी था। उनकी नेक पर लिपटी ड्रामैटिक स्कार्फ डिटेल इस लुक को एक हाई-कॉउचर फील दे रही थी। यह लुक साबित करता है कि शिल्पा अब भी फैशन गेम की सबसे डेरिंग और टाइमलेस क्वीन हैं।



## टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चुनी गई हुमा कुरैशी की बयान

फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी की थ्रिलर फिल्म बयान को आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के लिए चुना गया है। हुमा कुरैशी ने टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में अपनी फिल्म के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि फिल्म बयान ने उन्हें एक सशक्त महिला किरदार निभाने का मौका दिया, जो न्याय व्यवस्था में बड़ी ताकतों के खिलाफ खड़ी होती है।




हुमा ने ऐसी कहानी को पेश करने वाली समर्पित और निडर टीम के साथ काम करने की खुशी भी जताई। कई भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम कर चुकी हुमा ने कहा कि फिल्म का विश्व प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) 2025 के डिस्कवरी सेक्शन में होगा-ये ऐसा सेक्शन है जिसने जो क्रिस्टोफर नोलन, अल्फोंसो क्वारोन और बैरी जेनकिंस जैसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं को दुनिया के सामने पेश किया। फिल्म एक रोमांच से भरी थ्रिलर है।

फिल्म निर्देशक विकास रंजन मिश्रा ने कहा, यह एक परिवर्तनशील समाज का साक्षी बनने का मेरा प्रयास है – और उन लोगों के शांत साहस का भी जो अपनी बात कहने का विकल्प चुनते हैं।

टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के डिस्कवरी सेक्शन में मेरी दूसरी फीचर फिल्म, बयान दिखाई जाएगी। ये मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक ऐसा मंच है जहां से कई फिल्ममेकर्स ने अपना सफर शुरू किया।

निर्माता ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि इसमें एक ग्लोबल अपील है, और टीआईएफएफ इसके लिए एक आदर्श लॉन्चपैड है। एक निर्माता के रूप में, मैं हमेशा एक ऐसी पटकथा की तलाश में रहता हूं जो इससे जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहतरीन हो। 'बयान' ने वही किया; मुझे पता था कि हमारे पास कुछ शक्तिशाली है।

विकास रंजन मिश्रा के निर्देशन से सजी, बयान इस श्रेणी में शामिल एकमात्र भारतीय फिल्म है। कलाकारों में अनुभवी अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह और सचिन खेडेकर के साथ-साथ परितोष सैंड, अविजित दत्त, विभोर मयंक, संपा मंडल, स्वाति दास, अदिति कंचन सिंह और पैरी छाबड़ा जैसे प्रतिभाशाली कलाकार शामिल हैं।



करगिल विजय दिवस विशेष

## बॉलीवुड की वो अभिनेत्रियाँ जिन्होंने वर्दी पहनकर राष्ट्र को किया सलाम

करगिल विजय दिवस के अवसर पर, जब पूरा देश अपने वीर सैनिकों की बहादुरी और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, ऐसे में उन बॉलीवुड अभिनेत्रियों को याद करना समीचीन होगा जिन्होंने पर्दे पर वर्दी पहनकर नारी शक्ति, कर्तव्य और देशभक्ति का बेजोड़ उदाहरण पेश किया। जहाँ ग्लैमर और चकाचौंध से भरी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आमतौर पर नायिकाओं को पारंपरिक भूमिकाओं में देखा जाता है, वहीं कुछ चुनिंदा अदाकाराओं ने वर्दी पहनकर नायिका से सिनेमाई योद्धा बनने तक का सफर तय किया।

**दीपिका पादुकोण:** फाइटर फिल्म में स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ की भूमिका निभाते हुए दीपिका पादुकोण ने अपने अभिनय में गंभीरता और शारीरिक दृढ़ता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। वायुसेना की वर्दी में उनकी उपस्थिति न सिर्फ प्रभावशाली थी, बल्कि एक्शन दृश्यों में उनकी तैयारी और समर्पण भी साफ झलकता था।

**कियारा आडवाणी:** हाल ही में रिलीज़ हुए वॉर 2 के ट्रेलर में कियारा आडवाणी ने धमाकेदार एक्शन सीन्स के ज़रिए स्क्रीन पर जबरदस्त प्रभाव छोड़ा है। पंच, चेज़ और स्टंट्स के बीच उनकी आंखों में दिखती गंभीरता और संकल्प देखते ही बनते हैं। लेकिन जो सबसे ज़्यादा दिल जीतता है, वो है वर्दी में उनका आत्मविश्वास, गरिमा और अनुशासन।

**प्रियंका चोपड़ा:** जय गंगाजल में पुलिस अधीक्षक अभा माथुर की भूमिका निभाते हुए प्रियंका चोपड़ा ने अपने अभिनय कौशल का लोहा मनवाया। भ्रष्ट व्यवस्था में ईमानदारी की मिसाल बनीं उनकी भूमिका में दमदार संवाद, दृढ़ नारी शक्ति और प्रभावशाली एक्शन का शानदार मेल देखने को मिला।

**जान्हवी कपूर:** गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल फिल्म में जान्हवी कपूर ने फ्लाइट लेफ्टिनेंट गुंजन सक्सेना की भूमिका में दमदार और भावनात्मक अभिनय किया। कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म महिलाओं के साहस और संघर्ष की मिसाल थी। जान्हवी ने अपने किरदार की आंतरिक लड़ाई, जज़्बा और दृढ़ निश्चय को बेहद संजीदगी से दर्शाया।

**कंगना रनौत:** तेजस फिल्म में भारतीय वायुसेना की पायलट की भूमिका में कंगना रनौत ने एक मिशन पर निकली योद्धा का किरदार निभाया। फिल्म एक्शन और थ्रिल से भरपूर थी, लेकिन कंगना ने अपने अभिनय में जो गंभीरता, आत्मबलिदान और संकल्प दिखाया, वह काबिल-ए-तारीफ था।

**यामी गौतम:** उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक में खुफिया अधिकारी पल्लवी शर्मा की भूमिका में यामी गौतम ने पर्दे के पीछे काम करने वाले नायकों का प्रतिनिधित्व किया। सैन्य अभियान की रणनीति और योजना में उनकी भूमिका अहम थी। वर्दी में उनका संयमित, चतुर और गंभीर अभिनय दर्शकों को प्रभावित करता है।

**डायना पेंटी:** परमाणु: द स्टोरी ऑफ पोखरण में भले ही मुख्य ध्यान भारत के गुप्त परमाणु मिशन पर था, लेकिन डायना पेंटी ने सेना की अधिकारी बनकर अपने किरदार में गरिमा और मजबूती का परिचय दिया। पुरुष प्रधान टीम के बीच उनकी भूमिका ने संतुलन और आत्मविश्वास का संदेश दिया।

इन सभी अभिनेत्रियों ने अपने-अपने किरदारों से यह साबित कर दिया कि देशभक्ति केवल जंग के मैदान में नहीं, बल्कि परदे पर निभाए गए सच्चे और प्रेरणादायक किरदारों से भी जताई जा सकती है। वर्दी में इनका आत्मविश्वास, समर्पण और जज़्बा, देश के हर नागरिक के लिए प्रेरणा है।

# हरियाली तीज व्रत की विधि, नियम और उपाय

हरियाली तीज आज 27 जुलाई को मनाई जा रही है। खासकर सुहागिन महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और दांपत्य जीवन में खुशहाली और सुख-शांति की कामना करती हैं। वहीं कुंवारी कन्याएं भी अच्छे वर की मनोकामना के साथ यह व्रत करती हैं। सावन मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरियाली तीज मनाई जाती है और इसका व्रत नियमों का पालन करते हुए किया जाता है। इसे मां पार्वती और शिवजी के पुनर्मिलन के त्योहार के रूप में मनाया जाता है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए काफी कठिन व्रत किया था।

### हरियाली तीज का महत्व

हरियाली तीज का त्योहार मुख्य रूप से राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में मनाया जाता है। अखंड सौभाग्य की कमाना के साथ महिलाएं ये व्रत रखती हैं। हाथों में मेहंदी और हरी चूड़ियां पहनती हैं। इसके साथ ही मायके से आए हुए कपड़े महिलाएं पहनती हैं। इस दौरान महिलाएं पूरे 16 शृंगार करके भोलेनाथ की पूजा करती हैं।



### हरियाली तीज व्रत की विधि

हरियाली तीज व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं स्नान आदि के बाद मायके से आए हुए वस्त्रों को पहनें। फिर पूजा के शुभ मुहूर्त में मां पार्वती और भगवान शिव की विधि विधान से पूजा करें। मां पार्वती को 16 शृंगार अर्पित करें। धूप-दीप, नैवेद्य, फूल, फल, गंगाजल, बेल पत्र आदि अर्पित करें। भगवान को नमस्कार कहते हुए हरियाली तीज व्रत कथा का पाठ करें या सुनें। कथा के बाद मां पार्वती और भोलेनाथ की आरती करें और भगवान को लगाए गए भोग को प्रसाद के तौर पर बांटें।

### हरियाली तीज व्रत के नियम

हरियाली तीज का व्रत रखने वाली महिलाएं जल का भी सेवन नहीं करती हैं। यानी यह निर्जला व्रत होता है। इसमें हरे रंग की चूड़ियां और हरे रंग के कपड़े पहनने का महत्व है। व्रती महिला को मां पार्वती का शृंगार करना चाहिए। और पूजन करना चाहिए। इसके साथ ही झूठ बोलने, किसी से गुस्सा करने या मन में नकारात्मकता को न आने दें। किसी की बुराई या निंदा न करें। मन को साफ रखें। दिन में सोने से बचना चाहिए। इसके साथ ही काले रंग के कपड़े या सामान को धारण करने से बचना चाहिए। तामसिक चीजों से दूर रहें। और व्रत का पारण शुभ मुहूर्त में करें।

### हरियाली तीज के उपाय

हरियाली तीज पर सोलह शृंगार का दान करने का आपको फायदा होगा। हरियाली तीज पर शृंगार का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही शिव-पार्वती का पूजन करें। घर में घी का दीया जलाएं। बच्चों के सिर पर हल्दी या चंदन का टीका लगाएं। क्षमता के मुताबिक दान करें।

# क्यों मायके से आती है सिंधारा की मिठास हरियाली तीज पर



हरियाली तीज मुख्यतः भगवान शिव और माता पार्वती' के पुनर्मिलन के रूप में मनाई जाती है। यह स्त्रियों का प्रमुख व्रत होता है, जो अपने पति की दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना से किया जाता है।

**क्यों दिया जाता है हरियाली तीज पर सिंधारा –** हरियाली तीज सावन माह की शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाई जाती है। यह पूजा भगवान शिव-पर्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक है, जब देवी पार्वती ने कठोर तपस्या करके शिव को जीवनसाथी के रूप में प्राप्त किया। सिंधारा इस उत्सव का एक विशेष हिस्सा है। सिंधारा एक पारंपरिक उपहार है जो हरियाली तीज के अवसर पर नवविवाहित महिलाओं या विवाहित स्त्रियों को उनके मायके से दिया जाता है। कहा भी गया है, विवाहित स्त्री को श्रृंगार देना विवाहोत्तर समय में पुण्य कर्म माना जाता है। मनुस्मृति में भी यह वर्णन मिलता है कि विवाहोपरांत पुत्री को समय-समय पर आभूषण, वस्त्र आदि भेजना माता-पिता का कर्तव्य माना गया है।

**सिंधारा देने के पीछे जुड़े भाव –** सिंधारा में भले ही श्रृंगार की सामग्री हो, मिष्ठान हो, पर उसके पीछे ससुराल गई बेटी को स्नेहपूर्वक याद करने, उसके सौंदर्य, प्रसन्नता और उत्सव की अनुभूति को संबल देने तथा उसके वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देने का भाव निहित होता है।

**सिंधारा की सामग्री है विभिन्न भावनाओं का प्रतीक –** सिंधारा मायके से बहू के ससुराल भेजे जाने वाले उपहार होता है, जिसमें नए कपड़े (साड़ी/दुपट्टा), हरी चूड़ियाँ, मेहँदी, बिंदी, मिठाइयाँ (विशेषतः घेवर), फल और श्रृंगार-सामग्री शामिल होती हैं। हरी चूड़ियां सौभाग्य का, मेहंदी प्रेम एवं शुभता का, मिठाई मधुर संबंधों का, वस्त्र संपन्नता का, सौंदर्य प्रसाधन श्रृंगार का प्रतीक माना जाता है। हरियाली तीज के दिन झूला झूलना उमंग और हरियाली का प्रतीक है। सिंधारा एक उपहार के साथ-साथ स्त्री के सम्मान, स्नेह और सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है। हरियाली तीज पर इसे देना धार्मिक भाव, पारिवारिक जुड़ाव और लोक परंपरा का सम्मिलन है।

**रिश्तों की मधुरता बढ़ाने का माध्यम –** सिंधारा न केवल बेटी के लिए होता है, बल्कि ससुराल पक्ष के लिए भी एक आदर और अपनापन का प्रतीक है। यह रिश्तों में मिठास घोलता है और दोनों परिवारों को जोड़े रखने का कार्य करता है।

# रविवार को चंद्र मंगल योग में सूर्यदेव चमकाएंगे किस्मत, कारोबार में होगी दोगुनी तरक्की

आज रविवार, 27 जुलाई को सिंह राशि में चंद्रमा और मंगल की युति होगी, जिससे चंद्र मंगल योग बन रहा है। इस शुभ संयोग में सूर्यदेव वृषभ, कर्क, वृश्चिक और मकर राशि की किस्मत चमकाने वाले हैं। नौकरी और कारोबार में इन्हें पूरे दिन भर-भरकर लाभ मिलेगा और व्यापार में प्रगति प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत से किए गए कार्यों में शुभ परिणाम मिलेंगे और समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हर क्षेत्र में आपको सफलता मिलने के योग बन रहे हैं और कार्यस्थल पर आपकी सराहना की जाएगी। व्यापार में अचानक धन लाभ के योग भी बन रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।




### मेष राशि : व्यापार में होगी प्रगति

व्यापार में प्रगति मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अगर विद्यार्थी बौद्धिक और मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे थे तो अब उन्हें उससे छुटकारा मिलेगा। व्यापार के मामले में किसी यात्रा के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। शाम के समय जीवनसाथी और बच्चों के साथ आप कहीं आसपास घूमने जा सकते हैं।

### वृषभ राशि : कार्यक्षेत्र में मिलेंगे शुभ परिणाम

आपका दिन व्यापार के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपको अचानक कोई लाभ प्राप्त हो सकता है और मन को सुकून प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको किसी ऐसे काम का शुभ परिणाम प्राप्त हो सकता है, जिसका लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। इसी के चलते आपका मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, शाम को परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे जिससे मानसिक तनाव कम होगा।

### मिथुन राशि : अनावश्यक खर्चों से बचें

व्यापार के मामले में आपके द्वारा किया हुआ कोई भी काम आसानी से पूरा हो जाएगा। लेकिन आपको अनावश्यक कार्यों में समय लगाने से बचना होगा। साथ ही, आपको खर्च में भी कटौती करनी होगी वरना भविष्य में किसी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपनी संपत्ति या किसी मूल्यवान वस्तु का सौदा करने से पहले सभी दस्तावेजों को देखना होगा, अन्यथा नुकसान हो सकता है।

### कर्क राशि : हर क्षेत्र में पाएंगे सफलता

आपका पूरा दिन उत्तम रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कामकाज के सिलसिले में हर जगह से सफलता प्राप्त हो सकता है। समाज में मान-सम्मान में वृद्धि होगी और प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे। कार्यस्थल पर आपके पराक्रम में वृद्धि होने से विरोधियों का मनोबल कम होगा। शाम को आपको किसी विद्वान प्रशासक से मिलने का मौका मिल सकता है। परिवार में बच्चों और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा।

### सिंह राशि : चमक सकता है भाग्य

दिन शुभ रहेगा और सांसारिक सुख प्राप्त होगा। समाज में भी आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य चमकने के योग भी बन रहे हैं। व्यापार के मामले में नए कार्यों और खोज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जिससे जीवन में उत्साह बढ़ेगा। वहीं, घर में भी उत्सव जैसा माहौल बना रहेगा।

### कन्या राशि : काम का रहेगा प्रेशर

कार्यस्थल पर आपके ऊपर काम का प्रेशर कुछ ज्यादा रह सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा। अपने जूनियर्स से काम करवाने के लिए आपको मधुर वाणी का प्रयोग करना होगा। घर में चल रही समस्याओं को आपको संयम के साथ दूर करना होगा। इससे धीरे-धीरे आपके समाधान मिलने लगेंगे। अपने किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं।

### तुला राशि : मुश्किलों भरा रहेगा दिन

दिन मिलाजुला रहने वाला है। व्यापार के मामले में आपको जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना होगा, अन्यथा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अपने निजी जीवन की समस्याओं को व्यावसायिक मामलों में लाने से बचना होगा वरना नुकसान हो सकता है। किसी प्रियजन या जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। ऐसे में कोई भी मामला बातचीत से सुलझाना बेहतर होगा।

### वृश्चिक राशि : दिन रहेगा उत्तम

राजनीति से जुड़े किसी व्यक्ति के साथ निकटता और दोस्ती हो सकती है। उनके अनुभव से आपको लाभ भी प्राप्त हो सकता है। इससे साथियों के बीच भी आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा, विद्यार्थियों को सलाह है कि वे अपना ज्यादा समय पढ़ाई-लिखाई पर लगाएं। शाम के समय घर में पूजा व किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है।

### धनु राशि : राजनीतिक सहयोग होगा प्राप्त

कार्यस्थल पर विरोधी परास्त हो सकते हैं। राजनीतिक सहयोग प्राप्त होने की संभावना है, लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। व्यापार के मामले में आपको पैसों की लेन-देन के समय सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा नुकसान हो सकता है। शाम के समय नए संपर्क बन सकते हैं लेकिन किसी भी यात्रा के दौरान आपको सावधान रहना होगा।

### मकर राशि : अचानक धन लाभ होने के योग

आपको कोई उपहार या समाज में सम्मान प्राप्त हो सकता है। व्यापार के मामले में किसी पुरानी महिला मित्र के द्वारा आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे मन प्रसन्न रहेगा और तनाव कम होगा। नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त होगी। शाम के समय आपको अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो लाभदायक साबित होगी। प्रियजनों से भी मुलाकात होने की संभावना है।

### कुंभ राशि : आर्थिक स्थिति होगी मजबूत

संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है और धन लाभ के भी अच्छे योग बन रहे हैं। इससे आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में अपने व्यवहार और मधुर वाणी के चलते आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, दूसरों की मदद करने में भी आप सफल रहेंगे। कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा की योजना प्रबल होकर स्थगित हो सकती है।

### मीन राशि : कार्यस्थल पर होगी सराहना

कार्यक्षेत्र में काम धंधे के सिलसिले में आप ज्यादा व्यस्त रहेंगे और भागदौड़ भी देखने को मिल सकती है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से आपको सराहना मिलेगी और पिता भी आपकी तारीफ करेंगे। घर में किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन के चलते व्यस्त रह सकते हैं। लेकिन आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग और प्रेम मिलेगा।

# सावन में राम नाम लिखने का है विशेष महत्व, मिलते हैं ये चमत्कारी लाभ

सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए प्रसिद्ध है, परंतु इस माह में राम नाम लेखन का भी विशेष महत्व है। पद्मपुराण के अनुसार एक दिन पार्वती जी ने महादेव जी से पूछा, 'आप हरदम क्या जपते रहते हैं?' उत्तर में महादेव जी विष्णु सहस्त्रनाम कह गए। अन्त में पार्वती जी ने कहा, 'ये तो एक हजार नाम आपने कहे। इतना जपना तो सामान्य मनुष्य के लिए असम्भव है। कोई एक नाम कहिये जो सहस्त्रों नाम के बराबर हो और उनके स्थान में जपा जाए।' इस पर महादेव जी ने सारांश में राम का नाम बताया, राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे। सहस्त्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने।।

कहा भी गया है, 'राम राम शुभ नाम रटि, सबखन आनंद-धाम। सहस नाम के तुल्य है, राम-नाम शुभ नाम।।' धर्मशास्त्रों के अनुसार भगवान शिव प्रभु राम को बताते हैं, मुमूर्षोर्मणिकर्ण्यां तु अर्धोदकनिवासिनः। अहं ददामि ते मन्त्रं तारकं ब्रह्मदायकम्।।

अर्थात् मृत्यु के समय मणिकर्णिका घाट पर गंगा जी में जिस मनुष्य का शरीर गंगाजल में पड़ा रहता है उसको मैं आपका तारक मंत्र देता हूं, जिससे वह ब्रह्म में लीन हो जाता है। बेलपत्र पर लिखें राम का नाम – भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए बेलपत्र पर भक्त अनार की कलम और चन्दन की स्याही से भगवान श्री राम का दिव्य नाम 'राम राम' अंकित करते हैं और




भोले बाबा पर चढ़ाते हैं। मान्यताओं के अनुसार इससे बेलपत्र चढ़ाने का पुण्य एवं महत्व सहस्त्र गुणा बढ़ जाता है। सावन में किया गया राम नाम लेखन सौगुना फल देता है और यही कारण है कि अनेक साधक इस पावन मास में असंख्य बार राम नाम लिखने का संकल्प लेते हैं, ताकि जीवन में मंगल, शांति और कृपा बनी रहे। सावन माह में राम नाम को 108 के क्रम में लाल कलम से लिखने से भक्तों की मनोकामनाऐं शीघ्र पूर्ण होती है तथा अनिष्ट ग्रहों की पीड़ा से राम नाम लिखने वाला व्यक्ति अप्रभावित रहता है। राम नाम जपने, स्मरण करने और लाल स्याही से लिखने से शारीरिक और मानसिक कष्ट दूर होते हैं। दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है जो शिव सहित राम की कृपा पूरा न कर सके।

# लगने जा रहा साल का पहला और अंतिम चंद्रग्रहण

## भारत में कहां-कहां दिखेगा, जानें ग्रहण का समय और सूतक काल

इस साल का पहला और अंतिम चंद्रग्रहण लगने जा रहा है और यह भारत में भी दिखाई देगा। शास्त्रों के मुताबिक, सूर्य और चंद्रमा ग्रहण राहु व केतु के प्रभाव के चलते लगता है। इस खगोलीय घटना का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों ही में बहुत अधिक महत्व होता है। मान्यता है कि ग्रहण के दौरान धर्म-कर्म से जुड़े कार्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में ग्रहण में होने वाली घटनाओं के बारे में और इसके धार्मिक पहलू को भी विस्तार से समझाया गया है।

### साल का पहला और अंतिम चंद्र ग्रहण

चंद्रमा ग्रहण भाद्रपद पूर्णिमा को 7 और 8 सितंबर की मध्यरात्रि में संपूर्ण भारत में पूर्ण रूप से दिखाई देगा। भारत के हर क्षेत्र में 7 सितंबर, रविवार के दिन शाम को 6 बजे से 7 बजे तक चन्द्र उदय हो चुका होगा। वहीं, यह पूर्ण चंद्रग्रहण 7 सितंबर के दिन रात में 9 बजकर 57 मिनट से शुरू होगा और इसका समापन मध्य रात्रि में 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। इसका अर्थ है कि चंद्र ग्रहण की अवधि 3 घंटे 29 मिनट की होगी।

### इस ग्रहण का स्पर्श और मोक्षादि काल कुछ इस प्रकार रहने वाला है

**ग्रहण का आरंभ समय :** रात में 9 बजकर 57 मिनट पर

**ग्रहण का खग्रास (पूर्ण रुप) आरंभ :** रात में 11 बजकर 1 मिनट पर

**ग्रहण का मध्य :** रात में 11 बजकर 42 मिनट पर

**ग्रहण का खग्रास समाप्त :** रात में 12 बजकर 23 मिनट पर

**चंद्र ग्रहण पूर्ण रूप से समाप्त :** रात में 1 बजकर 26 मिनट पर



**ग्रहण का समय :** 7 सितंबर, रविवार को रात में 9 बजकर 57 मिनट से शुरू होगा और मध्य रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर इसका समापन होगा।

**ग्रहण की कुल अवधि :** 3 घंटे 29 मिनट

**ग्रहण का सूतक काल :** 7 सितंबर को दोपहर में 12 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगा। चंद्र ग्रहण के समापन के साथ ही यानी मध्य रात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर सूतक काल भी समाप्त हो जाएगा।

### कहां-कहां दिखेगा ग्रहण :

इस साल का पहला और आखिरी चंद्र ग्रहण संपूर्ण भारत में दिखाई देगा। इसके साथ ही, यह यूरोप में इंग्लैंड, इटली, जर्मनी, फ्रांस आदि में दिखाई देगा। अफ्रीका के अधिकतर देशों में इस ग्रहण का आरंभ चंद्रमा उदय होने के बाद देखा जा सकेगा। पूर्वी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी आदि में इस ग्रहण की समाप्ति चन्द्रास्त के समय देखने को मिलेगी। वहीं, भारत और पूरे एशिया में इस ग्रहण को प्रारंभ से लेकर समाप्ति तक देखा जा सकेगा।

### ग्रहण काल में इन बातों का रखें ख्याल :

चंद्रमा ग्रहण के सूतक तथा ग्रहण काल में स्नान, दान, मंत्र जाप, स्तोत्र पाठ, ध्यान आदि करना बहुत कल्याणकारी माना जाता है।


तिल, वस्त्र, अनाज, सफेद वस्त्र, मौसमी फल, चांदी और घी का दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। ग्रहण काल से पहले यानी 7 सितंबर को सूर्यास्त से पूर्व ही इन वस्तुओं को एकत्रित करके इन्हें दान करने का संकल्प ले लेना चाहिए। इसके बाद, अगले दिन यानी 8 सितंबर को सूर्योदय के समय दान करना चाहिए।

सूतक और ग्रहण काल में भगवान की प्रतिमा को स्पर्श नहीं करना चाहिए। साथ ही, इस दौरान अनावश्यक भोजन, नींद, नाखून काटना, सिलाई आदि की भी मनाही होती है।

गर्भवती महिलाओं को इस दौरान सब्जी काटना, पापड़ सेंकना आदि उत्तेजित कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। साथ ही, किसी भी नुकीली चीज को स्पर्श नहीं करना चाहिए।

# पराई चीज

## एक रात सर्कस देखने गए राहुल को रुपयों से भरा पर्स मिला, जिससे चॉकलेट और न जाने क्या-क्या खरीदा जा सकता था...।



**शहर** में हर वर्ष की तरह इस बार भी सर्कस लगा। राहुल और गौरव सपरिवार सर्कस देखने पहुंचे। सभी सर्कस का आनंद लेने के बाद घर के लिए निकले तभी राहुल को एक पर्स गेट के पास पड़ा मिला, जिसे उसने जेब में रख लिया। राहुल ने घर आकर पर्स देखा, उसमें पांच-पांच सौ के तीन नोट, सौसौ के दो नोट, पचास का एक और कुछ चिल्लर भी था। साथ ही पर्स के मालिक का पहचान पत्र भी था।

'वाह, इतने पैसे...! इनसे तो कई महीने ऐश की जा सकती है।' राहुल ने सोचा।'

'इनसे ढेर सारी चॉकलेट लूंगा। खुद तो खाऊंगा दोस्तों को भी दूंगा तो अपनी धाक जमेगी।' फिर सोचने लगा, 'पर इसे छुपाकर रखूं कहां?'

राहुल असंमजस में पड़ गया। सोच विचार करके आखिर उसने पर्स को अपने सिरहाने के नीचे रख लिया, पर उसे रात भर नींद नहीं आई।

उसके दिल से आवाज सुनाई दी, 'अगर इस पर्स की जगह पापा का पर्स होता तो? वह कितने परेशान होते? ऐसे ही वो भी अंकल परेशान हो रहे होंगे।'

रातभर इस उधेड़बुन में वह सो न सका। सुबह होते ही मम्मी के पास गया और बोला, 'मम्मी, मैं आप से एक बात कहना चाहता हूं।'

'बोलो बेटा।' मम्मी ने कहा।

'मुझे सारी रात नींद नहीं आई मम्मी। रात में सर्कस से आते हुए मुझे एक पर्स मिला, जिसे मैंने उठाकर रख लिया है।'

'फिर ?'

'पर्स में बहुत सारे पैसे हैं। पहले तो उन पैसों को खुद पर खर्च करने का सोचा था, पर रातभर नींद नहीं आई। आप ही रखिए इसे।'

इतनी बात कह कर राहुल ने पर्स मम्मी को थमा दिया।

मम्मी ने पर्स खोल कर देखा। रुपये और अन्य कागजात थे उसमें।

मम्मी ने उसे कहा, 'बेटा, ये आपके पैसे नहीं थे न, इसलिए आपको नींद नहीं आई। ये पैसे हैं बलकार सिंह, ओहदा क्लर्क, निवासी....।'

'मम्मी, मैं चाहता हूं कि हम इस व्यक्ति को पर्स देने के लिए उन्हें घर पर बुलाएं।'

'नहीं, नहीं। मैं और पापा दे आएंगे।'

'ठीक है।' कहकर राहुल अपने कमरे में पढ़ने के लिए चला गया। पर उसका मन पढ़ने में नहीं लग रहा था, तो बोला 'मम्मी, पापा तो अभी दो घंटे के बाद आएंगे। चलो हम दोनों दे आते हैं न पर्स।'

'अच्छा, चलो चलते हैं। बात भी सही है, वे लोग परेशान भी हो रहे होंगे।'

कुछ ही देर में वो लोग पर्स वाले व्यक्ति के घर पहुंच गए। डोर बैल बजाने पर जिस व्यक्ति ने दरवाजा खोला, वह वही पर्स वाला व्यक्ति ही था। राहुल और मम्मी ने उसे झट पहचान लिया।

उस व्यक्ति ने राहुल और उसकी मम्मी को बड़े आदर के साथ डायनिंग हॉल में बैठाया। उनसे परिचय करने को ही हुआ था कि राहुल ने झट से पूछ लिया, 'अंकल जी, आपका कुछ गुम तो नहीं हुआ?'

'मेरा?...हां हां। कल मेरा पर्स कहीं गिर गया। काफी खोजने पर भी नहीं मिला। उसमें रुपयों के अलावा मेरे कुछ जरुरी कागजात थे।'

राहुल ने झट अपनी जेब से पर्स निकाला। उनको थमाता हुआ बोला, 'कहीं यही तो नहीं है आपका पर्स ?''

वो सज्जन खुशी से उछल पड़े, 'अरे वाह वाह। यही है। धन्यवाद बेटा। कहां से मिला था आपको यह?'

राहुल और उसकी मम्मी ने सब कुछ बताया।

'बेटा, आज के जमाने में तुम्हारे जैसे ईमानदार बच्चे भी हैं। ये लो पांच सौ रुपए। तुम्हारा इनाम।''

'अंकल जी, माफ मरना। इन रुपयों पर मेरा कोई हक नहीं है। चाहता तो मैं ये पूरा पर्स ही आपको न लौटाता, लेकिन मुझे इस तरह मिले रुपयों की ज़रूरत नहीं है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आप का पर्स आपके पास आ गया है।'

उस आदमी ने राहुल को प्यार से गले लगा लिया और अपने घर से एक सुंदर तोहफा देकर उसे विदा किया। घर आते समय राहुल को बड़ा अच्छा महसूस हो रहा था, मानों कितना भारी बोझ उसके सिर से उतर गया हो।

शाम को पापा घर आए। उन्हें सारी बात बताई। पापा ने राहुल को शाबाशी दी और बोले, 'पराई चीज मन का चैन खो देती है। तुमने अंकल को उनका पर्स लौटा कर अच्छा किया है।'

उस रात राहुल को बहुत अच्छी नींद आई।

## कविता

### फोन की घंटी

ट्रिन-ट्रिन-ट्रिन-ट्रिन बज गई घंटी,
सुन कर दौड़ के आया बन्टी।

फोन उठा कर बोला हैलो,
आओ मेरे संग में खेलो।

आगे थे पापा के बॉस,
करनी थी कुछ बातें खास।

बॉस तो पूरे गुस्से में थे,
उनको तो बस लड़ना ही था।

पर जब सुना बंटी को ऐसे,
भाग गया सब गुस्सा जैसे।

बोला, बेटा तुम आ जाओ,
पापा को भी साथ में लाओ।

हम तीनों मिलकर खेलेंगे,
तुमको आइसक्रीम भी देंगे।

खुश हो गए सारे ही सुनकर,
बंटी खुश अंकल से मिलकर।





## अंतर ढूढो

यहां आपको एक जैसी दो तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। पहली बार देखने में तो आपको अंतर समझ में नहीं आएगा, लेकिन जरा गौर से देखने पर आपको आठ अंतर दिखाई देंगे। तो जमाइए नजरें और खोज निकालिए वे आठ अंतर...






## जाने ये भी

## बताओ तो जाने!

1. ब्लैकबेरी फोन की निर्माता कंपनी कौन-सी है?
2. आइसक्रीम कैपिटल ऑफ इंडिया भारत के किस शहर को कहते हैं?
3. रमन मैग्सेसे अवार्ड पाने वाले प्रथम भारतीय कौन थे?
4. सांप सूंघने के लिए अपने शरीर के किस भाग की मदद लेते हैं?
5. भारतीय रेल में प्रथम पूर्णतया ए.सी ट्रेन कौन सी चली थी?
6. भारत रत्न से सम्मानित प्रथम व्यक्ति कौन थे?
7. सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी का नाम बताएं।
8. पीपली लाइव फिल्म के निर्देशक का नाम बताएं।
9. पहली भारतीय महिला कैबिनेट मंत्री कौन थी?
10. टी.वी. पर प्रसारित होने वाले प्रथम भारतीय सोप ओपेरा कौन-सा है?
11. भारत में पहली जनगणना कब की गई थी?
12. चंदौली नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
13. भारत में वन संरक्षण अधिनियम कब लागू किया गया था?
14. वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स कांउसिल का मुख्यालय कहां है?
15. राज्यसभा में पहली बार किस न्यायाधीश के विरूद्ध महाभियोग प्रस्ताव पारित हुआ?

उत्तर-1.रिम (reasearch in motion) RIM 2.अहमदाबाद 3. विनोबा भावे 4. जीभ 5. राजधानी एक्सप्रेस 6. सी.राजगोपालाचारी 7. सचिन तेंदुलकर 8. अनुषा रिजवी 9. राजकुमारी अमृत कौर 10. हम लोग 11. 1872 में 12. महाराष्ट्र 13. वर्ष 1980 14. जिनेवा 15. सौमित्र सेन

## क्यों आता है तूफान



**जब** नमी से भरी हुई ढेर-सी गर्म हवा तेजी से ऊपर की ओर उठती है तब तूफान आते हैं। तुमने तूफान की शुरुआत से पहले हवा को तेज होते हुए देखा होगा। जब बादल को बड़े होते जाते हैं और गहरे होते हुए आसमान में अंधेरा छाने लगता है। ये तूफान के लक्षण हैं। बादलों के अंदर पानी के कण तेजी से घूमते हैं और आपस में टकराते हैं, जिससे बिजली पैदा होती है। बिजली पैदा होने का काम तब-तक चलता रहता है जब तक वह बड़ी-सी चिंगारी बनकर एक बादल से दूसरे बादल तक होती हुई धरती तक जोरदार चमक बन कर कौंध नहीं जाती।

# तेनालीराम का हिस्सा

## तेनालीराम अपनी हाजिरजवाबी के लिए जाने जाते हैं। ऐसा ही एक और किस्सा है तेनालीराम के पिटारे से...तो पढ़िए जरा क्या है पूरा माजरा!

**विजय** नगर के राजा कृष्णदेवराय जब युद्ध में विजयी होकर लौटे तो उन्होंने सभी दरबारियों को एक शानदार दावत दी और महल के एक कोने में नाना प्रकार के उपहारों का ढेर लगा दिया। उन्होंने दरबारियों से कहा कि दावत के बाद उपहारों के ढेर में से जिसको जो चीज पसंद आए, ले जाए।

दरबारियों ने राजा की आज्ञा का पालन किया। इत्तफाक से उस दिन तेनालीराम दारबार में विलंब से उपस्थित हुए। उपहार भी लगभग समाप्त हो चुके थे। मात्र चंदी की एक तश्तरी बची थी।

दरबार में उपस्थित होकर तेनालीराम ने देर से पहुंचने के लिए राजा से क्षमा मांगी और दावत उड़ाने लगा। जब दावत खा चुका तब दरबारियों में से एक ने तश्तरी की ओर इशारा करते हुए व्यंग्यात्मक लहजे में तेनालीराम से कहा, यह तुम्हारा हिस्सा है। तेनालीराम ने वह तश्तरी उठा ली और अपने अंगरखे में छिपा ली। राजा ने तेनालीराम को ऐसा करते देखकर पूछा, तेनाली! तुमने यह तश्तरी अंगरखे में क्यों छिपा ली? सबकी तरह तुम भी इस उपहार को खुले में लेकर जाओ।

इस पर चतुर तेनालीराम ने कहा, महाराज! आज तक मैं दरबार से थाली भरकर उपहार लेकर जाता रहा हूं। लेकिन इस तश्तरी को खाली ले जाते वक्त मुझे आपकी इज्जत का ख्याल रहेगा। क्योंकि लोग कहेंगे कि तेनालीराम को राजा ने एक तश्तरी दी और वह भी खाली। इसीलिए मैंने इसे मैंने इसे अपने अंगरखे में छिपा लिया है।

तेनालीराम की बुद्धिमत्ता से राजा कृष्णदेवराय बहुत प्रसन्न हुए और अपने गले में पड़ा मुक्ताहार उतारकर उसकी तश्तरी में डाल दिया।



## चुटकुले

**ग्राहक**- एक किलो गाय का दूध देना।
**दुकानदार**- अरे, तुम्हारा बर्तन तो बहुत छोटा है।
**ग्राहक**- ठीक है, तो बकरी का ही दे दो।



**अध्यापक ने राजू की कॉपी चैक करने के बाद पूछा**-तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**राजू ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया**- क्योंकि मैं हॉस्टल में रहता हूं।

**विदेश यात्रा से लौटकर आए मयंक ने अपने दोस्त से पूछा**- यार, क्या मैं विदेशी जैसा दिखता हूं?
**दोस्त**- नहीं तो!
**मयंक**- तो फिर लन्दन में लोग क्यों पूछ रहे थे कि मैं विदेशी हूं या नहीं?

**डॉक्टर( चिंटू से )**- किसके लिए चश्मा बनवाना चाहते हो?
**चिंटू**- मास्टर जी के लिए। मैं उन्हें गधा दिखाई देता हूं।

**पिता ( पुत्र से )**- क्या तुमने कभी नींद में कोई ऐसा काम किया है, जिससे मेरा सिर ऊंचा हुआ हो?
**पुत्र**- याद करके, हां पापा एक बार मैंने आपके सिर के नीचे 3 तकिए रखे थे।

**अध्यापक( छात्र से )**- पूरा सिलेबस याद है?
**छात्र**- मैडम, मैं जैसे ही पढ़ने बैठा तो लाइट चली गई, बाद में मैं इस डर से पढ़ने नहीं बैठा की कहीं मेरी वजह से फिर लाइट न चली जाए।

**मां ( बेटे से )**- उठ जा कम्बख्त देख सूरज कब का निकल आया है।
**बेटा ( मां से )**- तो क्या हुआ मां, वो सोता भी तो मुझ से पहले है।

## रंग भरो

हैलो दोस्तो, मैं हूं एन्ड्रीलिना। मैं अपने घर का सारा काम करती हूं और वो भी फटाफट। तीन टी-सेट को एक साथ पकड़ सकती हूं। रंगों के बिना ये जरा जंच नहीं रहे। आप रंग भर कर तो देखिए...



## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आप की सहकर्मी के साथ लोकप्रियता बढेगी । व्यावसायिक रूप से चीजें ठीक ठाक चलेगी आपकी प्रगति होगी. आपकी आमदनी बढ़ेगी और आपको आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नये रास्ते बनेंगे . भाई–बहनों मे संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे. परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा की योजना बन सकती है. आपका पारिवारिक–जीवन आनंदमय और खुशहाल रहेगा । हल्का और तंद–रुस्ती वाला भोजन करें स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप शिव पंचाक्षर मंत्र का जप करें । आप का दिन पाजिटिव रहेगा । आज आपके पहले किये गये प्रयास सफल होंगे अगर आप बिज–नेसमैन है तो मेहनत ज्यादा करनी पडेगी। परिवार वालो के साथ समय बिताए उत्साह पूर्ण माहौल रहेगा. छात्रों के लिये आज का दिन ठीक है. कुछ ना कुछ नया सिखने को मिलेगा. आप को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा. शारीरिक रुप से आप फिट रहेगें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आज परिवार की सभी जरूरी और आवश्यक बातो पर गंभीर रुप से विचार करना चाहिए । परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. बिजनेस में बढ़ोतरी के लिये नए मौके मिल सकते हैं. मित्र और सम्बन्धी आप की मदद कर सकते हैं आप को लाभ पहुचा सकते हैं जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा. पति–पत्नी के बीच आपसी तालमेल बना रहेगा. भाइयों का सहयोग मिलेगा. संतान के कार्यों से आप पूर्ण सन्तुष्ट रहेंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आप को योग एवं प्राणायाम करते रहना चाहिए आप का कोई पुराना रोग परेशान कर सकता हैं पेट , कमर से जुडा मरज आप के व्यवस्थित जीवन को अस्त व्यस्त कर सकता हैं ।आर्थिक रुप से कमजोरी के कारण आप को कर्ज की रकम लेनी पड सकती हैं कार्यस्थल पर आप को सदैव अपने सहकर्मियों का समर्थन लेने के लिए मृदु भाषी होना पडेगा अगर आप प्रॉपर्टी–डीलर है या कन्स्ट्रक्शन का कार्य करते है तो सभी दस्तावेजों को गौर करके ही आगे बढाना चाहिए ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज पहले जो जरूरी खास काम है उस को पूरा करने की कोशिश करें। अपने काम मे फुर्ती दिखाए आप ईनाम के हकदार होंगे। छात्रों को कम मेहनत करने पर भी प्रबल भाग्य के बल पर सफलता हासिल हो सकती है. विवाहित जोडें आज एक दूसरे की भावनाओं को समझे और एक दूसरे की मन की बात जानने की कोशिश करें, रिश्तों में मधुरता बढेगी. अगर आप किसी निजी समस्या से परेशान चल रहे हैं तो, उससे निजात पाने के लिये कोई ठंडा स कदम उठाना पडेगा जिससे आपकी मुश्किल आसान हो सकती है.स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आप के लिए जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसानदेह साबित हो सकता हैं , इसलिए सोच विचार करके ही नतीजे पर पहुंचे ताकि जिन्दगी में आगे आपको पछताना न पड़े. जैसे जैसे समय बितता जाएगा वित्तीय तौर पर सुधार आएगा.पारिवारिक सदस्य की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की ज़रूरत पडेगी. परन्तु सुधार जल्दी ही देखने को मिलेगा । जमीन का सौदा करना अभी के समय मे लाभकारी हैं दूसरे को खुश करने के लिए खुद को तनाव से न थकाएँ. थकान को दूर करने के लिए मैडिटेशन करते रहें।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज पुरानी परियोजनाए जल्दी ही अपने अन्तिम रुप मे पहुंचेगी आपको विभिन्न निवेश से लाभ प्राप्त हो सकता है. आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं और आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं. आप एक समृद्ध और सुखी पारिवारिक जीवन जिएंगे, परिवार में उत्सव हो सकता है. आपके बच्चों का प्रदर्शन आपके मन में गर्व और खुशी की भावना पैदा करेगा. आज मौसम सम्बन्धित बिमारी घर के सदस्यों को परेशान कर सकती हैं , आयुर्वेदिक वस्तुओं का इस्तेमाल करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज भैरव मंदिर के दर्शन करें तेल का दीपक प्रज्वलित करें, अटके हुए कोर्ट–कचहरी के मामलें सुलझ सकते हैं . कुछ लोगों का व्यवहार आज आपकी समझ से बाहर रहेगा. जरुरत पड़ने पर साथ के कुछ लोग आपकी मदद नहीं करेंगे. ऐसी स्थितियों में पुराना घनिष्ठ मित्र जरूर याद आएगा ज्यादातर समय बच्चों का घर पर बितेगा, और उनसे कुछ बातें करेंगे. आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी. घर का माहौल खुशनुमा रहेगा. अचानक धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा.स्वास्थ्य अच्छा रहेगा ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज का दिन कुछ तकलीफ़े ला सकता हैं आपकी मुल–ाकात ईष्ट मित्रों से हो सकती है। किस्मत का साथ मिलेगा। घर परिवार में किसी सदस्य को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझना पड सकता है। इलाज में खर्च ज्यादा होने की संभावना है। दूसरों की मदद कर सकते हैं।अपनी दिनचर्या में बदलाव लाना होगा जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक बना रहे। अपरिचित लोगों से वार्ता नही करना चाहिए ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज हनुमान मंत्र का जप करें ।तेल से अभिषेक करना चाहिए परन्तु आज का दिन व्यस्तता में बीतेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में निराशाजनक परिणाम प्राप्त होंगे। आपको परिवार का सहयोग प्राप्त नही मिल पायेगा। कार्य क्षेत्र में भी नुकसान उठाना पड सकता है। प्रभु की आराधना करने से मानसिक शांति मिलेगी। आपकी किसी समस्या का समाधान होगा। युवाओं को नौकरी मिल सकती है। कुसंगति को छोड़ें। निवेश के अवसर आएंगे। छात्रों को सफलता निश्चित हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज का माहौल खुशनुमा रहेगा पारिवारिक सुख शांति भी रहेगी। आज का दिन ठीक रहेगा। वाहन चलाते समय सावधान रहें। कोई अप्रिय घटना हो सकती है। आज धार्मिक कार्यों में आपका धन खर्च होगा। आज सेहत को लेकर आप चिंतित रहेंगे। जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे कुछ भूल हो सकती है। आपको विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। किसी से विवाद हो सकता है। घनिष्ठ मित्रों के साथ समय व्यतीत करना चाहिए।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज भाग्य प्रबल हैं कर्मो के आधार पर निश्चित ही सफलता मिलेगी किस्मत का साथ मिलेगा। किसी से विवाद होने के बाद मन में नकारात्मक सोच ज्यादा रहेगी। स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन दिखाई देगा। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा दिन है। बुजुर्गों को सेहत से जुड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको निवेश पर अच्छा फायदा मिलेगा । छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। भोजन बहुत ही हल्का करें स्वास्थ्य एकदम चुस्त दुरुस्त रहेगा।

## आज का पंचांग

दिनांक : 27 जुलाई 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : श्रावण , शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 10:44 तक
नक्षत्र : मघा सायं 04:24 तक
योग : वरियान रात्रि 03:13 तक
करण : तैतिल प्रात: 10:39 तक
चन्द्रराशि : सिंह
सूर्योदय : 05:53 , सूर्यास्त 06:51 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:04 , सूर्यास्त 06:48 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:41 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:46 , सूर्यास्त 06:41 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : मधुश्रवा हरीयाली तीज,
गण्डमूल सायं 04:24 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लु महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### सीएम भजनलाल शर्मा का महत्वपूर्ण निर्णय

# राजकीय संस्थानों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी भवनों की होगी मरम्मत

**जयपुर, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़ जिले के पीपलोदी ग्राम के राजकीय विद्यालय में हुई हृदय विदारक घटना को संज्ञान में लेते हुए जीर्ण-क्षीर्ण, मरम्मत योग्य राजकीय संस्थानों, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत संबंधी कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने डांग, मगरा, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना के तहत इन संस्थानों और भवनों की मरम्मत हेतु अनुमत राशि को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का निर्णय किया है।

इसी प्रकार अब विधायक भी स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत किसी भी योजना से निर्मित राजकीय संस्थानों, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत संबंधी कार्यों के लिए अपने वार्षिक आवंटन की 20 प्रतिशत राशि की अनुशंसा कर सकेंगे। पहले एमएलए-लेड में निर्मित भवनों की मरम्मत का कार्य ही इस कोष से करवाया जा सकता था। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सभी विधायकों से पुराने और जर्जर सरकारी स्कूलों के भवनों की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए प्राथमिकता से राशि की अनुशंसा करने का आग्रह किया है। इससे राजकीय संस्थानों, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के भवनों का सुदृढ़ीकरण हो सकेगा तथा भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सकेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट में बिना भवन के और जर्जर विद्यालयों के नवीन भवनों के निर्माण और मरम्मत के लिए 375 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को भी 3 करोड़ रुपये मरम्मत कार्यों के लिए दिए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत सरकारी स्कूलों, राजकीय संस्थानों और आंगनबाड़ी भवनों के मरम्मत कार्य करवाए जा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर उच्च स्तरीय बैठक कर जिला कलेक्टर्स एवं संबंधित विभागों को स्कूलों, अस्पतालों सहित सभी सरकारी इमारतों का तत्काल निरीक्षण कर मरम्मत कार्य करवाने के निर्देश दिए थे। साथ ही, विशेषज्ञों की एक समिति गठित कर 5 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देशित किया।



### जयपुर में बम धमकी से हड़कंप

# सीएमओ और एयरपोर्ट को उड़ाने की ईमेल से चेतावनी, पुलिस-एजेंसियां अलर्ट पर

**जयपुर, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** राजधानी जयपुर एक बार फिर बम धमकी के चलते सतर्कता के मोड पर आ गई है। शनिवार को जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें दावा किया गया कि 1-2 घंटे के भीतर मुख्यमंत्री कार्यालय और एयरपोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा।

इस चेतावनी के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। जयपुर एयरपोर्ट पर बम स्क्वॉड, पुलिस, फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की टीमें सक्रिय हो गईं और पूरे परिसर की सघन तलाशी शुरू की गई। वहीं, मुख्यमंत्री कार्यालय पर भी एंटी-साबोटाज स्क्वॉड और स्थानीय पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है।

यह पहली बार नहीं है जब जयपुर में इस तरह की धमकियां सामने आई हैं। बीते कुछ हफ्तों में शहर के स्कूलों, मेट्रो स्टेशनों, अदालतों और स्टेडियमों को लेकर भी बम से उड़ाने की चेतावनियाँ दी जा चुकी हैं। 5 दिन पहले, माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिसके चलते 3,500 बच्चों को एहतियातन स्कूल से बाहर निकाला गया था।30 मई को मानसरोवर मेट्रो स्टेशन, जयपुर मेट्रो कोर्ट और फैमिली कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

8 से 13 मई के बीच सवाई मानसिंह स्टेडियम को उड़ाने की तीन अलग-अलग ईमेल धमकियाँ आईं थीं।9 मई को ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में जयपुर मेट्रो स्टेशन और ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई थी। अब तक जांच एजेंसियों को किसी भी धमकी में कोई विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन बार-बार मिल रही धमकियाँ सुरक्षा तंत्र के लिए बड़ी चुनौती बन गई हैं। साइबर सेल अब इन ईमेल्स की ट्रैकिंग और सोर्स की जांच में जुटी है।लगातार मिल रही इन धमकियों ने अब एक बड़े साइबर प्लान या किसी सुनियोजित मानसिक खेल की आशंका को जन्म दिया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि कहीं यह सब सिस्टम को पंगु करने की साजिश तो नहीं।'सुरक्षा एजेंसियों ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। वहीं, राजधानी की सुरक्षा को लेकर प्रशासन अब और भी कड़े प्रोटोकॉल लागू करने की तैयारी में है।

# स्कूल, छात्रावास, कॉलेज, राजकीय भवनों, सड़कों एवं पुलियाओं की सुरक्षा समीक्षा के लिए स्थायी समितियों का गठन

**जयपुर, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार ने राजकीय स्कूलों, छात्रावासों, कॉलेजों, चिकित्सा भवनों, अन्य राजकीय भवनों, सड़कों व पुलियाओं की सुरक्षा समीक्षा के लिए विशेष स्थायी समितियां गठित की है। ये समितियां प्रत्येक वर्ष 15 जून से पहले असुरक्षित भवनों एवं पुलों का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगी। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने इन समितियों के गठन के संबंध में आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री शर्मा ने शुक्रवार को पीपलोदी हादसे के तुरंत बाद एक उच्चस्तरीय बैठक ली थी। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना में राजकीय भवनों की सुरक्षा आकलन एवं विशेष मरम्मत के लिए राज्य स्तर पर स्थायी समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग होंगे। इसके साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा अथवा प्रतिनिधि संयुक्त शासन सचिव स्तर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण एवं पंचायती राज अथवा प्रतिनिधि संयुक्त शासन सचिव स्तर, प्रमुख शासन सचिव ऊर्जा विभाग, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शासन सचिव नगरीय विकास एवं आवासन, शासन सचिव शिक्षा विभाग, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग, शासन सचिव कृषि विभाग एवं वित्त विभाग के प्रतिनिधि इस समिति के सदस्य होंगे।

यह समिति राज्य के सभी स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कार्यालय, सड़कों एवं पुलों का समयबद्ध सुरक्षा अंकेक्षण करवाने, जर्जर एवं असुरक्षित भवनों का चिन्हिकरण कर ध्वस्त कराने, असुरक्षित भवनों की विशेष मरम्मत हेतु तकमीना तैयार करवाने एवं वित्त उपलब्ध कराने से संबंधित समीक्षा कर दिशा-निर्देश देगी। साथ ही यह समिति विशेष मरम्मत हेतु प्रत्येक वर्ष वित्तीय एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराते हुए तथा प्रतिवर्ष जून माह से पूर्व सभी राजकीय भवनों की मरम्मत कर सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी समीक्षा करेगी। यह समिति राजकीय भवनों की सुरक्षा एवं जनहानि रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों एवं निर्देशों की प्रतिमाह समीक्षा भी करेगी। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी स्थायी समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला कलक्टर अध्यक्ष होंगे। समिति में सदस्य के रूप में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला कलक्टर द्वारा नामित अन्य आमंत्रित अधिकारी शामिल होंगे।



# मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में लाया जाएगा विविधिकरण: टी. रविकान्त

**जयपुर, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि खान एवं भूविज्ञान विभाग की सभी सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाईन लाया जाएगा। मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में इस तरह से कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि प्रधान खनिजों की नीलामी में विविधिकरण लाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस समय लाइमस्टोन के ही सर्वाधिक ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है जबकि राजस्थान में अन्य मेजर मिनरल के भण्डार भी उपलब्ध है। उन्होंने राजस्व संग्रहण में समग्र प्रयास करने के निर्देश दिए और पुरानी बकाया वसूली पर जोर देना होगा।

प्रमुख सचिव माइंस शनिवार को उदयपुर खनिज भवन में निदेशक दीपक तंवर के साथ वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा माईनिंग प्लान व नोड्यूज ऑनलाईन जारी करने के निर्देशों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे है। चरणबद्ध तरीके से खान विभाग की सेवाओं को ऑनलाईन मोड पर लाया जाएगा।

### सीईटी परीक्षाः नूंह में एचएसएससी चेयरमैन ने किया केंद्रों का निरीक्षण, बोले

# पारदर्शिता और निष्पक्षता से हो रही

**नूंह, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने आज जिला नूंह में सीईटी परीक्षा-2025 के पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोहराया कि यह परीक्षा पूरे प्रदेश में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सुचारू रूप से आयोजित की जा रही है, जिससे योग्य उम्मीदवारों को रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। चेयरमैन हिम्मत सिंह ने पुलिस लाइन नूंह स्थित डीएवी स्कूल और राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल-1 नूंह का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में करीब 13.50 लाख अभ्यर्थी सीईटी परीक्षा दे रहे हैं और सरकार व आयोग ने परीक्षार्थियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं जैसे निशुल्क ट्रांसपोर्ट, अस्थाई आवास आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की हुई है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा कर्मचारी आयोग और सरकार ने उनकी सुविधा के लिए अधिकतम प्रयास किए हैं। निरीक्षण के दौरान हिम्मत सिंह ने परीक्षार्थियों से भी बातचीत की, जिस पर परीक्षार्थियों ने सीईटी परीक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि नूंह में सीईटी परीक्षा पहली बार आयोजित हो रही है और जिला प्रशासन ने भी इसके सुचारू संचालन के लिए सभी अच्छे प्रबंध किए हुए हैं। अभ्यर्थियों के लिए परिवहन व्यवस्था, ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था सहित बस स्टैंड से परीक्षा केंद्रों तक शटल बस सेवा का भी प्रबंध किया गया है। प्रवेश पत्र जारी न होने से संबंधित एक सवाल पर चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों के आवेदन में विभिन्न प्रकार की कमियां थीं, खासकर हस्ताक्षर न होने के कारण, उन्हें प्रवेश पत्र जारी नहीं किए गए।

उन्होंने इस पर अफसोस व्यक्त किया, लेकिन कानूनी संवेदनशीलता का हवाला देते हुए कहा कि बिना हस्ताक्षर के कागजात की कानूनी वैधता नहीं बनती। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ऐसे अभ्यर्थी भविष्य में आवेदन करते समय ऐसी पुनरावृत्ति नहीं करेंगे।



# हरियाणा में अपराधी बेखौफ और भाजपा सरकार बेबस है : दीपेन्द्र हुड्डा

**चंडीगढ़, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा की ध्वस्त कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि हरियाणा में अपराधी बेखौफ और सरकार बेबस है। दनादन हो रही फायरिंग, हत्या, फिरौती की वारदातों से पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल है। हरियाणा अपराधियों की शरणस्थली बन चुका है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि अपराध रोक पाने में सरकार लाचार है या उसका अपराधियों को खुला संरक्षण मिल रहा है। क्योंकि, अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि जींद में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के बेटे और प्राइवेट अस्पताल संचालक डॉक्टर समेत तीन डॉक्टरों पर जानलेवा हमला हुआ, जिसमें बीजेपी नेता के डॉक्टर पुत्र की मौत हो गई है और दो अन्य डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हैं। अकेले जींद में पिछले डेढ़ महीने में हत्या की 17 वारदात हो चुकी है।

पूरे प्रदेश में गुंडागर्दी का ये आलम है कि बदमाशों की धमकी से डरकर 12 जिलों में 300 शराब ठेकों की नीलामी के लिए कोई ठेकेदार ही नहीं आया। इससे साबित होता है कि हरियाणा में अब सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि इसी साल फरवरी में 7 राज्यों के डीजीपी की एक बैठक में हरियाणा एसटीएफ ने खुलासा किया था कि राज्य में 80 से अधिक संगठित आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिनमें कई के विदेशी संपर्कों की बात सामने आई है। ये गैंग दुबई, पाकिस्तान, आर्मेनिया, थाईलैंड, अमेरिका, पुर्तगाल और कनाडा सहित अन्य विदेशी जगहों से आपराधिक गतिविधियां चला रहे हैं।



# कल मनाया जाएगा भव्य तीज महोत्सव

## मुख्यमंत्री सैनी होंगे मुख्य अतिथि

**अंबाला, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** हरियाणा में पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ 28 जुलाई, सोमवार को तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रंग-बिरंगे झूले, लोकगीत और पारंपरिक पकवान इस पर्व की रौनक बढ़ाएंगे। महिलाएं विशेष रूप से इस त्योहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह अंबाला में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज व महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी भी उपस्थित रहेंगी। इसी दिन हर जिले में तीज महोत्सव के आयोजन होंगे, जिनमें राज्य के कैबिनेट मंत्री स्थानीय स्तर पर मौजूद रहेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार सिरसा में आयोजित समारोह में शामिल होंगे, जबकि उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह रेवाड़ी में, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा फतेहाबाद में, राजस्व मंत्री विपुल गोयल झज्जर में, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सोनीपत में और जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा हिसार में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके अतिरिक्त, सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भिवानी में तथा स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव नारनौल में आयोजित कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगी।

### हरियाणा के हर जिले में प्रवास करेंगे सीएम नायब सैनी

# लोगों की शिकायतें सुनेंगे, विकास पर भी चर्चा करेंगे

**चंडीगढ़, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** भाजपा की छोटी टोली की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर हुई, जिसके बाद हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगामी प्रवास कार्यक्रमों की घोषणा की। बड़ौली ने बताया कि मुख्यमंत्री अब प्रदेश के हर जिले का दौरा करेंगे, जहाँ वे लोगों की शिकायतें सुनेंगे और कार्यकर्ताओं व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलकर जिला व प्रदेश के विकास पर विस्तृत चर्चा करेंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता और सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे।

छोटी टोली की इस बैठक में सरकार और संगठन के समन्वय से नॉन स्टॉप सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की योजना, रचना और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने जैसे अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश में चल रही सीईटी की परीक्षा को लेकर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में लगभग 13.5 लाख परीक्षार्थी सीईटी की परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने हरियाणा की नायब सरकार द्वारा परीक्षार्थियों के लिए की गई पूरी तैयारी और अच्छी व्यवस्थाओं की सराहना की।



# उन्नाव में देश की पहली एआई यूनिवर्सिटी का लोकार्पण

# जो समय से तेज चलेगा वही जीतेगा, 8 साल पहले कोई निवेश नहीं करना चाहता था : सीएम योगी

**उन्नाव, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** याद करिए 8 साल पहले कोई उत्तर प्रदेश में निवेश नहीं करना चाहता था। कोई सुरक्षित नहीं था न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। उपद्रव के माहौल में बेहतर भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता। आज हमने प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया है कि लोग यहां आ रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में देश की पहली एआई यूनिवर्सिटी का लोकार्पण करने के बाद मंच से संबोधित किया।

सीएम ने कहा कि कोई भी यूनिवर्सिटी, सोसायटी या देश हो जो समय से तेज चलेगा वही प्रगति के द्वार खोलेगा। सीएम ने चांसलर सतनाम सिंह संधू और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। बोले शिक्षा में नई क्रांति लाने वाली यूनिवर्सिटी उन्नाव वासियों को मिली है।

भाषण के दौरान सीएम का माइक करीब 1 मिनट के लिए बंद हो गया। सही होने के बाद दोबारा भाषण शुरू हुआ। चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि पिछले 7-8 सालों में उत्तर प्रदेश ने अद्भुत विकास किया है। वहीं, पाकिस्तान को चुनौती देते हुए बोले कि बॉर्डर पर बैठे हैं सरदार..सुधर जा पाकिस्तान नहीं तो ठोकेंगे बार-बार।

सीएम ने कहा कि ये छात्र सौभाग्यशाली हैं, जिन्होंने पहले साल में एडमिशन लिया है। हमारी सरकार ने 2020 में एक व्यवस्था बनाई कि हम डिजिटली सक्षम बनाने के लिए युवाओं को टेबलेट या स्मार्टफोन देंगे। अब तक 60 लाख युवाओं को सुविधा दी है और 2 करोड़ का लक्ष्य है। उप्र का युवा प्रतिभा और ऊर्जा से भरपूर है।

उन्होंने छात्रों से कहा जहां अनुशासन खत्म होता है वहां दुस्साशन शुरू होता है। दुस्साशन महाभारत का कारण बनता है और महाभारत सिर्फ विनाश लाता है।

एक संस्कारवान युवा ही देश के विकास में सहायक होता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं को केवल डिग्री तक सीमित न रखें, बल्कि राष्ट्र निर्माण के एक जिम्मेदार घटक के रूप में खुद को विकसित करें।

याद करिए 8 साल पहले कोई उत्तर प्रदेश नहीं आना चाहता था। कोई सुरक्षित नहीं था न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। उपद्रव के माहौल में बेहतर भविष्य का निर्माण नहीं हो सकता। भविष्य के सुनहरे सपने नहीं बुने जा सकते। इसके लिए उमंग का माहौल बनाना पड़ेगा। हमें उसके लिए बेहतरीन कानून चाहिए। आज प्रदेश में वैसा ही सुरक्षित माहौल है। आज उसी का परिणाम है कि 45 लाख करोड़ के निवेश मिले हैं। 15 लाख करोड़ के प्रस्ताव को जमीन पर उतारा गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के पहले भारत ग्लोबल इन्वेस्टर्स इंडेक्स में 76वें स्थान पर था, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2024 में 39वें स्थान पर पहुंच गया है। यह भारत की वैश्विक साख और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

पूरी दुनिया सदी की सबसे बड़ी महामारी की चपेट में थी तब हमने पीएम के नेतृत्व में देश के अंदर नेशनल एजूकेशन सिस्टम को लागू करने की तैयारी चल रही थी और उसे लागू भी कर दिया गया। हर जिले में एजूकेशन सिस्टम में अच्छी रैंकिंग लेने के लिए एक नई प्रतिस्पर्धा शुरू हुई है। यूपी के दो विवि को ए प्लस रैंकिंग मिली है।

उन्नाव की जब हम बात करते हैं तो इसे साहित्यिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक द्रष्टि से कलम और कौशल के लिए जाना जाता है। इस जिले को मां गंगा के आशीर्वाद और चंद्रिका देवी मंदिर जैसी पावन धार्मिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने राजा राव राम बक्श सिंह को श्रद्धा-पूर्वक याद करते हुए कहा कि यह वही धरती है जहां से ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांति की ज्वाला फूटी थी।



सांसद साक्षी महाराज ने चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर सीएम को देकर मंच पर स्वागत किया। लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 2500 करोड़ रुपये की लागत से 63 एकड़ में इस यूनिवर्सिटी का निर्माण हुआ है। सीएम ने यूनिवर्सिटी में एसएएस और केपीएमजी के सहयोग से स्थापित दो एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) और सेंटर फॉर यूनिवर्सल बिजनेस एंड एंटरप्रेन्योरशिप (क्यूब) का भी उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में यूपी सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, टेक्नोलॉजी एवं निवेश मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, सांसद (राज्यसभा) और चांसलर सतनाम सिंह संधू, उन्नाव सांसद साक्षी महाराज, यूनिवर्सिटी के एमडी जय इंदर सिंह संधू और प्रो-चांसलर प्रो. हिमानी सूद सहित देश-विदेश की 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद हैं।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, केपीएमजी, पीडब्ल्यूसी, एनएसई, एसएएस, क्विक हील और ग्रांट थॉर्नटन जैसी 20 से अधिक भारतीय और वैश्विक कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए हैं। ये कंपनियां यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्री-कोलेबोरेटिव प्रोग्राम्स चलाएंगी।

भारत की पहली एआई यूनिवर्सिटी टेक्नोलॉजी आधारित शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम है। एआई यूनिवर्सिटी में पारंपरिक शिक्षा को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा जाएगा। यहां पढ़ाई के हर पहलू में एआई की मदद ली जाती है, जैसे कोर्स डिजाइन, पढ़ाने का तरीका, डेटा एनालिटिक्स, स्टूडेंट असिस्टेंस और रिसर्च आदि। यहां पढ़ाई का तरीका एआई पर आधारित होगा और हर स्टूडेंट को अख ट्यूटर मिलेंगे। ये ट्यूटर छात्रों की पढ़ाई, कमजोरी और ताकतों का विश्लेषण करके उन्हें कस्टम लर्निंग मैप देंगे। इससे हर छात्र अपनी गति से सीख सकेगा।

सिर्फ कंप्यूटर साइंस नहीं, बल्कि एग्रीकल्चर, साइकोलॉजी, आर्ट्स, कॉमर्स, बिजनेस मैनेजमेंट और मेडिकल फील्ड्स में भी एआई का समावेश होगा।

छात्रों को अत्याधुनिक एआई लैब्स का एक्सेस, जहां वे मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, डेटा साइंस, एनएलपी और कंप्यूटर विजन जैसी तकनीकों पर काम कर सकेंगे। यहां पर सभी कोर्सेज एआई आधारित टेक्नोलॉजी की मदद से संचालित किए जाएंगे। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी 63 एकड़ में बनाई गई है। कैंपस में 45 कोर्स संचालित किए जाएंगे। यहां टीचर्स के साथ रोबोटिक मॉडल्स की भी पढ़ाई में मदद ली जाएगी।

## धर्मांतरण के आरोपी छांगुर के भतीजे सबरोज का ठिकाना भी तबाह

**लखनऊ, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। शनिवार को छांगुर के भतीजे सबरोज के ठिकानों पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा और सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को ढहा दिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरा माफी में सबरोज का ठिकाना सरकारी जमीन पर बनाया गया था। वहीं, छांगुर के करीबियों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई भी जारी है।



अवैध मकान को ढहाने की स्थिति का जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नवीन परती की जमीन पर सबरोज ने मकान बनाया था। चेतावनी के बाद भी सबरोज ने अवैध निर्माण नहीं हटाया। इस पर प्रशासन ने शनिवार को अवैध अतिक्रमण हटा दिया है। डीएम ने कहा कि इसके साथ ही सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे।

छांगुर का गिरोह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में भी जुटा था। देश भर में अपने अवैध कारनामों का जाल बुना था। इसमें तीन हजार से अधिक लोगों को शामिल किया था। छांगुर के कई राज तो सामने आ चुके हैं, लेकिन उसके देश के संदिग्ध या प्रतिबंधित संस्थाओं से ताल्लुक की छानबीन हो रही है।

छांगुर ने दुबई, सऊदी, तुर्की जैसे देशों में अपनी पहुंच बनाई थी। इससे माना जा रहा है कि उसके सबंध उन संस्थाओं से भी रहे हैं कि जो देश में अशांति फैला रही हैं। देश में छांगुर का नाम सर्वाधिक धर्मांतरण कराने में दर्ज हो चुका है।

छांगुर बाबा से पीड़ित कई जिलों में शिकायतें कर रहे हैं। कार्रवाई होने के बाद लोगों के हौसले बुलंद हुए हैं, जिससे छांगुर के करतूत और उनसे जुड़े लोगों का नाम उजागर हो रहा है।

## समाजवादी कार्यकर्ताओं ने शुरू की पीडीए पाठशाला

**लखनऊ, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में कहा था कि पीडीए पाठशाला चलाकर बच्चों की पढ़ाई कराने का काम किया जाएगा। अखिलेश ने अपील की थी कि समाजवादी साथी उन गांवों में टीम बनाएं जहां स्कूल बंद हो रहे हैं। उन्होंने पढ़े-लिखे नौजवानों, पार्टी समर्थकों और सेवानिवृत्त शिक्षकों से अपील की है कि वे पीडीए पाठशाला बनाकर बच्चों को पढ़ाएं और उनका भविष्य संवारें। इसी कड़ी में तहसील क्षेत्र के भादर ब्लॉक के स्माइलपुर ग्रामसभा के रायपुर गांव में सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव की अगुवाई में एक पेड़ के नीचे पीडीए पाठशाला लगाई गई। जहां आसपास के गांव के बच्चों को एकजुट कर पढ़ाया गया। अखिलेश यादव ने बयान दिया था कि शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। समाजवादी सरकार बनने पर बंद किए गए स्कूलों को और बेहतर तरीके से पुनः खोला जाएगा।

## करगिल विजय दिवस : आज का दिन भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन: सीएम योगी

**लखनऊ, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** करगिल विजय दिवस 2025 के अवसर पर लखनऊ की करगिल शहीद स्मृति वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन भारत के महान वीर सपूतों को याद करने का दिन है। इस दिन भारत ने ऑपरेशन विजय को पूर्ण करते हुए पाकिस्तान को धूल चटाकर दुनिया को हैरान कर दिया था। हम भारत के उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। ये दिन भारत की सेना के शौर्य का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि करगिल युद्ध पाकिस्तान ने भारत पर थोपा था जिसका मुंहतोड़ जवाब हमारे वीर जवानों ने दिया। कारगिल एक चुनौतीपूर्ण जगह थी जहां का तापमान



माइनस 50 डिग्री होता है। इस बेहद चुनौतीपूर्ण हालात में भी हमारे जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तान के कायरों को धूल चटा दी। उस समय पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ अमेरिका गए और भारत पर दबाव डालने की कोशिश पर तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अमेरिका हो या दुनिया की कोई भी ताकत भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा और अंत में पाकिस्तान को आत्म समर्पण करना पड़ा और घुसपैठियों को भागना पड़ा। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## अलीगढ़ में कारोबारी की कार में हत्या, 7 गोलियां मारी

**अलीगढ़, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** अलीगढ़ के हरदुआगंज में प्रापर्टी डीलर व ट्रांसपोर्टर सोनू की हत्या करने आए हमलावरों ने सोनू के चेहरे पर ही सात गोलियां दागीं। जिससे उसका चेहरा व सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ और मौत हो गई। यह खुलासा पोस्टमार्टम में हुआ है।

दूसरी सबसे खास बात ये कि सातों गोलियां सोनू की बगल की सीट पर बैठे हमलावर ने ही मारी हैं। बाहर खड़े हमलावर द्वारा चलाई गई गोली शायद सोनू को नहीं लगी। उससे बस गाड़ी के शीशे टूटे हैं।

पोस्टमार्टम से मिली जानकारी के अनुसार, सोनू को जो सात गोलियां लगीं। वह सातों ड्राइवर के बगल वाली साइड से ही लगीं। चार गोलियां चेहरा



और सिर व गर्दन के हिस्से में फंसी मिलीं, जिसमें पहली गोली कंधे में फंसी मिली। इसके बाद दो गोलियां सिर में कनपटी की साइड से फंसी मिलीं।

एक गोली गर्दन में फंसी मिली। इसके अलावा तीन गोलियों में से एक सिर के आर पार हुई, जबकि दो माथे व कनपटी को छूती हुई निकली हैं। जिससे पूरा चेहरा व सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अलावा घटनास्थल पर चार गोलियां फ्रंट साइड से गाड़ी में लगी हैं, जिनसे पीछे तक का शीशा क्षतिग्रस्त हुआ। एक गोली से सोनू के बगल का शीशा भी क्षतिग्रस्त हुआ।

अलीगढ़ के तालानगरी इलाके में शुक्रवार सुबह सांसद के करीबी, भाजयुमो के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष एवं प्रॉपर्टी डीलर सोनू चौधरी (45) की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। ताबड़तोड़ फायरिंग से दहशत फैल गई। बाइक सवार दो हमलावरों ने गांव से निकलते ही कार सवार प्रॉपर्टी डीलर को रोककर दिनदहाड़े इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया।

प्रॉपर्टी डीलर को सात गोलियां मारी गई। वारदात की खबर पर एसएसपी सहित पुलिस टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई। हालांकि शाम तक परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई थी, मगर पुलिस की तीन टीमें पुरानी रंजिश, व्यापारिक व राजनीतिक पहलुओं पर जांच कर रही हैं।

सोनू चौधरी हरदुआगंज मंडल में भाजयुमो का मंडल उपाध्यक्ष रह चुका था। हरदुआगंज क्षेत्र में तालानगरी से सटे गांव कोंडरा के शैलेंद्र सिंह उर्फ सोनू चौधरी पेशे से प्रॉपर्टी डीलर था। साथ में उसका अपना ट्रांसपोर्ट का भी व्यापार था।

भाजपा से जुड़ा सोनू सांसद सतीश गौतम का काफी करीबी माना जाता था।

सीओ सदर धनंजय के अनुसार, परिवार वालों से अब तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक सुबह करीब 9:30 बजे सोनू अपनी क्रेटा कार में सवार होकर गांव से निकला।

## कांग्रेस ओबीसी की विश्वासपात्र पार्टी नहीं: मायावती

**लखनऊ, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांग्रेस ओबीसी समाज की विश्वासपात्र पार्टी नहीं है। कांग्रेस के दिल में कुछ है जुबान पर कुछ है। उन्होंने कहा कि एनडीए का भी ओबीसी के प्रति यही हाल है। मायावती के बयान को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान के संदर्भ में देखा जा रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि सत्ता में रहते हुए जाति जनगणना न करवाना कांग्रेस की गलती थी। आगे उन्होंने ये भी कहा था कि जो काम ओबीसी के लिए अब तक नहीं कर पाया उसे दोगुनी स्पीड से करूंगा।



मायावती ने बयान दिया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह स्वीकार करना कि देश के विशाल आबादी वाले अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) समाज के लोगों की राजनीतिक व आर्थिक आशा, आकांक्षा व आरक्षण सहित उन्हें उनका संवैधानिक हक दिलाने के मामलों में कांग्रेस पार्टी खरी व विश्वासपात्र नहीं रही है कोई नई बात नहीं है, बल्कि यह दिल में कुछ व जुबान पर कुछ और जैसी स्वार्थ की राजनीति ज्यादा लगती है।

वास्तव में उनका यह बयान उसी तरह से जगजाहिर है जैसा कि देश के करोड़ों शोषित, वंचित व उपेक्षित एससी/एसटी समाज के प्रति कांग्रेस पार्टी का ऐसा ही दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण रवैया लगातार रहा है और जिस कारण ही इन वर्गों के लोगों को फिर अन्ततः अपने आत्मसम्मान व स्वाभिमान तथा अपने पैरों पर खड़े होने की ललक के कारण अलग से अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी बनानी पड़ी है। कुल मिलाकर इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस पार्टी यूपी सहित देश के प्रमुख राज्यों की सत्ता से लगातार बाहर है और अब सत्ता गंवाने के बाद इन्हें इन वर्गों की याद आने लगी है जिसे इनकी नीयत व नीति में हमेशा खोट रहने की वजह से घड़ियाली आंसू नहीं तो और क्या कहा जाएगा, जबकि वर्तमान हालात में बीजेपी के एनडीए का भी इन वर्गों के प्रति दोहरे चरित्र वाला यही चाल-ढाल लगता है। उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी एससी/एसटी वर्गों को आरक्षण का सही से लाभ व संविधान निर्माता परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं करने तथा देश की आजादी के बाद लगभग 40 वर्षों तक ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा नहीं देने तथा सरकारी नौकरियों में इनके पदों को नहीं भरकर उनका भारी बैकलॉग रखने आदि के जातिवादी रवैयों को भला कौन भुला सकता है, जो कि इनका यह अनुचित जातिवादी रवैया अभी भी जारी है। इतना ही नहीं बल्कि इन सभी जातिवादी पार्टियों ने आपस में मिलकर एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण को किसी ना किसी बहाने से एक प्रकार से निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी ही बना दिया है। इस प्रकार दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़ों के बहुजन समाज को सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक तौर पर गुलाम व लाचार बनाए रखने के मामलों में सभी जातिवादी पार्टियां हमेशा से एक ही थैली के चट्टे-बट्टे रहे हैं।

जबकि अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी सदा ही इन वर्गों की सच्ची हितैषी रही है और यूपी में चार बार बसपा के नेतृत्व में रही सरकार में सर्वसमाज के गरीबों, मजलूमों के साथ-साथ बहुजन समाज के सभी लोगों के जानमाल व मजहब की सुरक्षा व सम्मान तथा इनके हित एवं कल्याण की भी पूरी गारंटी रही है। अर्थात् देश के बहुजनों का हित केवल बीएसपी की आयरन गारंटी में ही निहित है। अतः खासकर दलित, आदिवासी व अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी समाज) के लोग खासकर कांग्रेस, सपा आदि इन विरोधी पार्टियों के किसी भी बहकावे में नहीं आयें यही उनकी सुख, शान्ति व समृद्धि हेतु बेहतर है।

## सावन में आस्था और देशभक्ति का संगम : लखीमपुर खीरी के सिंगाही से निकली अनोखी कांवड़ यात्रा

**लखीमपुर खीरी, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के अलग-अलग रंग दिखाई दे रहे हैं। शिवभक्ति से सराबोर कांवड़ियों में आस्था के साथ देशभक्ति का संगम देखने को मिल रहा है। लखीमपुर खीरी के सिंगाही से ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं, जहां 151 फीट लंबे तिरंगे को लेकर अनोखी कांवड़ यात्रा निकाली गई। इसमें ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कांवड़िये भजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे।

सिंगाही कस्बे के मोहल्ला भेड़ौरा से



शनिवार को कस्बे के कांवड़ियों का पांचवां जत्था रवाना हुआ। मोहल्ले के गौरी बाबा मंदिर पर वैदिक पूजन और मंत्रोच्चारण के बाद सभी कांवड़िये कांवड़ दुर्गा माता मंदिर पहुंचे, जहां पर माथा टेक कर मेन बाजार से होकर बोल बम का जयकारा लगाते हुए गोला गोकर्णनाथ के लिए निकले। इसके बाद निघासन-सिंगाही रोड के किनारे स्थित सरयू नदी से पवित्र जल लेकर आगे के लिए रवाना हो गए। इस कांवड़ यात्रा में सबसे बड़ा आकर्षण 151 फीट का लंबा तिरंगा ट्रालीनुमा स्ट्रक्चर पर सजाया गया है। इसके साथ ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी शामिल किया गया है जो गोला गोकर्णनाथ तक जाएगा। कांवड़ियों की विदाई के दौरान पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार पुरवार, भाजपा नेता सुनील बत्रा, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह, सभासद आशीष भण्डारी, प्रभात शुक्ल, ध्रुव दिवाकर, पूर्व सभासद जोगेंद्र शाक्य, इतवारी शाक्य कांवड़ कमेटी पदाधिकारी , जीतू विश्वकर्मा, रूपेश सिंह सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।



# कोपा अमेरिका (महिला): 10 खिलाड़ियों वाली ब्राजील ने कोलंबिया को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

**क्विटो,26 जुलाई (एजेंसियां)।** कोपा अमेरिका महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी के अंतिम मुकाबले में शुक्रवार को ब्राज़ील ने एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद मजबूत डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए कोलंबिया को 0-0 की बराबरी पर रोक दिया। यह मैच गोलरहित ड्रॉ रहा, जबकि कोलंबिया को 70 मिनट तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा नहीं मिल सका।

मैच का टर्निंग पॉइंट 21वें मिनट में आया, जब ब्राज़ील की गोलकीपर लोरेना को रेड कार्ड दिखाया गया। कोलंबिया की लिंडा कैईसेडो के तेज़ काउंटर अटैक के दौरान लोरेना ने बॉक्स से बाहर आकर हैंडबॉल किया, जिसके बाद रेफरी मिलाग्रोस अरुएला ने सहायक रेफरी मिरियाना अकीनो से सलाह लेकर उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। इसके बाद ब्राज़ील ने सब्स्टीट्यूट गोलकीपर क्लाउडिया को मैदान पर उतारा।

कोलंबिया के पास कई मौके थे लेकिन वैलेरिन लोबोआ और मायरा रामिरेज़ के प्रयास गोल में तब्दील नहीं हो सके। मैच के बाद लोबोआ ने कहा, यह बहुत मुश्किल और थकाने वाला मुकाबला था। हम जीतना चाहते थे, लेकिन अब हमें सेमीफाइनल की तैयारी पर ध्यान देना है।

दूसरी ओर, ब्राज़ील ने रक्षात्मक रणनीति अपनाते हुए दूसरे हाफ में कुछ काउंटर अटैक किए। यास्मिन, गाबी पोर्टिल्हो और डुडिन्हा ने गोल करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। यास्मिन का एक फ्री किक इंजरी टाइम में क्रॉसबार से टकराया और गोल में तब्दील नहीं हो सका।

गोलरहित ड्रॉ के बावजूद ब्राजील की खिलाड़ी पोर्टिल्हो ने टीम के प्रदर्शन पर गर्व जताया। उन्होंने कहा, हम जानते थे कि यह मुकाबला बहुत कठिन होगा, लेकिन एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद हम इस नतीजे से खुश हैं। अब हमें सेमीफाइनल की तैयारी करनी है।

हालांकि यह मुकाबला नॉकआउट पर असर नहीं डालेगा क्योंकि दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुकी थीं। ग्रुप बी में शीर्ष पर रही ब्राजील अब मंगलवार को उरुग्वे से भिड़ेगी, जबकि कोलंबिया, जो आठ अंकों के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही, सोमवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से सेमीफाइनल खेलेगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला ने जीते कांस्य पदक



**नई दिल्ली।** बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में भारत का अभियान शनिवार को इंडोनेशिया के सोलो में तन्वी शर्मा और वेन्नाला कलागोटला की महिला एकल सेमीफाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। तन्वी और वेन्नाला दोनों ने कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार, भारत ने एक ही संस्करण में दो महिला एकल पदक हासिल किए हैं।दो गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच पहले सेमीफाइनल में चीन की सी या लियू ने वेनाला को 37 मिनट में 21-15, 21-18 से हराया। लियू ने पहले गेम में 14-7 की बढ़त बना ली थी, लेकिन वेनाला ने अगले 11 में से 8 अंक जीतकर अंतर कम कर दिया। हालांकि, लियू ने लगातार 4 अंक जीतकर पहला गेम जीत लिया। दूसरा गेम भी कड़ा मुकाबला रहा, जब तक स्कोर 15-14 था, फिर लियू ने बढ़त बना ली और आखिरकार अपना चौथा मैच पॉइंट गोल में बदलकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। दूसरे सेमीफाइनल में जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तन्वी शर्मा ने महत्वपूर्ण क्षणों में कुछ अप्रत्याशित गलतियां कीं और इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ी, क्योंकि वह 8वीं वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी यिन यी किंग से 35 मिनट में 21-13, 21-14 से हार गई। तन्वी पहले गेम में 13-13 की बराबरी पर थीं, लेकिन जूनियर विश्व रैंकिंग में 73वें स्थान पर रहीं यिन ने लगातार 8 अंक जीतकर बढ़त बना ली।

### मुरादाबाद के ताइक्वांडो खिलाड़ी आशीष सिंह कोच शाहवेज़ अली के साथ मलेशिया रवाना



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के आशीष सिंह का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में 6वीं एशियन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शनिवार को वह कोच शाहवेज अली के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए दिल्ली से मलेशिया के लिए रवाना हो गए। भारतीय ताइक्वांडो टीम में 6वीं एशियन प्रतियोगिता के लिए आशीष सिंह का हुआ है चयन जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव एवं कोच शाहवेज अली ने बताया कि आशीष सिंह का चयन भारतीय ताइक्वांडो टीम में 6वीं एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए अंडर 33 किलोग्राम भार वर्ग में हुआ है। यह प्रतियोगिता मलेशिया के कुचिंग शहर में स्थित सारावक स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हो रही है। उन्होंने कहा कि आशीष से सभी को उम्मीद है कि वह भारत को अवश्य पदक दिलाएंगे। आशीष सिंह को रवाना करने के लिए उनके पिता नेम सिंह, भाई रोहित कुमार सहित अन्य लोगों ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए विदाई दी।

### एक साल बाद ग्राहम थोर्प की पत्नी अमांडा का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर ग्राहम थोर्प की मौत को लेकर अब एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पिछले साल 4 अगस्त 2024 को ग्राहम की मौत की खबर आई थी, जिसने क्रिकेट जगत को हिला कर रख दिया था। अब करीब एक साल बाद उनकी पत्नी अमांडा ने खुलासा किया है कि थोर्प की मौत एक हादसा नहीं बल्कि आत्महत्या थी। अमांडा के अनुसार, थोर्प लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे और उन्होंने खुद उनसे अपनी जान लेने में मदद करने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि मरने से पहले थोर्प ने कई जरूरी अपॉइन्टमेंट्स कैंसल कर दिए थे और मानसिक रूप से बुरी तरह टूट चुके थे। ग्राहम थोर्प की मौत सरे के एक रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से हुई थी। जांच के बाद यह बात सामने आई कि वह 2022 में इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के बैटिंग कोच की नौकरी से निकाले जाने के बाद गहरे अवसाद में चले गए थे। अमांडा ने बताया कि एशेज सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया में हुए एक विवादास्पद वीडियो लीक होने के बाद उनकी मानसिक हालत और भी ज्यादा बिगड़ गई थी। यही वीडियो उनके तनाव का बड़ा कारण बन गया। यह भी सामने आया है कि कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान उन्होंने आत्महत्या की कोशिश की थी और तब उन्हें तीन हफ्तों तक आईसीयू में भर्ती रहना पड़ा था। ग्राहम थोर्प का करियर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट में 6744 रन बनाए, जिसमें 16 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं।



# मैनचेस्टर टेस्ट: चौथे दिन केएल राहुल और शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन, भारत ने 174/2 रन बनाकर मैच में वापसी की



**मैनचेस्टर, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे मैनचेस्टर टेस्ट का चौथा दिन भारत के लिए राहत भरा रहा। इंग्लैंड की पहली पारी के विशाल स्कोर के जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 174 रन बना लिए हैं। मैच के चौथे दिन का खेल खत्म होने तक, ओपनर केएल राहुल 87 और कप्तान शुभमन गिल 78 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 669 रनों पर घोषित करके भारत पर 311 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में मजबूत शुरुआत की, जिसमें राहुल और गिल ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। दोनों ने टीम को एक ठोस आधार दिया है और अब पांचवें दिन भारत को मैच ड्रॉ कराने के लिए पूरे दिन बल्लेबाजी करनी होगी। इंग्लैंड को मैच जीतने के लिए 8 विकेट लेने होंगे।

**चौथे दिन के मुख्य आकर्षण:**

बल्लेबाजी में रिकॉर्ड: शुभमन गिल ने एक दौरे में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय कप्तान के रूप में विराट कोहली (655 रन) को पीछे छोड़ दिया है। अब वे केवल सुनील गावस्कर (732 रन) से पीछे हैं।

इंग्लैंड की ऐतिहासिक पारी: इंग्लैंड ने इस पारी में 669 रन बनाकर ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में एक नया रिकॉर्ड बनाया। यह इस मैदान पर पारी का सबसे बड़ा स्कोर है, जिसने 1964 में ऑस्ट्रेलिया द्वारा बनाए गए 656/8व के रिकॉर्ड को तोड़ा।

इंग्लैंड के शतक: इंग्लैंड की ओर से कप्तान बेन स्टोक्स (141) और जो रूट (150) ने शानदार शतक लगाए। इनके अलावा बेन डकेट (94), जैक क्रॉली (84) और ओली पोप (71) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन: भारत की तरफ से रवींद्र जडेजा सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर को 2-2 विकेट मिले, जबकि अंशुल कम्बोज और मोहम्मद सिराज ने 1-1 विकेट हासिल किया।पांचवें दिन का खेल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि उन्हें मैच बचाने के लिए अंत तक बल्लेबाजी करनी होगी। केएल राहुल और शुभमन गिल की जोड़ी पर सबकी निगाहें रहेंगी।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम को असुरक्षित बताने वाली रिपोर्ट से महिला विश्व कप पर संकट



**बेंगलूरू,26 जुलाई (एजेंसियां)।** कर्नाटक सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी'कुन्हा आयोग ने बेंगलुरु के प्रतिष्ठित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को जनसमूह के लिए अनुपयुक्त और असुरक्षित घोषित कर दिया है। यह निष्कर्ष उस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद आया है, जिसमें आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जश्न के दौरान मची भगदड़ में 11 प्रशंसकों की जान चली गई और कई अन्य घायल हुए। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने आयोग का गठन किया था, जिसकी रिपोर्ट अब राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष पेश की जा चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेडियम का वर्तमान ढांचा बड़ी भीड़ के अनुकूल नहीं है, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को गंभीर खतरा है।

इस रिपोर्ट के प्रकाश में आने के बाद इस साल के अंत में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के शुरुआती मुकाबले और फाइनल जैसे बड़े आयोजन खतरे में पड़ सकते हैं, क्योंकि ये मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही निर्धारित हैं। इससे बीसीसीआई को वैकल्पिक स्थानों पर विचार करना पड़ सकता है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने भी एहतियात के तौर पर अगले महीने होने वाले महाराजा ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट को दर्शकों के बिना कराने का फैसला लिया है। आयोग का कहना है कि बड़ी खेल प्रतियोगिताओं को ऐसे स्थानों पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए, जो बड़ी संख्या में दर्शकों को सुरक्षित रूप से समायोजित कर सकें। रिपोर्ट में सुधारात्मक सुझाव भी शामिल हैं, जैसे प्रवेश और निकास द्वारों का पुनर्गठन तथा अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप आपातकालीन निकासी योजनाओं की तैयारी। आयोग ने चेताया है कि जब तक ये ढांचागत परिवर्तन नहीं होते, तब तक चिन्नास्वामी जैसे आयोजन स्थलों पर बड़े कार्यक्रमों का आयोजन सार्वजनिक सुरक्षा के लिए जोखिम बना रहेगा। इसके साथ ही आयोग ने केएससीए के शीर्ष पदाधिकारियों और आयोजन से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है। हालांकि, डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स ने इस आयोग और उसकी रिपोर्ट के निष्कर्षों को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया है।

## मुबाडाला सिटी डीसी ओपन



वाशिंगटन, डी.सी., अमेरिका में रॉक क्रीक पार्क टेनिस सेंटर में मुबाडाला सिटी डीसी ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फ़ाइनल में फ़्रांसेस टियाफ़ो (अमेरिका) बेन शेल्टन (अमेरिका) के विरुद्ध सर्विस करते हुए।

# लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को एमएलएस ऑल स्टार मैच में नहीं खेलने पर एक मैच का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,26 जुलाई (एजेंसियां)।** इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक-एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के एमएलएस ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लेने के चलते लिया गया है। अब यह दोनों खिलाड़ी मियामी की अगली लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। एमएलएस ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो ऑल-स्टार गेम में बिना पूर्व स्वीकृति के भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य होता है। एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, मुझे पता है कि लियोनेल मेसी इस लीग से कितना प्रेम करते हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी - या कोई और - मेजर लीग सॉकर के लिए मेसी से ज्यादा योगदान दिया है। मैं उनके इंटर मियामी के प्रति समर्पण को पूरी तरह समझता और सम्मान करता हूं। लेकिन ऑल-स्टार गेम में भागीदारी को लेकर हमारी एक पुरानी नीति है और हमें उसका पालन करना पड़ा। यह निर्णय लेना बहुत कठिन था। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, हम इस नीति की समीक्षा करने जा रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करूंगा ताकि यह तय किया जा सके कि इस नियम को आगे कैसे विकसित किया जाए। गौरतलब है कि मेसी और आल्बा दोनों को प्रशंसकों और मीडिया द्वारा एमएलएस ऑल-स्टार मैच के लिए चुना गया था, लेकिन दोनों ने लीगा एमएक्स ऑल-स्टार्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भाग नहीं लिया, जिसमें एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था। इंटर मियामी फिलहाल ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस तालिका में पांचवें स्थान पर है और शनिवार रात को चेस स्टेडियम, फोर्ट लॉडरडेल में पहले स्थान पर काबिज एफसी सिनसिनाटी की मेजबानी करेगा।



# डीसी ओपनः राडुकानु और लेयलाह सेमीफाइनल में शेल्टन और डी मिनौर पुरुष वर्ग के अंतिम चार में

**वाशिंगटन,26 जुलाई (एजेंसियां)।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 2021 यूएस ओपन चैंपियन बनने के बाद यह उनका सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, जहां वह अंतिम चार में पहुंची हैं। शुक्रवार को खेले गए महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में राडुकानु ने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 6-4, 7-5 से हराया। गर्मी और उमस भरे दिन में (तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार), राडुकानु को दूसरे सेट में 2-5 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच अपने नाम किया। राडुकानु ने मैच के बाद कहा, मैं आमतौर पर गर्मी में ठीक रहती हूं, लेकिन आज काफी संघर्ष करना पड़ा। यह मेरा सबसे कठिन परिस्थितियों वाले मैचों में से एक था। दूसरे सेट में मैं थोड़ी अस्थिर महसूस कर रही थी, लेकिन खुशी है कि मैं सीधे सेटों में मैच खत्म कर सकी। महिला वर्ग में ही कनाडा की लेयलाह फर्नांडीज ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2021 यूएस ओपन फाइनल में राडुकानु की प्रतिद्वंद्वी रहीं लेयलाह ने क्वालिफायर में टेलर टाउन्सेंड को 6-4, 7-6 (4) से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से मात दी। राडुकानु का सेमीफाइनल मुकाबला अब अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने चौथी वरीय क्लारा टॉसन को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पुरुष वर्ग में भी रोमांचक मुकाबले पुरुष सिंगल्स में अमेरिका के बेन शेल्टन ने लगातार दूसरे साल डीसी ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने ऑल-अमेरिकन क्वार्टरफाइनल में फ्रांसेस टियाफो को 7-6 (2), 6-4 से हराया। शेल्टन ने 90 प्रतिशत पहले सर्व पॉइंट जीते और 146 मील प्रति घंटे की रफ्तार से नौवां ऐस लगाकर मैच समाप्त किया। चौथे वरीय शेल्टन अब शनिवार को शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज या बारहवें वरीय अलेजांद्रो डाविडोविच फोकीना में से किसी एक से भिड़ेंगे। पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर और फ्रांस के कोरेंटिन माउटे के बीच होगा।



### अभिषेक नायर को मिला नया जिम्मा, अब यूपी वॉरियर्स के बने हेड कोच



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद टीम के कोचिंग स्टाफ में बदलाव की चर्चा तेज हो गई थी और इसी बीच आईपीएल 2025 के दौरान अभिषेक नायर को टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच पद से हटा दिया गया। नायर कोचिंग स्टाफ का अहम हिस्सा थे, लेकिन टीम की नाकामी का असर उनके कार्यकाल पर पड़ा। टीम इंडिया से हटते ही नायर ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स से दोबारा नाता जोड़ा और अब उन्हें विमेंस प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी यूपी वॉरियर्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। यूपी वॉरियर्स की ओर से पुष्टि की गई है कि अभिषेक नायर आगामी सीजन में टीम की कमान कोच के तौर पर संभालेंगे। इससे पहले टीम के हेड कोच की भूमिका जोन लुईस निभा रहे थे, जिन्होंने लीग के पहले तीन सीजन तक टीम को गाइड किया। पहले सीजन में वॉरियर्स प्लेऑफ तक पहुंची थी, लेकिन अगले दो सीजन में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वे लीग स्टेज से ही बाहर हो गईं। हाल ही में जोन लुईस और फ्रेंचाइजी ने अलग होने का फैसला लिया, जिसके बाद नायर को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। यूपी वॉरियर्स के सीओओ और क्रिकेट निदेशक क्षेमल वैनगंकर ने कहा कि अभिषेक नायर को कोच बनाना फ्रेंचाइजी के लिए स्वाभाविक और उत्साहजनक कदम है।




# टाटा समूह ने पांच साल में किया 1 लाख करोड़ का निवेश

**एन. चंद्रशेखरन ने कहा, टाटा समूह भविष्य के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार**

मुंबई,26 जुलाई (एजेंसियां)।

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने समूह की वार्षिक रिपोर्ट में जानकारी दी है कि बीते पांच वर्षों में टाटा समूह ने अपनी कंपनियों में 1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश किया है। समूह अब सेमीकंडक्टर, डिजिटल सेवाओं, बैटरियों और अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को अपनी वृद्धि का अगला चरण मान रहा है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह भविष्य के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार है। चंद्रशेखरन ने बताया कि समूह का कुल राजस्व पांच वर्षों में 1.9 गुना बढ़ा है, जबकि शुद्ध लाभ 3.6 गुना तक पहुंच गया है। ऋण अनुपात घटकर 0.7 गुना रह गया है और इक्विटी पर रिटर्न 8.7 से बढ़कर 17.5 फीसदी हो गया है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी एकीकृत तकनीकी हार्डवेयर और सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रही है। इस कंपनी में 65,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें 70 फीसदी महिलाएं हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 में 66,000 करोड़ का राजस्व अर्जित किया।

## रिलायंस ने कैल्विनेटर ब्रांड अधिग्रहित कर पुरानी यादें ताज़ा कीं

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने प्रसिद्ध फ्रिज ब्रांड कैल्विनेटर का अधिग्रहण कर पुरानी यादों को एक बार फिर ताजा कर दिया है। 1970 और 80 के दशक में घर-घर में लोकप्रिय यह फ्रिज ब्रांड अब रिलायंस के कंज्यूमर प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बनेगा। सोशल मीडिया पर कैल्विनेटर के पुराने विज्ञापन तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग व्यक्ति के नकली दांत फ्रिज खोलते ही खड़खड़ाने लगते हैं। पुराने ब्रांड्स को नए दौर में वापस लाने की तैयारी यह विज्ञापन उस दौर की याद दिलाते हैं जब कैल्विनेटर द टूरिस्ट वन टैगलाइन के साथ भारत में होम रेफ्रिजरेशन को लोकप्रिय बना रहा था। कैल्विनेटर के अधिग्रहण के साथ रिलायंस ने अपनी नॉस्टैल्जिया आधारित रणनीति को और मजबूत किया है। इससे पहले कंपनी ने अगस्त 2022 में कैम्पा कोला को 22 करोड़ में खरीदा था, जो एक समय में हर घर में लोकप्रिय था लेकिन बाद में मार्केट से गायब हो गया था। इसके अलावा रिलायंस ने गुजरात के 1923 में शुरू हुए कार्बोनेटेड ड्रिंक ब्रांड सोस्यो में भी 50 फीसदी हिस्सेदारी ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएफएल ने एवीएफसीसीएल में 1.8 लाख का निवेश किया




नई दिल्ली। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) ने असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड (एवीएफसीसीएल) में 1.8 लाख का निवेश किया है। एनएफएल ने 10 रुपए प्रति शेयर की दर से 18,000 इक्विटी शेयर खरीदकर एवीएफसीसीएल में 18 फीसदी हिस्सेदारी हासिल की है। एवीएफसीसीएल को 25 जुलाई को एक संयुक्त उद्यम के रूप में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य असम के नामरूप क्षेत्र में नामरूप आईवी अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइजर प्लांट की स्थापना करना है। इस जॉइंट वेंचर में असम सरकार, ऑयल इंडिया लिमिटेड, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्पोरेशन लिमिटेड और एनएफएल शामिल हैं।

### सोने की कीमतों में गिरावट, त्योहार से पहले खरीदारी का सुनहरा मौका



नई दिल्ली। अगर आप सोने के गहने खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय आपके लिए बेहद लाभदायक हो सकता है। सोने की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे खरीदारों के लिए ज्वेलरी सस्ती हो गई है। 24 कैरेट और 22 कैरेट दोनों प्रकार के सोने के रेट में कमी दर्ज की गई है, जिससे त्योहारी सीजन से पहले ग्राहकों के पास खरीदारी का बेहतरीन अवसर है। आर्थिक कारणों ने सोना और चांदी दोनों की कीमतों पर दबाव डाला कीमतों में गिरावट की प्रमुख वजहें अमेरिका के टैरिफ से जुड़ी चिंताओं में कमी, डॉलर इंडेक्स का दो सप्ताह के निचले स्तर तक गिरना और स्पॉट मार्केट में मांग का कमजोर होना हैं। इन आर्थिक कारणों ने सोना और चांदी दोनों की कीमतों पर दबाव डाला है। यही वजह है कि सोना लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ है। दिल्ली में 26 जुलाई 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,620 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट की कीमत 92,240 प्रति 10 ग्राम है। बीते तीन दिनों में 24 कैरेट सोने में 1860 और 22 कैरेट में 1710 प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई है। अन्य प्रमुख शहरों की बात करें तो मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में 22 कैरेट सोना 92,090 और 24 कैरेट सोना 1,00,470 प्रति 10 ग्राम बिक रहा है।

### भारत की विनिर्माण गतिविधि जुलाई में उच्चतम स्तर पर पहुंची, महंगाई-रोजगार की चुनौती बनी चिंता का विषय



मुंबई। जुलाई 2025 में भारत की विनिर्माण गतिविधियां 17.5 वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा जारी एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई जुलाई में 59.2 पर पहुंच गया, जो जून के 58.4 के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि है। यह वृद्धि घरेलू और वैश्विक मांग में मजबूती का संकेत देती है। वहीं विनिर्माण और सेवा दोनों क्षेत्रों का संयुक्त पीएमआई 60.7 पर पहुंच गया, जो पिछले एक साल से अधिक समय में सबसे तेज उछाल है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से तेज मांग, तकनीकी निवेश और उत्पादन क्षमता के विस्तार के कारण संभव हुई है। रोजगार के क्षेत्र में भी सकारात्मक विकास देखने को मिला है, खासकर सेवा क्षेत्र में रोजगार सृजन में मजबूती आई है। भारतीय कंपनियां आने वाले 12 महीनों में उत्पादन वृद्धि को लेकर आशावादी हैं। कंपनियों ने इस वृद्धि के पीछे बढ़ती मांग, तकनीक में निवेश और क्षमताओं के विस्तार को मुख्य कारण बताया है। पीएमआई आंकड़ों से यह भी पता चला कि वस्तु उत्पादकों ने सेवा प्रदाताओं की तुलना में उत्पादन में तेजी से वृद्धि दर्ज की है, जो अप्रैल 2024 के बाद से सबसे मजबूत रही। हालांकि सेवा क्षेत्र में जुलाई के दौरान गतिविधियों में थोड़ी नरमी देखी गई, फिर भी ऐतिहासिक मानकों के अनुसार वृद्धि की दर अच्छी रही। निजी क्षेत्र में परिचालन सुधार जारी रहा, साथ ही कुल बिक्री, निर्यात आदेश और उत्पादन स्तर में तेज वृद्धि हुई। हालांकि, कारोबारी विश्वास महंगाई और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण लगभग ढाई साल के निचले स्तर पर आ गया है।

# भारतीय रिजर्व बैंक की 7 दिन की वीआरआरआर नीलामी में बैंकों ने बढ़ाई अपनी - अपनी बोली

**बैंकों ने 1.25 लाख करोड़ की अधिसूचित राशि से अधिक की बोली लगाई**

नई दिल्ली,26 जुलाई (एजेंसियां)।

**भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में 7 दिन की वैरिएबल रेट रिवर्स रीपो (वीआरआरआर) नीलामी आयोजित की, जिसमें बैंकों ने 1.25 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि से अधिक, यानी 1.42 लाख करोड़ रुपये की बोली लगाई। यह मांग इस बात को दर्शाती है कि बाजार में लिक्विडिटी की जरूरत बढ़ी है।**



पिछले सप्ताह बैंकों ने आरबीआई के पास जमा किए गए 2 लाख करोड़ रुपये वापस लिए थे, जिससे बाजार में पैसा कम हो गया था और इस नीलामी के जरिए फिर से पैसा उपलब्ध कराया गया। आरबीआई ने इस नीलामी को 5.49 प्रतिशत की कटऑफ रेट पर स्वीकार किया। एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा कि पिछले सप्ताह की वापसी के कारण इस बार मांग अधिक रही। इसके चलते मुद्रा बाजार में ओवरनाइट कॉल रेट गिरकर 5.39 प्रतिशत हो गया, जो पिछले दिन 5.54 प्रतिशत था।

यह गिरावट बाजार में सस्ते पैसे का संकेत है। पिछले सप्ताह आरबीआई ने दो बार वीआरआरआर नीलामी कराई थी क्योंकि ओवरनाइट मनी मार्केट रेट ने नीतिगत रीपो रेट से ऊपर जाना शुरू कर दिया था। इन नीलामियों के बाद ओवरनाइट रेट में गिरावट आई, जो मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी (एमएसएफ) से नीचे आ गया। एमएसएफ रेट रीपो रेट से 25 बेसिस पॉइंट ऊपर है, जबकि स्टैंडिंग डिपॉजिट फैसिलिटी रेट 25 बेसिस पॉइंट नीचे है। आरबीआई की ये नीलामी और दरों में बदलाव मौद्रिक नीति के तहत बाजार में तरलता बनाए रखने के लिए उठाए गए कदम हैं, ताकि मनी मार्केट स्थिर रहे और बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त पैसा बना रहे। ऐसे कदम से आर्थिक गतिविधियों को सहारा मिलता है और ब्याज दरों में अस्थिरता कम होती है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 695.49 अरब डॉलर पर




मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 18 जुलाई 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.18 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695.49 अरब डॉलर पर आ गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट देखी गई है। इससे पिछले सप्ताह में भी भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया था। सितंबर 2024 के अंत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के सर्वोच्च स्तर 704.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया था, लेकिन हालिया आंकड़ों के अनुसार इसमें गिरावट का रुझान देखने को मिल रहा है। 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां, 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रह गईं। पिछले सप्ताह में भी भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रह गया था विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का असर भी शामिल होता है। हालांकि, स्वर्ण भंडार में इस दौरान मामूली वृद्धि दर्ज की गई और इसका मूल्य 15 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.49 अरब डॉलर हो गया। इस सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में भी गिरावट दर्ज की गई और यह 11.9 करोड़ डॉलर घटकर 18.68 अरब डॉलर पर आ गया। इसके अलावा, भारत का अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखा गया भंडार भी 1.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.69 अरब डॉलर रह गया। इस गिरावट के पीछे विदेशी बाजारों में मुद्रा विनिमय दरों में उतार-चढ़ाव, आयात-निर्यात असंतुलन और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को संभावित कारण माना जा रहा है।

# रेलवे ने ऑनलाइन टिकट धोखाधड़ी रोकने 2.5 करोड़ यूजर आईडी बंद की




नई दिल्ली,26 जुलाई (एजेंसियां)।

**भारतीय रेलवे ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग में हो रही गड़बड़ियों और धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। रेलवे ने आईआरसीटीसी की 2.5 करोड़ से अधिक संदिग्ध यूजर आईडी को बंद कर दिया है। यह जानकारी सरकार ने संसद में दी, जहां सांसद ए. डी. सिंह ने इस मामले को उठाया था। उन्होंने सवाल किया था कि करोड़ों यूजर आईडी क्यों बंद की गईं, टिकट बुकिंग खुलते ही टिकट कैसे गायब हो जाते हैं और इस समस्या से निपटने के लिए रेलवे क्या कदम उठा रहा है।**

**यूजर्स के बुकिंग पैटर्न में अनियमितताएं पाए जाने पर लिया फैसला**

सरकार ने बताया कि इन यूजर्स के बुकिंग पैटर्न में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते इनकी आईडी को बंद करना जरूरी था। रेलवे ने यह भी बताया कि ट्रेनों की टिकट मांग साल भर एक जैसी नहीं होती। कुछ ट्रेनों की मांग अधिक होती है, खासकर वे जो लोकप्रिय हैं या जिनमें यात्रा का समय कम होता है। ऐसे ट्रेनों के टिकट जल्दी बिक जाते हैं, जबकि अन्य ट्रेनों में टिकट आसानी से मिल जाते हैं। यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए रेलवे ने कई नए नियम लागू किए हैं। 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप पर आधार कार्ड से वेरिफिकेशन अनिवार्य होगा। साथ ही, एजेंट तत्काल टिकट बुकिंग खुलने के पहले 30 मिनट तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। यह कदम टिकट बुकिंग प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए उठाया गया है।

## भारत की स्टील स्लैग रोड तकनीक ने अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई



वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्टील स्लैग रोड तकनीक अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता पा रही है। अमेरिका के शिकागो और ओमान जैसे देशों में भी इस तकनीक का सफलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है। सीआरआरआई के एक वैज्ञानिक ने बताया कि यह तकनीक भारत के सड़क निर्माण क्षेत्र में एक गेम चेंजर साबित होगी। सड़क निर्माण में मुख्य सामग्री प्राकृतिक एग्रीगेट (जैसे बजरी और रोड़ी) होती है, जिसकी वार्षिक खपत लगभग 1.2 बिलियन टन है। इसके कारण पर्यावरण पर भारी दबाव पड़ता है, क्योंकि एग्रीगेट के लिए माइनिंग करनी पड़ती है। अमेरिका और ओमान में हो रहा उपयोग स्टील स्लैग रोड तकनीक पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के पुनर्चक्रण में भी मददगार साबित हो रही है। इसमें स्टील स्लैग का इस्तेमाल कर पारंपरिक सड़क निर्माण सामग्री की जगह ली जाती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की बचत होती है।

# नई स्मार्टवॉच वॉच 3 प्रो को वैश्विक बाज़ार में पेश

नई दिल्ली,26 जुलाई (एजेंसियां)।

अपनी नई स्मार्टवॉच वॉच 3 प्रो को सीएमएफ ने वैश्विक बाज़ार में पेश किया है। इसमें 1.43 इंच की राउंड अमोलेड स्क्रीन दी गई है, जो 670 निट्स की ब्राइटनेस और ऑटो-ब्राइटनेस सेंसर के साथ बेहतर व्यूइंग अनुभव देती है। यह मात्र स्मार्टवॉच नहीं, बल्कि एक एडवांस टेक्नोलॉजी और एआई क्षमताओं से लैस एक शक्तिशाली डिवाइस है।

यह पिछले वर्जन की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत बड़ी स्क्रीन के साथ आती है। डिवाइस का डिज़ाइन भी काफी प्रीमियम है, जिसमें आईपी68 रेटिंग के साथ डस्ट और वॉटर रेसिस्टेंस मिलता है और इसमें सॉफ्ट सिलिकॉन स्ट्रैप शामिल है। वॉच में रोटेटेबल क्राउन बटन के अलावा गेस्चर कंट्रोल भी शामिल है, जिससे यूज़र झटका देकर या वॉच को घुमा कर कंट्रोल कर सकता है। इसमें ब्ल्यूटूथ 5.3 कॉलिंग का सपोर्ट है, जिससे कॉल को हैंडल करना आसान हो जाता है। फिटनेस और हेल्थ के लिए वॉच में हार्ट रेट सेंसर, एसपीओ, स्लीप और स्ट्रेस ट्रैकिंग के अलावा वूमेंस हेल्थ ट्रैकिंग भी दी गई है।

इसमें 350 एमएएच की बैटरी दी गई है जो एक बार चार्ज करने पर 13 दिन तक चल सकती है। एओडी ऑन होने पर यह बैकअप 3.5 दिन तक रहता है और इसे फुल चार्ज करने में 99 मिनट लगते हैं। यूज़र्स के लिए इसमें 131 स्पोर्ट्स मोड शामिल हैं।



## रेनो ट्राइबर के नये फेसलिफ्ट मॉडल में अब ज्यादा फीचर्स

नई दिल्ली। रेनो ट्राइबर 7 सीटर कार मारुति अर्टिगा, टोयोटा इनोवा या किआ कैरेंस जितनी लोकप्रिय नहीं रही, फिर भी यह रेनो इंडिया की टॉप सेलिंग कार रही है। कंपनी इसका अब नया फेसलिफ्ट मॉडल लॉन्च करने जा रही है। नया मॉडल कुछ महत्वपूर्ण विजुअल और फीचर अपग्रेड्स के साथ आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें एलईडी हेडलाइट्स और डीआरएलएस, नया फ्रंट और रियर बंपर, नई ग्रिल और नए एलॉय व्हील्स जैसे एक्सटीरियर चेंजेस देखने को मिल सकते हैं। वहीं, इंटीरियर में नया डैशबोर्ड लेआउट और कुछ एडवांस फीचर्स जोड़े जाने की उम्मीद है। इंजन में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसमें वही 1.0-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलेगा, जो 71एचपी पावर और 96एनएम टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 5-स्पीड मैनुअल और एएमटी ऑप्शन के साथ आता है और 18-19 केएमपीएल का माइलेज देता है। सेफ्टी फीचर्स के तौर पर इसमें अब 6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड मिल सकते हैं, जिससे यह कम कीमत में भी सुरक्षित विकल्प बन जाएगी। मौजूदा ट्राइबर की एक्स-शोरूम कीमत 6.09 लाख से शुरू होती है और ऑन-रोड कीमत मुंबई में 7.28 लाख से 10.49 लाख रुपये तक जाती है। फेसलिफ्ट मॉडल में टॉप वेरिएंट की कीमत करीब रुपए 80,000 तक बढ़ सकती है, लेकिन बेस वेरिएंट की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, जिससे इसकी अफॉर्डेबल पहचान बनी रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मालदीव के मामलों...

मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद, मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की ज़िम्मेदारी उठाएँगे।साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लाभ के लिए देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा को बनाए रखने की साझा ज़िम्मेदारी पर ज़ोर दिया।मालदीव की स्वतंत्रता के इतिहास की चर्चा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की संप्रभुता बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को मज़बूत और आधुनिक बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

### मालदीव के उपराष्ट्रपति...

उन्होंने कहा, मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति श्री मोहम्मद नशीद से मुलाकात की। वे हमेशा से भारत-मालदीव मैत्री के प्रबल समर्थक रहे हैं। मालदीव हमेशा हमारी 'पड़ोसी पहले' नीति और महासागर दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहेगा। भारत क्षमता निर्माण और विकासात्मक सहयोग के माध्यम से मालदीव का समर्थन करता रहेगा।मालदीव की संसद के अध्यक्ष श्री अब्दुल्ला से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि 20वीं मजलिस में भारत-मालदीव संसदीय मैत्री समूह का गठन द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा, पीपुल्स मजलिस के अध्यक्ष श्री अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से मुलाकात की। भारत-मालदीव की गहरी मित्रता, जिसमें हमारी संसदों के बीच घनिष्ठ संबंध भी शामिल हैं, पर चर्चा की। 20वीं मजलिस में भारत-मालदीव संसदीय मैत्री समूह का गठन द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक स्वागत योग्य कदम है। भारत मालदीव में क्षमता निर्माण में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है।उल्लेखनीय है कि श्री मोदी शाम को मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे और इसके बाद वह स्वदेश रवाना हो जायेंगे। प्रधानमंत्री दो देशों की चार दिन की यात्रा पर 23 जुलाई को पहली चरण की यात्रा पर ब्रिटेन के लिए रवाना हुए थे।

### सरकार निक्कमी...

गडकरी ने एक और दिलचस्प किस्सा शेयर किया उन्होंने बताया कि नागपुर में हर साल होने वाले सांस्कृतिक महोत्सव में पहले नेताओं को पास बांटे जाते थे। इससे अव्यवस्था फैलती थी और तीन बार लाठीचार्ज तक करना पड़ता था। अब उन्होंने एक नया तरीका निकाला है अखबार में क्यूआर कोड छपवाकर लोग खुद अपना स्थान आरक्षित करते हैं।गडकरी ने राजनीति पर भी तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, राजनीति फुकटियों का बाजार है, जहां लोग फ्री में कुछ पाने की उम्मीद से आते हैं। उनके इस बयान ने वहां बैठे युवाओं और आयोजकों को चौंका तो जरूर दिया, लेकिन उनकी साफगोई ने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया।

### झारखंड में...

उग्रवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने तीन उग्रवादियों को ढेर कर दिया। हालांकि, इस दौरान अन्य उग्रवादी घने जंगलों का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।इससे पहले, 15 जुलाई को बोकारो जिले के गोमिया थाना अंतर्गत बिरहोरडेरा जंगल में भाकपा माओवादी उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पांच लाख के इनामी नक्सली कुंवर मांझी समेत दो नक्सलियों को मार गिराया था, जबकि इस कार्रवाई में कोबरा 209 बटालियन का एक जवान शहीद हो गया था। एक नक्सली वर्दी में, जबकि दूसरा साधारण कपड़ों में था।उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस ने इस वर्ष राज्य को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। झारखंड में 2025 की शुरुआत से अब तक पुलिस ने 22 नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान 115 हथियार, 8591 गोलियां, 176.5 किलो विस्फोटक और 4,51,047 रुपये नक्सलियों से जब्त किए गए, जो उन्होंने लेवी के रूप में वसूले थे। साथ ही, 179 आईईडी को खोजकर निष्क्रिय किया गया। यह नक्सलवाद के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई है।

# शौर्य को सलाम : उत्तराखंड में सैनिकों और शहीद परिवारों के लिए धामी सरकार के ऐतिहासिक फैसले

**देहरादून, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने बीते चार वर्षों में सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण को प्राथमिकता में रखते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

सैनिकों के सम्मान और सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने न केवल नीतिगत फैसले लिए, बल्कि धरातल पर उतरते हुए कई योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की हैं।

देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों की स्मृति में देहरादून में एक भव्य सैन्य धाम (शौर्य स्थल) का निर्माण किया गया है।

इस धाम में प्रदेश की 28 नदियों का जल और शहीदों के घरों की मिट्टी एकत्र कर समर्पित की गई है, जो इसे राष्ट्रीय श्रद्धा का प्रतीक बनाती है।

साथ ही, राज्य भर में शहीद स्मारकों का निर्माण, स्कूल और सड़कों का नामकरण शहीदों के नाम पर कर उनका सम्मान सुनिश्चित किया जा रहा है। खटीमा में सैनिक मिलन केंद्र और सीएसडी कैंटीन तथा टनकपुर में आधुनिक सैनिक विश्राम गृह का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



धामी सरकार ने शहीद सैनिकों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए कर दी है। साथ ही, शहीद परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी अथवा पूर्व सैनिकों जैसी छूट का प्रावधान किया गया है। सरकारी नौकरी के लिए आवेदन की समयसीमा को दो वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष किया गया है।

पूर्व सैनिक वीरांगनाओं और पुत्रियों को ड्रोन दीदी योजना के तहत रोजगारपरक ड्रोन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बदरीनाथ धाम की निःशुल्क यात्रा का लाभ भी अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और वीरांगनाओं को मिल रहा है।

वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों और पूर्व सैनिकों को उत्तराखंड रोडवेज में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है। साथ ही, 25 लाख रुपए तक की संपत्ति खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में 25 प्रतिशत की छूट का प्रावधान भी किया गया है।

इस बीच 26 जुलाई को 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित चीडबाग के शौर्य स्थल पर एक भव्य श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से. नि.) ने वीरगति प्राप्त सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर मेजर जनरल एमपीएस गिल (वीएसएम), रियर एडमिरल पियूष पॉसी, ब्रिगेडियर आरएस थापा सहित तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक, वीर नारियां, एनसीसी कैडेट्स और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मार्च पास्ट से हुई, जिसमें आर्मी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय और एनसीसी के 120 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा, राष्ट्र सदैव वीर नारियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित होने का आह्वान किया और करगिल के वीरों की भावना को आत्मसात करने की बात कही।

## 26वें करगिल विजय दिवस पर हैदराबाद में शहीदों को श्रद्धांजलि



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 26वें करगिल विजय दिवस के अवसर पर, तेलंगाना और आंध्र सब एरिया ने आज यहां राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक श्रद्धापूर्ण माल्यार्पण समारोह का आयोजन किया।

समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने शिरकत की, जिन्होंने तीनों सेवाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा, हमारे सैनिकों की बहादुरी और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा और उनका सम्मान किया जाएगा। हम उनकी स्मृति और विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

यह कार्यक्रम हमारे बहादुर सैनिकों के शौर्य और बलिदान की मार्मिक याद दिलाता है, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से राष्ट्र के लिए लड़ाई लड़ी। इस समारोह में उन नायकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने अद्वितीय शौर्य और साहस के साथ हमारे राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा की। यह आयोजन राष्ट्र की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले बहादुर सैनिकों के प्रति गर्व, सम्मान और कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ था।

### हिंसा के बीच मणिपुर में नई उम्मीद की किरण

## *महीनों बाद वापस खेती पर लौटे किसान*



**इम्फाल, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में मई 2023 से हिंसा जारी है। यहां इंफाल घाटी मे रहने वाले मैते और कुकी जनजाति समेत आसपास की पहाड़ियों में रहने वाले आदिवासी समुदायों के बीच हिंसा छिड़ी है। इस हिंसा ने विकराल रूप लिया है, जिसमें अबतक कई लोगों की मौत हो चुकी है। हिंसा से राज्य में न केवल अशांति फैली है, बल्कि यहां की खेती पर भी काफी असर पड़ा है, जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है।

मणिपुर में पिछले कई महीनों से जारी हिंसा के कारण कई किसानों को अपनी जमीन छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इससे उनकी काफी फसलें बर्बाद हुईं। वहीं नाकेबंदी और हर तरफ फैली हिंसा के कारण किसान अपनी फसलों को मंडी तक पहुंचाने में भी संघर्ष कर रहे हैं।

इससे या तो उनकी फसलें खराब हो रही हैं या फिर उन्हें कम कीमतों में बेचना पड़ रहा है। इतना ही नहीं यहां कृषि कार्यों के लिए श्रमिक भी उपलब्ध नहीं हैं, जिससे फसलों की कटाई-बुवाई में देरी हो रही है। अब महीनों बाद यहां कुछ उम्मीद की किरण दिखी है।

मणिपुर के सीमावर्ती गांव वारोइचिंग और खामोंग में हिंसा के बाद में खेतों में थोड़ी शांति लौटी है। हिंसा के बाद से यहां के किसान डरे-सहमे थे, जिससे उनकी खेती भी प्रभावित हो रही थी, लेकिन अब सुरक्षाबलों के लगातार निगारनी से यहां वापस खेती शुरू हो गई है। सुबह से दोपहर तक कुकी और मैते दोनों समुदाय के लोग अपने-अपने खेतों में काम कर रहे हैं।

इसको लेकर अरंबम हीरोजीत नाम के एक किसान ने बताया कि सुरक्षाबलों की निगरानी के बाद से वह आराम से खेती कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि सुरक्षाबलों की देखरेख से उन्हें काफी सुविधा मिल रही है और सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मणिपुर में बुवाई का मौसम शुरू हो गया है। इसे देखते हुए यहां किसानों की सुरक्षा के लिए बंदोबस्त किए गए हैं। यहां की खेती वाली जगहों पर मणिपुर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। यहां पर जिला अधिकारियों और पुलिस समेत समुदाय के लोगों से बातचीत भी की जा रही है। अधिकारियों ने किसानों को संवेदनशील जगहों पर खेतों के लिए जाने से पहले सर्तक रहने और सुरक्षाबलों को सूचित करने के लिए कहा है।

## शहीद शिवशंकर गुप्ता के परिवार को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**औरंगाबाद, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** करगिल विजय दिवस पर शनिवार को पटना में 'द हिंदू फाउंडेशन, नागपुर' द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में औरंगाबाद के रफीगंज के बंचर गांव निवासी करगिल शहीद शिवशंकर गुप्ता के परिवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सम्मानित किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, आरएसएस के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह एवं भाजपा के बिहार प्रदेश संगठन मंत्री भिखूभाई दलसानिया आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शहीद शिवशंकर गुप्ता की पत्नी रेखा देवी एवं पुत्र राहुल कुमार को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कारगिल शहीद शिवशंकर गुप्ता के पुत्र राहुल कुमार ने राज्यपाल एवं उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए कहा कि सरकार ने कारगिल शहीद के परिजनों को नौकरी देने की घोषणा की थी, लेकिन अबतक उनके परिवार को नौकरी नहीं मिली है। उनका आग्रह है कि उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने करगिल के अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि करगिल युद्ध में शिवशंकर गुप्ता बहादुरी के साथ शहीद हुए। अमर शहीद शिवशंकर गुप्ता का समर्पण, त्याग, बलिदान और कुर्बानी औरंगाबाद जिले के इतिहास में ज्योतिर्गमय प्रकाश की तरह चमकता रहेगा। ऐसे बहादुर सपूत के प्रति हमलोग हजार बार नतमस्तक हैं, जिन्होंने देश की अस्मिता की रक्षा के लिए करगिल के युद्ध में शहादत दी।

औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड के बंचर गांव निवासी नंदलाल गुप्ता और पूनम देवी के पुत्र शिवशंकर गुप्ता कारगिल युद्ध से ढाई साल पहले 28 अक्टूबर 1996 को सेना में भर्ती हुए थे। वह बिहार रेजीमेंट के पहली बटालियन में सिपाही थे। यह वही रेजीमेंट है, जिसने दुश्मनों पर सबसे पहले हमला किया था और यहीं से करगिल युद्ध की शुरुआत हुई थी।

इस युद्ध में बिहार रेजिमेंट की बटालियन के सिपाहियों और अधिकारियों ने सबसे पहले शहादत दी थी। इसमें सिपाही शिवशंकर गुप्ता भी शामिल थे। जिस वक्त दुश्मनों ने बिहार रेजीमेंट की बटालियन पर हमला किया था, उस समय अग्रिम पंक्ति में लांस नायक गणेश प्रसाद यादव थे। दुश्मनों की गोलियों से वह शहीद हो गए थे। उस समय शिवशंकर भी वहां मौजूद थे। उन्होंने गणेश यादव के पार्थिव शरीर को लाना चाहा। वह साथी सैनिकों के साथ गणेश यादव का शव लाने के लिए आगे बढ़े। 14230 फुट ऊंची पथरीली व बर्फीली पहाड़ी पर पहुंच कर उन्होंने देखा कि कंपनी कमांडर लांस नायक का शव दुश्मन के मांद के पास पड़ा है। वे शव तक रेंगते हुए पहुंचे और हथियार-गोला नीचे ले आए। लांस नायक का शव लाने के लिए दोबारा फिर से पहाड़ी पर चढ़े। 50 मीटर तक पहुंचे तभी दुश्मनों ने फायरिंग शुरू कर दी। उन्हें गोली भी लगी लेकिन हिम्मत नहीं हारी। मोर्चा संभालते हुए शिवशंकर ने भी दुश्मनों पर गोलीबारी की। करीब 2 घंटे तक दोनों ओर से फायरिंग होती रही। उस वक्त लांस नायक गणेश यादव के शव को दुश्मनों ने अपने कब्जे में ले लिया था। शिवशंकर गुप्ता दुश्मनों के पास पहुंच गए। जब वह शव को लेकर वापस लौट ही रहे थे तभी दुश्मनों ने फिर गोली चला दी। गोली लगने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और लांस नायक गणेश यादव के पार्थिव शरीर को कंधे पर लेकर अपने क्षेत्र में पहुंच गए। शिव शंकर गुप्ता को काफी गोली लगी थी। इस कारण उनका काफी खून बह गया था। ज्यादा खून बहने के कारण वे वहीं शहीद हो गए। इसके बाद 6 जून 1999 को सेना से शिवशंकर गुप्ता के परिवार को एक पत्र आया था। पत्र खोलने पर एक हजार रुपये और उनके पुत्र की शहादत की खबर थी। पत्र मिलने के एक महीने पहले तक परिवार को शहादत की कोई खबर नहीं थी।

## चंदौली में नहर टूटी, जलमग्न हुआ गोधना गांव, चलने लगी नाव

**चंदौली, 26 जुलाई (एजेंसियां)।** जनपद के नियामताबाद विकासखंड अंतर्गत गोधना नई बस्ती के पास शनिवार की सुबह नारायनपुर गंगा नहर का तटबंध अचानक टूट गया। यह घटना सुबह लगभग चार बजे हुई, जब अधिकांश लोग गहरी नींद में थे। तेज बहाव के साथ नहर का पानी खेतों और घरों की ओर तेजी से फैल गया। इस आपदा से करीब ढाई सौ एकड़ में लगी धान की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई, वहीं करीब 50 घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान, अनाज व पशु चारे को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के अनुसार, नारायनपुर नहर को 'गंगा नहर' कहा जाता है क्योंकि इसमें अत्यधिक जल प्रवाह और गहराई होती है। यह नहर जिले की प्रमुख सिंचाई स्रोत है और वर्तमान में अधिक मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण यह उफान पर थी। तटबंध जिस स्थान पर टूटा, वह काफी समय से क्षतिग्रस्त था और दोनों ओर से कटान की स्थिति में था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तटबंध की खराब स्थिति को लेकर दो महीने पूर्व ही सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) को शिकायत दी गई थी, लेकिन इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। शनिवार को जब तटबंध टूटा तो तत्काल फोन कर अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन एसडीएम तक ने फोन नहीं उठाया। अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी तत्काल मौके पर नहीं पहुंचे। स्थिति से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने मुगलसराय-गोधना मुख्य मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि यदि समय पर विभाग सक्रिय होता तो यह बड़ी आपदा टाली जा सकती थी। घटना के पांच से छह घंटे बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा, जिसके बाद तटबंध की मरम्मत कार्य शुरू किया गया।

## तेलंगाना में एनएचआरसी मानवाधिकार उल्लंघन के 109 मामलों की सुनवाई करेगा

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) 28 और 29 जुलाई को कथित मानवाधिकार उल्लंघन के 109 मामलों की सुनवाई एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु दो दिवसीय 'खुली सुनवाई और शिविर बैठक' आयोजित करेगा।

आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम के साथ सदस्य न्यायमूर्ति (डॉ.) विद्युत रंजन सारंगी और सुश्री विजया भारती सयानी सोमवार को सुबह 10:00 बजे हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित एमसीआर एचआरडी संस्थान में





शिकायतकर्ताओं और संबंधित राज्य अधिकारियों की उपस्थिति में मामलों की सुनवाई करेंगे। आयोग के महासचिव भरत लाल, महानिदेशक (जांच) आर.पी. मीणा, रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## सिंगापुर के दौरे पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, करेंगे निवेश को बढ़ावा

**विजयवाड़ा, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू आज रात सिंगापुर के पांच दिवसीय दौरे के लिए रवाना होंगे।

मुख्यमंत्री के साथ मंत्री और अधिकारी भी होंगे, जो इस पांच दिवसीय दौरे में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान, मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू जाने-माने उद्योगपतियों और प्रमुख व्यक्तियों से मुलाकात करेंगे।



अपने दौरे के पहले दिन, मुख्यमंत्री सिंगापुर में दक्षिण-पूर्व एशिया से आए तेलुगु प्रवासियों के कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के साथ-साथ मलेशिया, इंडोनेशिया, फिलीपींस और थाईलैंड जैसे कई देशों के तेलुगु उद्योगपति, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, निवेशक और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

यहां शनिवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एपी एनआरटी द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में लगभग 1500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। एपी एनआरटी और राज्य सरकार के अधिकारियों ने सिंगापुर में वन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में इस सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बैठक में आंध्र प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए भारत के अलावा अन्य देशों में भी रोजगार के अवसर प्रदान करने पर चर्चा होगी। साथ ही, विभिन्न देशों में रहने वाले तेलुगु लोगों को एपी के विकास में भागीदार बनाने जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू तेलुगु उद्योगपतियों और एनआरआई से एपी में 'जीरो पॉवर्टी-पी4' कार्यक्रम में भागीदार बनने का आग्रह करेंगे। इस दौरे के दौरान, एनआरआई के माध्यम से एपी से विभिन्न देशों में निर्यात बढ़ाने के लिए आवश्यक योजनाओं को लागू करने पर भी चर्चा होगी।

कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श होगा। मुख्यमंत्री, मंत्रियों और एपी के अधिकारियों के साथ सिंगापुर में खेल, बंदरगाहों सहित विभिन्न बुनियादी ढांचा सुविधाओं और लॉजिस्टिक केंद्रों का दौरा करेंगे। इस सिंगापुर दौरे में मुख्यमंत्री के साथ मंत्री नारा लोकेश, टीजी भरत, पी. नारायण और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## आंध्र प्रदेश डीजीपी के समक्ष दो वरिष्ठ माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



**विजयवाड़ा, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरीश कुमार गुप्ता के समक्ष दो वरिष्ठ माओवादियों ने शनिवार को आत्मसमर्पण किया।

डीजीपी ने इस मौके पर मीडिया से कहा कि दो माओवादियों जोरीगे नागराजू उर्फ कमलेश, राज्य क्षेत्रीय समिति सदस्य (एसजेडसीएम) और पूर्वी बस्तर संभागीय समिति (डीवीसी) के प्रभारी और उनकी पत्नी मेदका ज्योतिश्वरी उर्फ अरुणा, संभागीय समिति सदस्य (डीवीसीएम) और मोबाइल अकादमिक राजनीतिक संगठन स्कूल (एमएपीओएस), पूर्वी बस्तर की प्रभारी ने उनके समक्ष आत्मसमर्पण किया।

## भाग्यनगर कांवड़ सेवा संघ की 28वीं भव्य कांवड़ यात्रा आज

# चारमीनार से मंचीरेवुला स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक शिवभक्ति का महापर्व



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भाग्यनगर कांवड़ सेवा संघ (पंजी.) द्वारा आयोजित 28वीं भव्य कांवड़ यात्रा 2025 का आयोजन कल, रविवार 27 जुलाई को प्रातः 6:21 बजे से किया जाएगा। यह यात्रा चारमीनार स्थित श्री महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर मंचीरेवुला स्थित ब्रह्मसूत्र ओंकारेश्वर स्वामी देवालयम (प्राचीन शिव मंदिर) तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सनतनगर विधायक एवं पूर्व मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव भाग लेंगे।

यह भव्य यात्रा हर वर्ष की तरह इस बार भी शिवभक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी, जिसमें हजारों कांवड़िये हरिद्वार की हर की पौड़ी से लाया गया पवित्र गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

**कांवड़ यात्रा का कार्यक्रम एवं मार्ग**

प्रथम पड़ाव – द्रोपदी गार्डन, सीताराम बाग (अल्पाहार)

दूसरा पड़ाव – सुगना गार्डन, पिल्लर नं. 102, लंगर हाउज़ रोड (मध्याह्न भोजन एवं विश्राम)

तीसरा पड़ाव – ओम कन्क्लेव, नारसिंगी चौक (शिव भंडारा एवं रात्रि में भजन)

संघ ने स्पष्ट किया है कि यात्रा मार्ग में स्वागत करने वाली सभी संस्थाओं से अनुरोध है कि केवल पुष्प की वर्षा करें और किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री न दें।

**शिव भंडारा एवं शिव महा–जागरण**

रविवार, दि. 27 जुलाई 2025 को रात्रि 8 बजे से ओम कन्क्लेव, नारसिंगी में शिव भंडारा एवं शिव महा जागरण किया जाएगा। भक्ति रस से भरपूर इस आयोजन में भजन प्रस्तुति सागर व्यास (हैदराबाद) करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि संजीव चड्ढा (मुजफ्फरनगर, उ.प्र.) रहेंगे।

**प्रमुख सहयोगी और सामाजिक सहभागिता**

इस यात्रा को सफल बनाने में शहर की कई प्रमुख धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। जिनमें–श्री बालाजी भक्त मण्डल हैदराबाद,श्री कुंजलाल सुरेशकुमार डाकोतिया,श्री रामस्वरूपदास विश्वनाथ अग्रवाल,श्री अग्रवाल समाज अमीरपेट शाखा,श्री रघुनाथमल नरेन्द्रकुमार गोयल,श्री कन्हैयालाल सुनीलकुमार अग्रवाल,श्री बजरंगलाल विष्णुकुमार केड़िया,श्री सुभाषचन्द्र बंसल (अद्विका फूड),श्री कृष्णकुमार आशीषकुमार गर्ग,श्री जीवनलाल–कैलाशदेवी अग्रवाल,श्री गौरिशंकर–श्रीमती रेणु सोनी,श्री पवन कोठारी,श्री विजयकुमार अग्रवाल,श्री अनिलकिशोर अभिनव अग्रवाल,श्री पूनीत अग्रवाल,श्री धीरज चोपड़ा,श्री राजेश गुप्ता मोहित गुप्ता,श्री राजकुमार रिटोलिया,श्री रमेशचन्द सजीवकुमार अग्रवाल,श्री महेशकुमार गोयल,श्री चिरंजीला दिलीपकुमार अग्रवाल,श्री संदीपकुमार गोयल,श्री गणपतलाल जगदीशप्रसाद वर्मा,श्री तरसेम सेवा समिति,श्री राज मित्र मण्डल मल्लापुर,डॉ. आलोक शुक्ला,श्री मोतीसिंह राजपुरोहित,श्री मामराज सुरेशचन्द बसईवाले पवन अग्रवाल,श्री महेशचन्द प्रदीपकुमार मित्तल,श्री हरिओम गर्ग,श्री हैप्पी गोयल,श्री देवकीनन्दन रमेशचन्द कड़ेल,श्री कमलकुमार आदित्य कुमार मित्तल,भाग्यनगर शिव भक्त मंडल भाग्यनगर (तेलंगाना),मेसर्स बंसल बन्धु चिट फण्ड शामिल हैं।

**यात्रा मार्ग में स्वागत करने वाली धार्मिक संस्थाएँ एवं परिवार**

**मदन भवन, चारकमान:** मैढ़ स्वर्णकार समाज तेलंगाना काँवड़ सेवा समिति

**पुष्पा नर्सिंग होम:** श्री देवकीनन्दनजी रमेशचन्द्रजी कड़ेल, कड़ेल परिवार

रिकाबगंज: गौ सेवा मित्र मण्डल

**खोकरवाड़ी:** अग्रवाल समाज रिकाबगंज शाखा

**घाँसी बाजार:** हिन्दू धर्मप्रेमी भाग्यनगर, किंकाण परिवार, गौ सेवा ट्रस्ट इण्डिया, कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज, बीजेपी टीम, श्याम सेवक परिवार एवं वीर हनुमान भक्त मण्डल

**चारकमान:** झिंगा परिवार

**सिटी कॉलेज:** अग्रवाल समाज घाँसी बाजार झूला शाखा

**सिटी कॉलेज पुलिस स्टेशन के पास:** अग्रवाल समाज वनस्थलीपुरम शाखा

**सिटी कॉलेज ब्रिज के पास:** दिनेशकुमार गुप्ता परिवार एवं मित्रगण

**बेगम बाजार:** भू–लक्ष्मी माता मंदिर, वाई. बाबू गुरु

**बेगम बाजार:** सांवरिया भक्त मण्डल

**रवि पेट्रोल पम्प:** श्रीमाली समाज

**केड़िया भवन गोशामहल:** अग्रवाल समाज गोशामहल शाखा

**गोशामहल रोड:** श्याम सेवक परिवार एवं शुक्ला परिवार

**आसिफनगर माता मंदिर:** उपाध्याय परिवार

पी.वी. नरसिम्हा राव ब्रिज पिल्लर नं. 25: सिद्धि विनायक ज्वैलर्स

पी.वी. नरसिम्हा राव ब्रिज पिल्लर नं. 31: श्रीराम ज्वैलर्स

पी.वी. नरसिम्हा राव ब्रिज पिल्लर नं. 92: माँ बनभौरी समिति, भाग्यनगर

**सीतारामबाग:** बालाजी डोर्स, श्री जगन्नाथ मठ अच्युत रामानुजाचार्य स्वामी

**लंगर हाउस रेनोवा हॉस्पिटल:** जय श्री श्याम मित्र मण्डल

**लंगर हाउस धनवी हॉस्पिटल:** डॉ. परीक्षित दुबे परिवार

**श्रीराम मंदिर लंगर हाउस:** शशिकांत शुक्ला परिवार

**लंगर हाउस:** शुभम चन्द्रकांत अग्रवाल मोरछड़ीवाले

**अधिक जानकारी के लिए :**

**अध्यक्ष:** मांगेराम तायल (93948 08080)
**उपाध्यक्ष:** सुरेन्द्र अग्रवाल (98480 90007)
सुनीलकुमार अग्रवाल ( 94400 09998)
**कोषाध्यक्ष:** चम्पालाल बैद (98480 85619)
**महामंत्री:** कमलकिशोर मालानी (90325 19292)
**सह–मंत्री:** ललित कड़ेल (94404 21515)
**महिला अध्यक्ष:** रूबी मिश्रा (93910 20723)
**महिला उपाध्यक्ष:** मीनू गुप्ता (90090 70907)
**यात्रा संयोजक गण:** पुरुषोत्तम अग्रवाल (92474 24477)
सुरेश जगनानी ( 98851 89821)
विजयकुमार अग्रवाल (98480 90121
प्रचार मंत्री: नन्दगोपाल भट्टड़ (88977 32619)
**सह–प्रचार मंत्री:** पंकज वर्मा (63022 29828)
**यात्रा प्रबंधक:** ओमप्रकाश अग्रवाल (94412 94422)
मनीष कींकाण (90148 81666)
अभिनव अग्रवाल (98491 48298)
भरत अग्रवाल (91771 46101)
कुणाल गोयल (98494 85005)
भरत छाबड़िया (98857 66617)

**महिला समिति:** अहिल्या मिश्रा, पुष्पा वर्मा, युवा समिति: श्री शिवभक्त मण्डल से संपर्क करें। संघ ने समस्त शिव भक्त परिवारों से इस भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल होकर शिवभक्ति और आस्था के इस महापर्व को सफल बनाने की अपील की है।

# रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटिनियल की बैठक संपन्न, 1 अगस्त को होगा नई टीम का इंस्टॉलेशन



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद सेंटिनियल की एक महत्वपूर्ण बैठक टैंक बैंड स्थित होटल मैरियट में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्लब के अध्यक्ष चेतन ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और आगामी योजनाओं पर चर्चा की।

इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025–26 के लिए क्लब की नई टीम का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम 1 अगस्त को होटल ताज डेक्कन में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान, अध्यक्ष चेतन ने नई टीम के लिए 2025–26 का विस्तृत कार्य विवरण भी सभी सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर आशीष अवस्थी, पंकज कुमार संघी, राजेश अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, सुधीर, महेश सिंघानिया, अशोक काबरा, सुरेश, मधु, वैभव सिंघानिया सहित क्लब के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।





**श्री जैन सेवा संघ के प्रचार–प्रसार मंत्री प्रवीण पांड्या और श्री जैन सेवा संघ महिला विभाग की मंत्री शर्मिला पांड्या के हिमायतनगर स्थित लेजेंड सिद्धी अपार्टमेंट में नए घर के गृहप्रवेश के पावन अवसर पर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर जैन वुमेन्स फोरम की संयोजिका जया जागीरदार ने शॉल ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर रिद्धीश जागीरदार, अशोक ललवाणी, नारायणगुडा सर्कल के इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।**

# यादाद्री जिले में डिवाइडर से टकराई कार, दो पुलिस अधिकारियों की मौत

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शनिवार को सुबह यादाद्री जिले के खैतापुरम में एक सड़क दुर्घटना में दो पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रैंक के अधिकारियों की मौत हो गई और दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह दुर्घटना तब हुई जब वे जिस कार में यात्रा कर रहे थे, वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब डीएसपी चंद्रकर राव और डीएसपी शांता राव, एएसपी प्रसाद और हेड कांस्टेबल नरसिंह राव के साथ विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में एक आधिकारिक कार्य में शामिल होने के बाद हैदराबाद लौट रहे थे।

पुलिस ने बताया कि दोनों डीएसपी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक नरसिंह राव और एएसपी प्रसाद घायल हो गए, जिन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया।

## इसरो का निसार मिशन लॉन्च को तैयार

# धरती की सारी हलचल पर होगी भारत की नजर

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसियां)।**




भारत एक बार फिर अंतरिक्ष की ऊंचाइयों को छूने जा रहा है। 30 जुलाई 2025 को इसरो और नासा मिलकर एक बड़ा मिशन लॉन्च करेंगे। जिसका नाम है निसार, इसका मतलब हुआ नासा–इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार। यह सैटेलाइट श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से जीए–सएलवी–एफ16 रॉकेट के जरिए लॉन्च होगा और धरती की सतह पर होने वाली हर हलचल पर 247 नजर रखेगा।

असल में इसरो के अध्यक्ष डॉ वी नारायणन ने तेलंगाना में एक कार्यक्रम में बताया कि 30 जुलाई को हमारा निसार मिशन शुरू होने वाला है। इस उपग्रह को भारतीय रॉकेट द्वारा कक्षा में स्थापित किया जाएगा। निसार दुनिया का पहला ऐसा सैटेलाइट है जो दोहरी फ्रीक्वेंसी रडार तकनीक (एल –बैंड – नासा और एस –बैंड – इसरो) से लैस है। इसकी खास बात यह है कि ये बादल अंधेरा या बारिश जैसी बाधाओं से प्रभावित नहीं होता। यानी दिन–रात हर मौसम में ये धरती का सही डेटा देगा।

इसका 12 मीटर का मेश एंटीना और स्वीपएसएआर तकनीक इसे एक बार में 242 किलोमीटर चौड़ा क्षेत्र स्कैन करने की ताकत देती है। इस सैटेलाइट की मदद से भूकंप, ज्वालामुखी, हिमस्खलन और सुनामी जैसी आपदाओं का पहले से अंदाजा लगाया जा सकेगा। यहां तक कि 1 सेंटीमीटर की भी जमीन की हलचल पकड़ने की क्षमता इसे अनमोल बनाती है। खासकर हिमालय जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में ये तकनीक जान बचाने वाला साबित हो सकता है।

कृषि के क्षेत्र में भी यह मिशन गेम–चेंजर होगा। निसार मिट्टी की नमी फसलों की स्थिति और जलस्तर जैसी महत्वपूर्ण जानकारी समय पर देगा। इससे किसानों को बेहतर फसल योजना बनाने में मदद मिलेगी और सूखा या बाढ़ जैसी स्थितियों से पहले ही निपटा जा सकेगा। इसके अलावा यह जलवायु परिवर्तन पर भी नजर रखेगा। जैसे हिमनदों का पिघलना या समुद्र स्तर का बढ़ना। भारत की इस उपलब्धि में इसरो की बड़ी भूमिका रही है। इसरो ने इस मिशन के लिए एस –बैंड रडार सैटेलाइट बॉडी और लॉन्चिंग रॉकेट जैसे जरूरी घटक तैयार किए हैं। बेंगलुरु और अहमदाबाद में इसकी टेस्टिंग हुई है। नासा ने इसमें एल –बैंड रडार और मेश एंटीना जोड़ा है। दोनों एजेंसियों ने मिलकर इस तकनीकी चमत्कार को हकीकत में बदला है।ये मिशन सिर्फ विज्ञान का नहीं बल्कि भारत की आत्मनिर्भरता तकनीकी क्षमता और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक है। हालांकि इसमें लागत और डेटा प्रबंधन जैसी चुनौतियां हैं। लेकिन इसरो की साख।. वैज्ञानिकों की मेहनत और भारत के जज्बे के आगे ये चुनौतियां छोटी हैं। निसार एक और प्रमाण है कि भारत विज्ञान की हर ऊंचाई पर अपना परचम लहरा रहा है।

# राजस्थान के नालपुर गांव में बनेगा भव्य श्याम मंदिर, भूमि पूजन में उमड़ा ग्रामीणों का हुजूम

**नालपुर (राजस्थान), 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



राजस्थान के झुंझुनू जिले की खेतड़ी तहसील में स्थित, अपनी तपोस्थली के लिए विख्यात गांव नालपुर में जल्द ही एक भव्य श्याम मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इस मंदिर का निर्माण स्वर्गीय देवाराम महाजन के परिवार द्वारा करवाया जा रहा है। उनकी पाँचवीं पीढ़ी के सदस्य राकेश अग्रवाल, जो कि स्वर्गीय श्योदान राम (पटवारी) के पुत्र स्वर्गीय जगदीश प्रसाद के पुत्र कैलाश चंद्र अग्रवाल के बेटे हैं, के विशेष प्रयासों से यह मंदिर आकार लेगा।

मंदिर निर्माण स्थल पर आज विधि–विधान और मंत्रोच्चार के साथ भव्य भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह अनुष्ठान महेंद्र शर्मा शास्त्री और सोनित शास्त्री द्वारा करवाया गया, जिसमें गांव के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि मंदिर परिसर के अलावा, पीछे बची हुई जमीन पर स्वर्गीय देवाराम महाजन के पूरे परिवार के सहयोग से एक बड़ा गेस्ट हाउस भी बनाया जाएगा। बजरंग लाल महाजन, स्वर्गीय किशोरी लाल महाजन, नारायण प्रसाद, राम सिंह अग्रवाल, राजेश कुमार मालपुरिया, बीरबल, शंकर लाल, स्वर्गीय रोहतास और रामचंद्र सहित अन्य सदस्यों ने इस विशेष आयोजन में अपना योगदान दिया है।

आज के भूमि पूजन के अवसर पर, संजय नालपुरिया, कैलाश चंद नालपुरिया, रामभरोस शर्मा, दिलीप रोजडिया, शेर सिंह ठेकेदार, महावीर शर्मा, मनीराम, शीशराम हवलदार, विक्रम पूनिया, अजय काजला, विजयपाल माट, जेल सिंह रोजडिया, मुकेश गहलावत, संजय अग्रवाल, गुड्डू अग्रवाल, राहुल बंसल, गौरव बंसल, प्रमोद कुमार गुप्ता (दिल्ली), अमित कुमार अग्रवाल (दिल्ली), मास्टर शिव कुमार (दिल्ली), राजेंद्र अग्रवाल (पचेरी) सहित अन्य कई लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत कृष्ण कुमार बंसल और राकेश बंसल ने किया।

# दुनिया में पीएम मोदी का फिर से बजा डंका सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर बरकरार

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (एजेंसियां)।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी लोकप्रियता का परचम लहराया है। बिजनेस इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट के जुलाई के एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी को 75 प्रतिशत लोगों की 'अप्रूवल रेटिंग' प्राप्त हुई है, जो उन्हें दुनिया के अन्य सभी नेताओं से आगे खड़ा करती है। यह सर्वेक्षण दुनिया के प्रमुख 20 नेताओं की लोकप्रियता पर आधारित है, जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने अमेरिका, जर्मनी, इटली, ब्राजील और नीदरलैंड्स जैसे देशों के नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है।रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी को जहां 75 प्रतिशत जनता का समर्थन मिला, वहीं सिर्फ 18 प्रतिशत लोगों ने उनके कार्यों को लेकर असहमति जताई और 7 प्रतिशत लोगों ने कोई राय नहीं दी। यह आंकड़ा पीएम मोदी को उनके समकक्षों में सबसे ऊपर रखता है।

पीएम मोदी के बाद दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे–मयोंग (59 प्रतिशत) और तीसरे नंबर पर अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली (57 प्रतिशत) हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी (56 प्रतिशत) और ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज (54 प्रतिशत) भी शीर्ष पांच में शामिल हैं।वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को केवल 44 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है और 50 प्रतिशत लोगों ने उनसे असहमति जताई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और दक्षिण अफ्रीका के सिरिल रामाफोसा को 54 प्रतिशत नकारात्मक राय झेलनी पड़ी।

स्विट्जरलैंड, पोलैंड, और बेल्जियम जैसे देशों में नेताओं की लोकप्रियता का स्तर 50 प्रतिशत से नीचे रहा। सबसे निचले पायदान पर ब्राजील के लूला दा सिल्वा और नॉर्वे के जोनास गाहर स्टोरे रहे, जिन्हें 60 प्रतिशत लोगों ने अस्वीकार किया।

विशेषज्ञों का मानना है कि पीएम मोदी की अंतरराष्ट्रीय छवि, मजबूत नेतृत्व और घरेलू नीतियों में निर्णायक फैसले उन्हें दुनिया के नेताओं में अलग पहचान देते हैं। ये आंकड़े वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती साख और पीएम मोदी के नेतृत्व की प्रभावशीलता को दर्शाते हैं।




शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, ACCHI MURTAIAH father of Service No.JC 442291W Sub SUDHAKAR RAO ATCHI, Resident of H.No.4-195, Vill and PO:Punuru, Teh:Yeddana Pudi, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh-523161 have changed my name and DOB from MOORTHAIAH, DOB:08-05-1955 to ACCHI MURTAIAH, DOB:01-01-1961 vide affidavit dt:26-7-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, ACCHI KONDAMMA Mother of Service No.JC 442281W Sub SUDHAKAR RAO ATCHI, Resident of H.No.4-195, Vill and PO:Punuru, Teh:Yeddana Pudi, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh-523161 have changed my name and DOB from KONDAMMA, DOB:07-01-1958 to ACCHI KONDAMMA, DOB:01-01-1966 vide affidavit dt:26-7-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, No 6943401K Hav Barve Vilas Rohidas of AOC Records, Secunderabad (TS) that my mother name is changed from BARVE TANABAI to TANHABAI ROHIDAS BARVE

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, Bandana W/o Harikesh Yadav, R/o Jakhaniya, Kritsinghpur, Ghazipur, U.P-275203, have changed my name from BANDANA to BANDANA YADAV & DOB from 01-04-1994 to 20-10-1997 vide affidavit dt. 26-7-2025, before Sec-Bad Court

**NEW FLATS FOR SALE**
3 BHK New Flats at Mylardevpally, Rajendranagar, Stand Alone Building with good water supply, lift, Power Backup, Generator & Car parking.
Contact: 7207324569.

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 27 जुलाई, 2025

गोवत्स फाउण्डेशन
हैदराबाद
(Reg. No. 224/2013)
सभी वैष्णवों एवं सनातनियों से विशेष अनुरोध है कि वे अपनी कमाई का नहीं बल्कि अपने दैनिक खर्च, वैवाहिक खर्च, जन्म दिन, वैवाहिक वर्षगाँठ एवं मंगल प्रसंगों पर होने वाले खर्च का 1% अपनी गोमाता की रक्षा, सेवा व चारा – आहार के लिए योगदान दें।
जय गो माता - जय गोपाल
9849467807
9246532277
Scan for Donation

# एचएनएस चिकत्सालय का भव्य उद्घाटन आज

## स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नया कदम




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिकंदराबाद के लाल बाजार में स्थित एचएनएस (हरियाणा नागरिक संघ) चिकत्सालय का आज भव्य उद्घाटन किया जा रहा है । इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना राज्य के राज्यपाल विष्णु देव वर्मा होंगे।

विशेष अतिथियों के रूप में इटेला राजेंदर (एमपी, मलकाजगिरी), एन. गणेश (एमएलए, सिकंदराबाद कैंटोनमेंट), मधुकर नाइक डी. (सीईओ, एससीबी), और श्रीमती बी. नर्मदा मल्लिकार्जुन (अध्यक्ष, एससीबी) शामिल होंगे।

यह अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, दयालुता और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जनता की सेवा करने के लिए तैयार है।

अस्पताल में कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें इमेजिंग (रेडियोलॉजी), डायग्नोस्टिक, पैथोलॉजी, डे केयर क्लीनिक और फार्मेसी शामिल हैं। यह अस्पताल अपनी बेहतरीन सेवाओं के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।


# अग्रसेन बैंक की आठवीं अमीरपेट शाखा का भव्य उद्घाटन आज

अग्रसेन बैंक AGRASEN BANK
Estd.1998

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रसेन बैंक के इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, बैंक अपने आठवीं शाखा का भव्य उद्घाटन अमीरपेट, हैदराबाद में करने जा रहा है। यह शुभ अवसर 27 जुलाई 2025, रविवार को प्रातः 10:31 बजे आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में श्रीधर बाबू (मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी, संचार, उद्योग, वाणिज्य और विधानमंडल, तेलंगाना राज्य) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिरुद्ध गुप्ता, अध्यक्ष – अग्रवाल समाज, तेलंगाना, रामभरत गुप्ता, एमडी – तिबरुमल ज्वेल्स (प्रा.) लिमिटेड एवं अशोक कुमार सोमानी, एमडी – सोमानी इस्पात (प्रा.) लिमिटेड शामिल होंगे।

इस अवसर पर निदेशक मंडल के प्रमोद कुमार केडिया (चेयरमैन), नवीन कुमार अग्रवाल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सुरेश अग्रवाल (उपाध्यक्ष), नारायण दत्त, (चेयरमैन-बीओएम) एवं निदेशक- नरसिंग दास, मोहन अग्रवाल, गोपाल चंद अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, अपूर्वा अग्रवाल, बजरंग प्रसाद गुप्ता, अनजु केडिया, सीए पंकज कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे।

अग्रसेन बैंक के सभी कर्मचारी इस ऐतिहासिक अवसर के लिए उत्साहित हैं और आप सभी का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।




# मिधानि में नराकास (उ) की कंप्यूटर पर हिंदी शब्द संसाधन प्रतियोगिता सम्पन्न



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के उद्यम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हैदराबाद-सिकंदराबाद (नराकास-उ) के तत्वावधान में कंप्यूटर पर हिंदी शब्द संसाधन (हिंदी टंकण) की अंतर-उपक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न उपक्रमों के कर्मचारियों ने हिंदी विभाग और अन्य विभागों की श्रेणियों में भाग लिया।

**उद्घाटन सत्र में उत्साह**

प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मिधानि के मानव संसाधन विभाग के विभागाध्यक्ष श्री हरिकृष्ण वी, अपर महाप्रबंधक (प्रभारी, मा. संसा.) ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए नराकास (उ) के प्रति आभार जताया और प्रतियोगिता की सफलता की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि मिधानि नराकास (उ) की सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाता है और यह कौशल-आधारित प्रतियोगिता हिंदी कार्यान्वयन का मूल आधार है।

**नराकास (उ) की भूमिका पर प्रकाश**

नराकास (उ) के सदस्य सचिव डॉ. राजनारायण अवस्थी, प्रबंधक (ईसीआईएल) ने हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं में हिंदी विभाग से इतर विभागों को शामिल करने का प्रयास किया जाता है। नराकास (उ) भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुपालन में राजभाषा कार्यान्वयन में सहायक है, और हैदराबाद-सिकंदराबाद नराकास का देशभर में विशिष्ट स्थान है।

**हिंदी कार्यान्वयन की प्रतिबद्धता**

श्री एमपी रमेश, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा, ईएमएस, कैंटीन तथा टी एवं डी) ने बताया कि मिधानि में हिंदी का सुचारू कार्यान्वयन हो रहा है, और प्रबंधन का सकारात्मक दृष्टिकोण इसका परिणाम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सहायक निदेशक संतोष कुमार ने प्रतियोगिता का मार्गदर्शन और मूल्यांकन किया।

**संचालन और सहयोग**

प्रबंधक डॉ. बी. बालाजी ने उद्घाटन का संचालन किया और हिंदी प्रतियोगिताओं को कार्यान्वयन का हिस्सा बताया। श्रीमती ऊषा रानी (कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया) ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। श्रीमती डीवि रत्न कुमारी और विकास कुमार आजाद ने सक्रिय योगदान दिया। बीएसएनएल के श्याम कुमार और एम नरेंद्रनाथ ने भी शोभा बढ़ाई।

**प्रतिभागियों की शानदार भागीदारी**

प्रतियोगिता में के. आदिनारायणा, विकास कुमार आजाद (मिधानि), विजय उमरेडकर, अक्षत जैन (ईसीडीसी लि.), राम्या श्री, आशीष किरोड़िवाल (नेशनल फर्टिलाइजर्स), आशीष कुमार पांडेय, सूर्यशेखर पंडित (राष्ट्रीय बीज निगम लि.), जी. सुजनी, शुक्ला उपेंद्र कुमार (एएआई) समेत विभिन्न संगठनों के कर्मचारियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**हिंदी के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि**

प्रतियोगिता के सफल समापन ने सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों की हिंदी प्रयोग और कार्यान्वयन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।


# जगन्नाथ खाकी अखाड़ा मठ मंदिर में सत्संग हॉल का पूजन



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेगम बाजार के शंकर बाजार स्थित जगन्नाथ खाकी अखाड़ा मठ मंदिर में आज (27 जुलाई, 2025) गुरुकृपा से महंत अमृत दास खाकी जी के नेतृत्व में एक नए सत्संग हाल का पूजन किया गया।इस शुभ अवसर पर, पुरुषोत्तम राजकुमारी मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना की गई।

पूजन के आचार्य सुनील पाण्डेय और महेश गौतम थे, जिन्होंने वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया।

इस मौके पर कई भक्तगण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें गोपाल राठी, गिरिराज मिश्रा, नीलेश मूंदड़ा, और विजय तोतला प्रमुख थे। सभी ने मिलकर इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया और मंदिर के लिए एक नए सत्संग हाल के निर्माण पर खुशी व्यक्त की। यह नया हाल भक्तों को सत्संग और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर स्थान प्रदान करेगा।







# निज़ामाबाद पुलिस कमिश्नर साई चैतन्य का सम्मान, समाज सेवा के लिए सराहना



**निज़ामाबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** निज़ामाबाद के पुलिस कमिश्नर, श्री साई चैतन्य, आईपीएस, को समाज में उनके उत्कृष्ट योगदान और निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान अरुण दकोटिया के नेतृत्व में एक समूह द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें अविनाश देवड़ा, सुरेश माली, दिनेश सांकला, भरतराज देवड़ा और भगवत कृष्ण देवड़ा शामिल थे।सम्मान समारोह के दौरान, समूह ने पुलिस कमिश्नर साई चैतन्य के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ, समाज के कमजोर वर्गों की मदद करने और लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के लिए उनके प्रयासों की प्रशंसा की।इस अवसर पर, कमिश्नर साई चैतन्य ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें अपने कर्तव्य को और अधिक लगन से निभाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच सहयोग से ही एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण संभव है।इस सम्मान समारोह में, सभी सदस्यों ने निज़ामाबाद में पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में चल रही सकारात्मक गतिविधियों के बारे में भी बात की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



राधे राधे ग्रुप द्वारा अपने दूसरे केंद्र पर भी नियमित अन्नदान कार्यक्रम के तहत शनिवार को बेगम बाजार गौशाला के समीप माता के मंदिर के पास जरूरतमंद लोगों को अल्पाहार वितरित किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने इस सेवा कार्य में सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर राधे राधे ग्रुप के -जगत नारायण अग्रवाल महेश अग्रवाल,रोहित भाई,जगन भाई चंपापेट,श्याम भाई,रवि अग्रवाल,अनिल भाई,गोविंद राम जी,पन्नालाल जी,नमन अग्रवाल,सुनील भाई,विनोद तोशनीवाल,अशोक अग्रवाल,शिव भगवान,रीतेश अग्रवाल,पूजा विजयवर्गी,मीना अग्रवाल,शर्मिला अग्रवाल,लता गोयल,आशीष,किशन पाल एवं अन्य सदस्यों ने सेवा की।

# हिंदी प्रचार सभा के कार्यक्रमों की केंद्रीय मंत्रियों ने की सराहना



**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के 90 वर्ष के सफल कार्यकाल और हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके प्रयासों की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और नागरिक विमानन मंत्री राममोहन नायुडु ने जमकर सराहना की है।सभा के प्रधानमंत्री एस. गैबुवली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में इन मंत्रियों से मुलाकात की और उन्हें सभा की गतिविधियों से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सभा की परीक्षाओं के माध्यम से अब तक लाखों छात्रों ने हिंदी सीखी है और हजारों हिंदी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है, जो आज तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

केंद्रीय मंत्रियों ने हिंदी को अहिंदी भाषी राज्यों में लोकप्रिय बनाने के लिए सभा के प्रयासों की प्रशंसा की और भविष्य में सभा के कार्यक्रमों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**विवरणिका का विमोचन**

इस अवसर पर, केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री राममोहन नायुडु ने हिंदी सेवा सदन महाविद्यालय द्वारा तैयार की गई एक विशेष विवरणिका का विमोचन भी किया। यह विवरणिका सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए हिंदी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित है।

प्रतिनिधिमंडल में एस. गैबुवली के अलावा कानूनी सलाहकार जे. वेंकटराम नरसिंहा रेड्डी, आंध्र प्रदेश हिंदी प्रचार सभा के अध्यक्ष सी.एल. नायुडु, सदस्य रमा देवी और रवि प्रसाद रेड्डी भी शामिल थे। इन सभी ने केंद्र सरकार के अधिकारियों से भी भेंट की और सभा के कार्यों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्रियों और अधिकारियों ने सभा को उनके सराहनीय कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं।






# साध्वी श्री डॉ गवेषणाश्री जी के सान्निध्य में वीतराग पथ कार्यशाला का आयोजन




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वी श्री डॉ गवेषणाश्री जी के सान्निध्य में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशन में तेरापंथ युवक परिषद् हैदराबाद ने 24 जुलाई को तेरापंथ भवन, सिकंदराबाद में वीतराग पथ कार्यशाला का आयोजन किया। राजेंद्र बोथरा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत साध्वी श्री द्वारा नवाकर महामंत्र के उच्चारण से हुई, जबकि भिक्षु प्रज्ञा मंडली ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। तेयुप अध्यक्ष राहुल गोलछा ने पधारे श्रावक समाज का स्वागत किया।

साध्वी वृंद ने वीतरागता पर सुमधुर गीतिका का संगान किया। मुमुक्षु बहन वीनू जी सकलेचा ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि मोक्ष के कई मार्ग हैं, जिनमें भक्ति का मार्ग भी शामिल है। उन्होंने तेरापंथ युवक परिषद्, तेरापंथ समाज और साध्वीश्री जी के प्रति कृतज्ञता जताई। वीनू जी ने कहा कि यह भक्तिमय अभिनंदन समारोह निर्जरा का बड़ा कारण बन सकता है, क्योंकि भगवान ने करना, कराना और अनुमोदन को समान माना है। उन्होंने हर घंटे से 2 मिनट निकालकर 48 मिनट वीतरागता के पथ पर अग्रसर होने का अनुरोध किया।

साध्वीश्री के वीतरागमयी वचनों ने बताया कि जीवन में भावों की निर्मलता से ही वीतरागता का प्रकाश आत्मा में उतरता है। उनके मार्गदर्शन से वीतराग पथ पर चलने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर दीक्षार्थी वीनू जी सकलेचा, जिन्होंने सांसारिक मोह का त्याग कर वीतरागता की ओर कदम बढ़ाया, विशेष रूप से उपस्थित थीं। उनका यह निर्णय सभी के लिए प्रेरणा है कि त्याग और संयम से जीवन की दिशा बदली जा सकती है।

कार्यक्रम का संचालन विनोद दुगड़ ने किया, जबकि मंत्री नीरज सुराणा ने संयोजक विनोद दुगड़ और पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



राधे राधे ग्रुप द्वारा अपने नियमित अन्नदान कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्व. श्रीमती उर्मिला धानुका की मासिक पुण्यतिथि के अवसर पर श्री धानुका परिवार, दिल्ली एवं श्रीमती पूजा अग्रवाल के जन्मदिन पर जगदीशप्रसाद मदनलाल गोयल परिवार (एम एल ज्वैलर्स) द्वारा नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नं. 1265 के समीप जरूरतमंद लोगों को अल्पाहार वितरित किया गया। इस अवसर पर राधे राधे ग्रुप के - रामप्रकाश अग्रवाल,संजय गोयल,किरण गोयल,संजय अग्रवाल,सविता अग्रवाल,सुशील गुप्ता,शीतल गुप्ता,महेश अग्रवाल,अमित गोयल,रश्मित गोयल,पूजा गोयल,ई-जगन चम्पापेट,श्याम सुन्दर अग्रवाल,गोपाल गोयल,नंदकिशोर अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जरूरतमंदों की सेवा की।

# सुगुणा साहित्य पुरस्कार समारोह 3 अगस्त को, वर्षा शर्मा और ममता जायसवाल होंगी सम्मानित

**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** साहित्य सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित सुगुणा साहित्य पुरस्कार का समारोह इस वर्ष रविवार, 3 अगस्त 2025 को आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह मौजम जाही मार्केट, आबिड्स स्थित आरोग्य अस्पताल के सभागार में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चलेगा।

इस वर्ष 2025 का सुगुणा साहित्य पुरस्कार सुश्री वर्षा शर्मा और सुश्री ममता जायसवाल को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार नगर के जाने-माने हिंदी और तेलुगु साहित्यकार डॉ. एम. रंगैया द्वारा दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि डॉ. रंगैया यह पुरस्कार अपनी साहित्य प्रेमी पत्नी, स्वर्गीय एम. सुगुणा की स्मृति में प्रदान करते हैं।पुरस्कार समारोह के समापन के बाद शहर के कई प्रमुख कवि काव्य पाठ करेंगे, जिससे यह कार्यक्रम और भी समृद्ध होगा।

# सेटविन के प्रबंध निदेशक के वेनुगोपाल राव को विश्व गुरु विश्व रिकॉर्ड पुरस्कार




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के सार्वजनिक क्षेत्र के सेटविन के प्रबंध निदेशक के वेनुगोपाला राव को बेरोजगार युवाओं के लिए आत्म-रोजगार और कौशल विकास के प्रयासों के लिए विश्व गुरु विश्व रिकॉर्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार आज शनिवार को शहर में आयोजित एक विशेष समारोह में तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस एलिशती लक्ष्मीनारायण द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में विश्वगुरु विश्व रिकॉर्ड्स के प्रबंध निदेशक सत्यवोलु रामबाबू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

सेटविन मुख्यालय में आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए, के वेनुगोपाला राव ने इस सम्मान के लिए खुशी व्यक्त की और कहा कि राज्य सरकार के समर्थन से यह उपलब्धि संभव हुई। मुख्यमंत्री रेवांत रेड्डी ने इस अवसर पर कहा कि यह पुरस्कार कौशल विकास, युवा सेवाओं और खेल मंत्री वकती श्रीहरि, सेटविन अध्यक्ष एन. गिरिधर रेड्डी, और राज्य युवा सेवा विभाग के विशेष सचिव जयेश रमजान के प्रयासों को भी समर्पित है, जो भविष्य में और उत्साह के साथ सेवा करने की प्रेरणा देगा।

# अग्रवाल समाज गच्चीबावली महिला विंग ने हर्षोल्लास से मनाई हरियाली तीज




**हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज गच्चीबावली महिला विंग ने शनिवार को शाखा अध्यक्ष गीता अग्रवाल के निवास स्थान, हिल रिज स्प्रिंग्स, गच्चीबावली में हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर पारंपरिक वेशभूषा और सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं का गीता अग्रवाल ने इत्र छिड़ककर और मांग टीका भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष शालू गुप्ता ने किया। इस दौरान कई मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। समय पाबंदी के लिए प्रीति अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। लोकगीतों पर आधारित मनमोहक नृत्य नीतू संथालिया, प्रिया अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, गीता अग्रवाल, शालू गुप्ता और पायल अग्रवाल सहित कई महिलाओं ने प्रस्तुत किए।

महिलाओं ने पारंपरिक खेलों का भी खूब आनंद लिया। अंजना टिंबरेवाल द्वारा आयोजित चूड़ी, झूला और सिक्का खेल में बरखा अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'तीज क्वीन' का ताज था, जिसे केंद्रीय समिति सदस्य कमलेश अग्रवाल ने जीता। विशेष पारंपरिक परिधान और मेहंदी स्वयं लगाने वाली संगीता टांटिया को भी विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।अलीशा गुप्ता ने तीज पर आधारित विशेष तंबोला का आयोजन किया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर, शाखा अध्यक्ष गीता अग्रवाल की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'काव्य तरणि' नीतू संथालिया, स्नेहा अग्रवाल और अनीता अग्रवाल जैसे साहित्य प्रेमियों को भेंट की गई। सभी विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।अंत में, शाखा अध्यक्ष गीता अग्रवाल और कोषाध्यक्ष आशा अग्रवाल ने सभी महिलाओं को उपहार स्वरूप घेवर के डिब्बे वितरित किए। आशा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, जिसके बाद महिलाओं द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए स्वादिष्ट चाट भोजन का सभी ने आनंद लिया।

इस कार्यक्रम में शिवानी अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, सुनीता शाह, नेहा टिंबरेवाल, बरखा केडिया और अन्य कई सदस्यों ने भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम और भी सफल रहा।

# अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा की श्रावण की सैर 3 अगस्त को

## कममेटा ग्रीन रिसॉर्ट में होगा आयोजन




हैदराबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)। अग्रवाल समाज, मलकपेट शाखा द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में 'श्रावण की सैर' का आयोजन रविवार, 3 अगस्त को मोहिनाबाद स्थित कममेटा ग्रीन रिसॉर्ट में किया जाएगा। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति शाखा अध्यक्ष पंकज कुमार संघी द्वारा जारी की गई है।

आयोजन की तैयारियों को लेकर महावीर प्रसाद अग्रवाल के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पंकज कुमार संघी ने बताया कि इस सैर में शाखा के सदस्य अपने परिवार के साथ भाग ले सकेंगे और पूरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठा सकेंगे।

**कार्यक्रम का विवरण:**

सुबह: रिसॉर्ट पहुँचने पर सुबह के नाश्ते की व्यवस्था होगी।

दिन में: युवा मोर्चा द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा, स्विमिंग, रेन डांस, और विभिन्न इनडोर-आउटडोर गेम्स की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

शाम: हाई-टी के बाद, युवा मोर्चा द्वारा तंबोला और महिला शाखा द्वारा मनोरंजक गेम्स का आयोजन किया जाएगा। सदस्यों के प्रवेश पत्र पर लकी ड्रॉ भी होगा, जिसके विजेताओं को चंद्रमोहन जी के सौजन्य से चांदी के पदक प्रदान किए जाएंगे।

रात: शाम को स्वादिष्ट रात्रिभोज के बाद सभी सदस्य रिसॉर्ट से प्रस्थान करेंगे।

कार्यक्रम की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए दिनेश गोयल और सुरेश गोयल को संयोजक तथा नितिन अग्रवाल और पीयूष अग्रवाल को सह-संयोजक मनोनीत किया गया है।

इस बैठक में अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल, मंत्री प्रदीप बंसल, संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य गोविंद नारायण मोदी, सुरेश गुप्ता, परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश पचेरिया, श्याम सुंदर अग्रवाल, सुरेश कुमार गोयल, गोपालदास मोदी और निश्चित अग्रवाल सहित कई सदस्यों ने भाग लिया और अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

# मुख्यमंत्री ने राजनीति में धन के प्रभाव को कम करने पर जोर दिया




**हैदराबाद, 26 जुलाई 2025 (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज देश में राजनीतिक व्यवस्था में धन के प्रभाव को कम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विचारधारा आधारित राजनीतिक व्यवस्था की जगह प्रबंधन राजनीति के बढ़ते प्रभुत्व पर गहरी चिंता जताई।

एस जयपाल रेड्डी स्मृति पुरस्कार समारोह में भागीदारी

आईसीएफएआई लॉ स्कूल और कैपिटल फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित एस जयपाल रेड्डी स्मृति पुरस्कार समारोह में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धन राजनीतिक व्यवस्था को नियंत्रित कर रहा है और इसके परिणाम समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने देश में 'स्विगी राजनीति' के दुर्भाग्यपूर्ण चलन पर भी प्रकाश डाला।

**छात्र राजनीति और विपक्ष की भूमिका पर जोर**

रेवंत ने विश्वविद्यालयों में छात्र राजनीति को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि भविष्य के लिए सक्षम नेता तैयार हो सकें। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका की उपेक्षा हो रही है, जो विचारधारा आधारित राजनीति को बनाए रखने के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों से रचनात्मक सुझाव देने का आह्वान किया और कहा कि उनकी सरकार उन्हें आमंत्रित करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद विधानसभा से किसी विपक्षी सदस्य को निलंबित नहीं किया गया, जो विपक्ष को सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित करने का हिस्सा है।

**जयपाल रेड्डी के योगदान को याद किया**

मुख्यमंत्री ने जयपाल रेड्डी द्वारा देश के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों को याद किया और कहा कि इस वरिष्ठ नेता ने सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में भारतीय राजनीति में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने बताया कि जयपाल रेड्डी ने संसद में तेलंगाना बिल को बिना बहस पारित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोनिया गांधी ने भी तेलंगाना निर्माण में उनकी भूमिका को स्वीकार किया था, और रेवंत ने कहा कि जयपाल रेड्डी के बिना तेलंगाना का गठन संभव नहीं होता।मुख्यमंत्री ने जयपाल रेड्डी के पेट्रोलियम मंत्री के रूप में कई सुधारों और प्रसार भारती अधिनियम को लागू करने की पहल को याद किया। जयपाल रेड्डी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र नेता के रूप में की थी और 1969 में कलवाकुरती निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए। उन्होंने चार बार विधायक, पांच बार लोकसभा सांसद, दो बार राज्यसभा सदस्य और केंद्रीय मंत्री के रूप में सेवा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपाल रेड्डी ने कलवाकुरती में बिजली आपूर्ति के महत्व को पहचाना और इसके विकास के लिए प्रयास किए, साथ ही राजनीति में धन के प्रभाव को कम करने का प्रयास भी किया।

**विचारधारा और प्रेरणा**

रेवंत ने बताया कि जयपाल रेड्डी का किसी से व्यक्तिगत वैर नहीं था और उन्होंने पद के लिए कभी दल नहीं बदला। उन्होंने केवल विचारधारा के मतभेदों पर कांग्रेस छोड़कर नई पार्टी जॉइन की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना की राजनीति को पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और जयपाल रेड्डी से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**पुरस्कार वितरण और विशेष व्याख्यान**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रख्यात लेखक, विचारक और नीति सलाहकार मोहन गुरुस्वामी को एस जयपाल रेड्डी लोकतंत्र पुरस्कार प्रदान किया और कहा कि गुरुस्वामी कई लोगों के लिए प्रेरणा हैं।

विभिन्न सामाजिक सेवा करने वाले व्यक्तित्वों को भी पुरस्कार दिए गए।

# एनएएलएसए वीर परिवार सहायता योजना के तहत कानूनी सेवा क्लिनिक का उद्घाटन

**हैदराबाद, 26 जुलाई 2025 (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सूर्यकांत ने आज वस्तुतः जम्मू-कश्मीर संघ शासित प्रदेश और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों, जिसमें तेलंगाना शामिल है, में राज्या/जिला सैनिक बोर्डों पर स्थापित 'कानूनी सेवा क्लिनिकों' का उद्घाटन किया।तेलंगाना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और तेलंगाना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (टीएसएलएसए) के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस पी सम कोश्य ने शहर के सोमजीगुड़ा स्थित सैनिक कल्याण कार्यालय में स्थापित कानूनी सेवा क्लिनिक का उद्घाटन किया, जिसमें तेलंगाना के विशेष मुख्य सचिव (गृह) एस रवि गुप्ता, एस शशिधर रेड्डी और कर्नल पी रमेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।इस क्लिनिक की स्थापना तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेस कुमार सिंह, जो टीएसएलएसए के संरक्षक-प्रमुख हैं, के कुशल मार्गदर्शन और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस पी सम कोश्य, टीएसएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष, हैदराबाद के सक्रिय समर्थन से की गई।नई दिल्ली स्थित एनएएलएसए ने देश भर में सभी राज्य सैनिक कल्याण बोर्डों और जिला सैनिक कल्याण बोर्डों के साथ 'एनएएलएसए वीर परिवार सहायता योजना, 2025' के तहत कानूनी सेवा क्लिनिक की स्थापना की है। इस क्लिनिक का उद्देश्य रक्षा कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों को 'मुफ्त और सक्षम कानूनी सेवाएं' प्रदान करना है।

इस अवसर पर बोलते हुए रवि गुप्ता ने कहा कि रक्षा कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। सैनिक सीमाओं पर उच्च तनाव के साथ देश की सेवा कर रहे हैं और वे अपने परिवार के कल्याण, चाहे वह घर-मकान, पड़ोस के मुद्दे, सेवा मामले या आपराधिक मामले हों, से हमेशा अवगत नहीं हो सकते। इस कानूनी सेवा क्लिनिक से उनकी जरूरतें पूरी होंगी और यह लगभग 40 से 50 हजार पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों की कानूनी जरूरतों को पूरा करने में अत्यधिक उपयोगी होगा।सभी को संबोधित करते हुए जस्टिस पी सम कोश्य ने कहा कि ये कानूनी सहायता क्लिनिक रक्षा कर्मियों, अर्धसैनिक बलों और पूर्व सैनिकों व उनके परिवार के सदस्यों को, जो तेलंगाना के कोने-कोने में बसे हैं, समर्पित सेवाएं प्रदान करेंगे। इस क्लिनिक की स्थापना उनकी सभी प्रकार की कानूनी सहायता की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से की गई है।रक्षा कर्मी देश के किसी हिस्से में तैनात होते हैं और उनका परिवार कहीं और रहता है, इस अंतर को कम करने के लिए यह कानूनी सेवा क्लिनिक उनकी शिकायतों का शीघ्र समाधान करेगा, उन्होंने कहा। इस प्रक्रिया को धीरे-धीरे राज्य के हर जिले में विस्तारित किया जाएगा, जस्टिस कोश्य ने कहा।इस कानूनी सेवा क्लिनिक अभियान की जागरूकता पूरे राज्य में फैलाई जाएगी और हर परिवार को इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया जाएगा। ये क्लिनिक पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को कानूनी मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में काम करेंगे।कानूनी सहायता क्लिनिक में पैनल वकील और एक पैरा-लीगल वालंटियर हर महीने दो बार सेवाएं प्रदान करेंगे और जरूरतमंदों की सहायता करेंगे, उन्होंने जोड़ा। टीएसएलएसए के सदस्य सचिव चंद्र पंचक्षरी, सेवानिवृत्त पूर्व सैनिक और सैनिक कल्याण कार्यालय के अन्य कर्मचारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# नांदेड जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शरद देशपांडे ने किया किनवट न्यायालय का दौरा

**किनवट, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नांदेड जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं पूर्व जिला न्यायाधीश शरद देशपांडे ने हाल ही में किनवट न्यायालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने किनवट के वकील संघ के कक्ष में अधिवक्ताओं से सद्भावना भेंट की और कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी।



इस दौरान, किनवट वकील संघ की ओर से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शरद देशपांडे का भव्य स्वागत किया गया। वकील संघ के अध्यक्ष एडवोकेट किशोर मुनेश्वर और वरिष्ठ वकील शंकर राठौड़ ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

अपनी भेंट के दौरान, देशपांडे ने विधिक सेवा प्राधिकरण के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि हमारा मुख्य प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि इस प्राधिकरण के माध्यम से समाज के हर वर्ग को न्याय मिल सके।

इस अवसर पर किनवट के दीवानी न्यायाधीश पी. एम. माने, वकील संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट टेकसिंग चव्हाण, सचिव एडवोकेट माज बडगुजर, सह सचिव एडवोकेट सुरेश मुसले, कोषाध्यक्ष एडवोकेट सम्राट सरपे, ग्रंथपाल वी. बी. कानिंदे, एडवोकेट जी. एस. रायबोले, एडवोकेट हरिभाऊ दर्शनवाड सहित कई वरिष्ठ वकील और अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।कार्यक्रम का सफल संचालन एडवोकेट विलास शामिले ने किया।

# कागजनगर नगर आयुक्त ने इंदिराम्मा आवास लाभार्थियों को किया प्रोत्साहित



**कागजनगर, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर शहर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित सरदार बस्ती में इंदिराम्मा आवास योजना के तहत घर आवंटित होने से लाभार्थियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर, नगर आयुक्त एलपुला राजेंद्र ने विशेष रूप से उपस्थित होकर लाभार्थियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया।

आयुक्त ने लाभार्थियों के लिए नारियल फोड़कर शुभ कार्य का शुभारंभ किया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि वे अपने आवासों का निर्माण समय पर पूरा करें। उन्होंने जोर देकर कहा, सरकार द्वारा दिए गए इस अवसर का लाभ उठाएँ और जल्द ही अपने घर में गृह प्रवेश करें।इस कार्यक्रम में लाभार्थियों के अलावा, नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि भी शामिल थे। सरदार बस्ती के निवासियों ने इस योजना के लिए सरकार और अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर ने कागजनगर सरकारी अस्पताल का किया निरीक्षण, बेहतर सुविधाओं के निर्देश



**कागजनगर, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** असीफाबाद के कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे और कागजनगर की सब-कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला ने शनिवार को कागजनगर स्थित एला गौड़ थोटा के सरकारी अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया।कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने अस्पताल अधीक्षक केशव राव को मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाएँ और सेवाएँ तभी सफल होती हैं, जब लोग उनसे संतुष्ट हों। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अस्पताल की इमारत भले ही सुंदर हो, लेकिन मरीजों के लिए अच्छी चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है।

जब अधिकारियों को अस्पताल परिसर में कीचड़ और जहरीले पौधों की समस्या के बारे में बताया गया, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही थी, तो कलेक्टर ने तुरंत एमपीडीओ कोटा प्रसाद को परिसर की साफ-सफाई और मरम्मत कराने का आदेश दिया। इस दौरे के समय कलेक्टर के साथ उप-जिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला, तहसीलदार एम. मधुकर, एमपीडीओ कोटा प्रसाद, अस्पताल अधीक्षक और अन्य डॉक्टर मौजूद थे।

# बीड़ी मजदूरों की समस्याओं को लेकर जगतियाल से प्रतिनिधिमंडल चेन्नई रवाना



**जगतियाल, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीड़ी श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर बीड़ी श्रमिक महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल आज जगतियाल जिले के कोरुटला से चेन्नई के लिए रवाना हुआ। यह प्रतिनिधिमंडल रविवार, 27 जुलाई को तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित अखिल भारतीय बीड़ी एवं सिगार श्रमिक महासंघ की राष्ट्रीय आम परिषद की बैठक में भाग लेगा।

इस बैठक में 14 राज्यों के बीड़ी उद्योग से जुड़े एटक से संबद्ध नेता भाग ले रहे हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य बीड़ी श्रमिकों की समस्याओं पर गहन चर्चा करना और भविष्य के संघर्षों के लिए प्रस्ताव और कार्यक्रम तय करना है।

**–बैठक में उठाई जाने वाली मुख्य माँगे**

प्रतिनिधिमंडल कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेगा और केंद्र तथा राज्य सरकारों के समक्ष अपनी माँगें रखेगा। इन मांगों में शामिल हैं:

**–न्यूनतम मजदूरी:** पिछले कई वर्षों से बीड़ी श्रमिकों के लिए समान न्यूनतम मजदूरी की मांग को लागू किया जाए।

**–प्रतिबंध हटाना:** बीड़ी उद्योग पर केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को तुरंत हटाया जाए, जिससे श्रमिकों का रोजगार प्रभावित हो रहा है।

–जीएसटी में कमी: बीड़ी उद्योग पर लगाए गए 28% जीएसटी को कम किया जाए।

**–पेंशन में वृद्धि:** सेवानिवृत्ति के बाद बीड़ी श्रमिकों के लिए न्यूनतम पेंशन को 9,000 रुपये तक बढ़ाया जाए। ईपीएफ ट्रस्ट बोर्ड ने इसे 1,000 रुपये से बढ़ाकर 7,500 रुपये करने का फैसला किया है, जिसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से तुरंत बजट आवंटित करने की मांग की जाएगी।

**–कल्याणकारी योजनाएँ:** बीड़ी श्रमिकों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति जारी रखने, कल्याण बोर्ड को पुनर्जीवित करने और हर जिले में 100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल स्थापित करने की मांग की जाएगी।

**–जीवनयापन भत्ता:** चुनाव में किए गए वादे के अनुसार, जीवनयापन भत्ते को 2,000 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये किया जाए।

इस बैठक में बीड़ी मज़दूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बी. गोवर्धन, महासचिव सुतारी रामुलु, एमडी मुकर्रम, एमडी मौलाना, कोक्कुला शांतिना विश्वनाथम सहित अन्य नेता शामिल होंगे।

प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष बी. गोवर्धन, सचिव मोहम्मद मुकर्रम, उपाध्यक्ष कोकुला सांता, और मोहम्मद मौलाना भी आज चेन्नई के लिए रवाना हुए हैं।

# मंचेरियाल : पोडू भूमि पर खेती को लेकर किसान परेशान, वन अधिकारी रोक रहे हैं ट्रैक्टरों का उपयोग

**मंचेरियाल, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से, पोडू भूमि पर खेती करने वाले किसान नई समस्याओं का सामना कर रहे हैं। जिन आदिवासी और जनजातीय किसानों को बीआरएस सरकार के कार्यकाल के दौरान भूमि के मालिकाना हक (पोडू पट्टा) दिए गए थे, उन्हें अब वन अधिकारियों द्वारा ट्रैक्टरों से जुताई करने से रोका जा रहा है, जिससे वे अपनी फसल नहीं बो पा रहे हैं।

मंचेरियाल जिले के चेन्नूर के कोटापल्ली मंडल स्थित नक्कलपल्ली गाँव में, किसानों को इस साल खेती करने की अनुमति नहीं मिल रही है। इस गाँव में लगभग 40 किसानों को दो से चार एकड़ के धान के पट्टे मिले थे और वे पिछले दो सालों से बिना किसी बाधा के



खेती कर रहे थे। लेकिन इस साल वन अधिकारियों ने उन्हें खेती करने से रोक दिया है। किसानों का आरोप है कि अधिकारी उन्हें ट्रैक्टरों के बजाय बैलगाड़ियों से जुताई करने को कह रहे हैं, जबकि उनके पास न तो बैल हैं और न ही गाड़ियाँ।ट्रैक्टर मालिकों को भी चेतावनी दी गई है कि अगर वे खेतों की जुताई के लिए आएंगे तो उनके वाहन जब्त कर लिए जाएंगे। इस डर से कोई भी जुताई के लिए नहीं आ रहा है, जिससे किसानों की फसल बुवाई रुक गई है। किसानों ने कहा कि वे कपास की खेती करना चाहते थे, लेकिन अब वे तिल की खेती करने पर विचार कर रहे हैं, अगर उन्हें अनुमति मिलती है।यही स्थिति बेल्लमपल्ली निर्वाचन क्षेत्र के वेमनपल्ली मंडल के चमनपल्ले गाँव में भी है, जहाँ 1957 में मिले पट्टों और हाल ही में केसीआर सरकार द्वारा दिए गए पोडू पासबुक के बावजूद, वन अधिकारी उन्हें खेती करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

किसानों का कहना है कि केसीआर सरकार ने वन अधिकार अधिनियम-2005 के तहत दशकों से परती भूमि पर खेती कर रहे आदिवासियों और जनजातीय किसानों को भूमि के मालिकाना हक दिए थे। संयुक्त आदिलाबाद जिले में, जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी आबादी है, 31,026 किसानों को 85,398 एकड़ जमीन के लिए पोडू पट्टे दिए गए थे। इन किसानों को जून 2023 में मालिकाना हक मिलने के तुरंत बाद उनके खातों में रायथु बंधु की राशि भी जमा कर दी गई थी।

हालांकि, अब किसान शिकायत कर रहे हैं कि सरकार बदलने के बाद उन्हें परेशान किया जा रहा है। वे यह भी आरोप लगा रहे हैं कि वही वन अधिकारी, जिन्होंने पहले सर्वेक्षण किया था और सरकार को रिपोर्ट सौंपी थी, अब उनके लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। किसान हर सोमवार को कलेक्ट्रेट आकर अपनी समस्या के समाधान की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।प्रभावित किसानों ने कहा, हमें दो साल पहले ही जमीन का मालिकाना हक मिल गया था और हम बहुत खुश थे। लेकिन अब वन अधिकारी हमें ट्रैक्टरों से जुताई करने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। पहले किसी ने हमें परेशान नहीं किया, लेकिन सरकार बदलते ही यह समस्या शुरू हो गई है। वे मंचेरियाल के मंत्री विवेक से इस मामले में हस्तक्षेप करने और उन्हें न्याय दिलाने का अनुरोध कर रहे हैं ताकि वे अपनी जमीन पर खेती कर सकें।

# कलेक्टर दोत्रे ने कागज़नगर ज़िला परिषद हाई स्कूल का किया औचक निरीक्षण



**कागजनगर, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आसिफाबाद के ज़िला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे और कागज़नगर की उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला ने शनिवार को कागज़नगर स्थित ज़िला परिषद हाई स्कूल का अचानक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने स्कूल की बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, कक्षाओं की साफ-सफाई और शैक्षणिक प्रगति का विस्तृत जायजा लिया।

कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने शिक्षकों से बातचीत करते हुए उन्हें छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करने की सलाह दी।

उन्होंने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की भी चेतावनी दी। वहीं, उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला ने छात्रों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा और स्कूल में शौचालयों सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल प्रशासन को जल्द से जल्द आवश्यक सुधार लागू करने का निर्देश दिया।

–मीडिया से बात करते हुए कलेक्टर ने कहा, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्कूल की लगातार निगरानी करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस निरीक्षण में पाई गई कमियों को दूर करने के लिए उचित कदम उठाए जाएँगे और इस तरह का कार्यक्रम ज़िले के अन्य स्कूलों में भी लागू किया जाएगा।

यह निरीक्षण इस बात को दर्शाता है कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दे रही है। छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।



**सरकार का लक्ष्य गरीबों का विकास करना है। गरीबों का विकास ही कांग्रेस सरकार का लक्ष्य है, ऐसा लक्षेट्टीपेट मंडल में पाटा कोम्मुगुडेम कांग्रेस पार्टी के ग्राम अध्यक्ष दुम्मानी सत्यम ने कहा। शनिवार को उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय में पंचायत सचिव के साथ लाभार्थियों को नए राशन कार्ड सौंपे। उन्होंने बताया कि सरकार जन कल्याण के लिए कई योजनाएँ चला रही है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता और अन्य लोग शामिल हुए।**

# तानूर के कोलूर गाँव के पास पहाड़ी इलाके में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत



**तानूर, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंडल केंद्र के कोलूर गाँव के बाहरी इलाके नाथोबा गुट्टा की पहाड़ी पर तेंदुए के घूमने की खबर से ग्रामीण और किसान दहशत में हैं। शनिवार को गाँव के लोगों द्वारा वन विभाग को सूचना दिए जाने के बाद, अधिकारियों ने मौके पर पहुँचकर तेंदुए के पैरों के निशान की पुष्टि की है।

विस्तृत जानकारी के अनुसार, निर्मल जिले के तानूर मंडल के कोलूर गाँव के कुछ स्थानीय लोगों ने पहाड़ी इलाके में एक तेंदुए को घूमते हुए देखा था। इसके बाद उन्होंने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।

वन विभाग के अधिकारियों ने मौके का जायजा लेने के बाद ग्रामीणों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने किसानों और रात में अकेले खेतों में जाने वाले लोगों को विशेष रूप से सावधान रहने की सलाह दी है।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा है कि वे खेतों में जाते समय समूहों में जाएं और शोर करें ताकि जानवर दूर रहे।

वन विभाग द्वारा तेंदुए की खबर की पुष्टि किए जाने के बाद से नाथोबा पहाड़ी इलाके के किसान और ग्रामीण डरे हुए हैं। अधिकारियों ने सभी से अपील की है कि यदि किसी को भी तेंदुआ दिखाई दे, तो वे तुरंत वन अधिकारियों को सूचित करें ताकि आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

# शिक्षक पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

**आसिफाबाद, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्रीलक्ष्मी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य ने एक बयान में बताया कि जिला केंद्र स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मानदेय पर संविदा के आधार पर

शिक्षण कर्मचारियों के पदों पर नियुक्ति हेतु 2 अगस्त को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

# किसानों को खेत जाने के लिए करना पड़ रहा कठिनाइयों सामना



**मंचेरियाल, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंचेरियाल जिला बेल्लमपल्ली मंडल के चंद्रवेल्ली से तंदूर मंडल के अचलापुर तक तीन साल पहले स्वीकृत हुई सड़क का पिछले साल उद्घाटन हुआ इस परियोजना के तहत अचलापुर में सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के बजाय केवल एक पुलिया का निर्माण किया गया चूँकि इस पुलिया का निर्माण कार्य भी बेतरतीब ढंग से किया गया था इसलिए किसानों को अब वास्तविक फसल के मौसम में कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है पुलिया निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी से बाढ़ का रास्ता अवरुद्ध हो गया है नतीजतन पानी पीछे के खेतों में बह रहा है।

# परिवार के सदस्यों ने 100 वर्षीय महिला का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**हाजीपुर, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** परिवार के सदस्यों ने एक 100 वर्षीय महिला का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। वह जिला मुख्यालय स्थित गोसेवा मंडल की सदस्य थीं। उनके पति राजैया का 30 साल पहले निधन हो गया था। उनके परिवार में छह बेटे, एक पुत्रवधू, एक पुत्रवधू, पोते-पोतियाँ और परपोते-परपोतियाँ हैं। पूर्व पार्षद और डॉ. बोतला सत्यनारायण के आवास पर उनके परिवार की उपस्थिति में उनका शताब्दी जन्मदिन मनाया गया। सबसे पहले घर पर लक्ष्मी गणपति होमम किया गया और फिर परिवारअगाम्मा अपने बेटों और बेटी के साथ लोगों ने अगाम्मा की पूजा की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अगाम्मा ने सबके आनंद और उत्सव के बीच केक काटा।

# सिंगरेनी में नौकरी से निकाले गए 43 जेएमईटी को दोबारा काम पर रखा गया



**मंचेरियाल, 26 जुलाई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिंगरेनी में नौकरी से निकाले गए 43 जेएमईटी को दोबारा काम पर रखा गया प्रबंधन ने सिंगरेनी में जेएमईटी के रूप में शामिल हुए और विभिन्न कारणों से बर्खास्त किए गए 43 कर्मचारियों को बहाल करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है। हैदराबाद डीएलसी कार्यालय में एटक एसोसिएशन और प्रबंधन के बीच एक समझौता हुआ। एसोसिएशन के नेताओं ने मानवीय आधार पर बर्खास्त किए गए जेएमईटी को बहाल करने के लिए अध्यक्ष और निदेशकों को बार-बार याचिकाएँ प्रस्तुत की हैं।

# Inauguration TODAY




# HNS CHIKITSHALAY
(HARYANA NAGRIK SANGH)


**SERVING HEALTH, UPLIFTING HUMANITY**

DIAGNOSTICS | RADIOLOGY | DOCTOR CONSULTATIONS
ADVANCED PHYSIOTHERAPY | DAY CARE CLINIC | PHARMACY

Plot No. 7, Balaji Co-Operative Society,
Cantonment Board, Transport Road, Secunderabad

## Inauguration Ceremony

**Sunday 27th July, 2025**
from 10:00 am onwards



Inauguration by :
**Shri Jishnu Dev Verma**
Hon'ble Governor of Telangana State

### Special Invitees



**Shri Eatala Rajender**
MP - Malkajgiri



**Shri N. Sri Ganesh**
MLA - Sec'bad Cantonment



**Shri Madhukar Naik D**
CEO - SCB



**Smt. B Narmada Mallikarjun**
Member - SCB



**Anjani Kumar Agarwal**
Chairman
HNS Chikitshalay



**Purshotam Agarwal**
President
HNS Chikitshalay



**Sushil Kumar Agarwal**
Vice-President
HNS Chikitshalay



**Deepak Binjrajka**
General Secretary
HNS Chikitshalay



**Sandeep Mittal**
Joint Secretary
HNS Chikitshalay



**Narayan Choudhary**
Treasurer
HNS Chikitshalay



**Ram Goel**
Advisor
HNS Chikitshalay



**Padam Jain**
President
Haryana Nagrik Sangh



**Rajender Agarwal**
President
Haryana Seva Sangh

**Working Committee :** Dinesh Agarwal | Dr. Mukesh Agarwal | Manish Agarwal | Naresh Mittal | Pankaj Bansal | Rahul Agarwal | Rakesh Rasiwasia | Trilok Agarwal | Vinod Agarwal | Surender Kedia

## DONORS LIST HNS CHIKITSHALAY

| KOHINOOR DONOR | DIAMOND DONORS | | | |
|---|---|---|---|---|
| Shri Ram Kishan Agarwal & Late Smt Krishni Devi Agarwal | Shri Manohar Lal Purshotam Agarwal | Shri Tarachand Bansal & Shri Ajay Kumar Bansal | Shri Suresh Binjrajka & Smt Amita Binjrajka | Late Shri Bharat Bhushan Agarwal & Shri Rahul Agarwal |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GOLD DONOR | Smt. Shashikala Agarwal & Sanjay Agarwal | Shri Dayanand Agarwal & Anjani Kumar Agarwal | Shri Ram Goel | Shri Prakash Goel | Shri Jogi Ram Agarwal | Shri Bijoy Kumar Keshan & Pushpa Devi Keshan | Shri M. K. Agarwal |
| Shri Sanjay Agarwal & Anand Agarwal | Shri Ram Kumar Goel | Shri Rajesh Kumar Agarwal | Shri Vinay Kumar Agarwal | Shri Kishanchand Suresh Kumar Singhal | Shri Anil Agarwal | Late Shri Rajender Pd. Agarwal & Satish Kumar Agarwal | Shri Pawan Kumar Agarwal |
| RUBY DONOR | Shri Anil Agarwal | Shri Ashok Agarwal | Shri Ashok Minda | Late Shri Om Prakash Garg (Mundhalia) | Shri Chanderbhan Goel | Shri Dinesh Agarwal | Shri Dinesh Gupta |
| Shri Ganesh Dutt Agarwal | Shri Ghanshyam Kandoi | Late Shri Gokulchand Late Shri Ghisaram Chidiyawale | Shri Hariom Garg | Shri Jayant Jain | Shri Kuldeep Singh Behal | Smt Leelavati Agarwal | Shri Madanlal Mittal |
| Shri Mangeram Mahesh Kumar Tayal | Shri Manish Gupta | Shri Manoj Parmar | Shri Narayan Choudhary | Late Shri Pawan Kumar Singla & Shri Triloki Bhushan Singla | Shri Rajeev Agarwal | Shri Rajesh Agarwal | Shri Rajkumar Singhal |
| Shri Rajkumar Tayal | Shri Anuj Garg & Shri Rajender Kumar | Shri Gajanand Rakesh Rasiwasia | Shri Ramesh Kumar Gupta | Shri Ram Rishi Dhanania | Shri Rattan Lal Agarwal | Shri Sajjan Gupta | Shri Sandip Gupta |
| Shri Surender Kumar Jindal | Shri Sandeep Mittal | Shri Sangesh Agarwal & Smt Preeti Agarwal | Shri Sanjeev Garg & Shri Vinod Garg | Late Shri Satnarayan Agarwal & Shri Sunil Agarwal | Shri Pankaj Bansal | Late Shri Tara Chand & Shri Shyam Lal Barodia | Shri Shyam Sunder Agarwal |
| Shri Vikas Agarwal | Shri Radheshyam Sharma | Shri Trilok & Shri Alok Agarwal | Shri Vijay Goel | Shri Vijay Kumar Jindal & Smt Sarla Jindal | Shri Vinod Agarwal & Shri Sunil Agarwal | Late Shri Ved Prakash Gupta & Shri Vinod Gupta | Shri Jai Prakash Jain & Satpal Jain |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CORAL DONOR | Late Shri Ramesh Chander Agarwal & Sanjeev Agarwal | Shri Tej Prakash Agarwal | SILIVER DONOR | Shri Ajay Jain | Shri Ajay Kanodia | Shri Anil & Rakesh Agarwal | Shri Arjun Goyal | Shri Ashish Dhanania | Shri Ashok Singhal |
| Shri Bheemsen Bansal | Shri Deepchand Singal | Late Shri Shankar Lal Bansal | Dr. Amit Goel & Dr. Swati Goel | Dr. P.C. Gupta | Shri Gajanand Goyal | Shri Hanuman Prasad Goyal | Shri Ishwar Bansal (Rajthal) | Shri Jagdish Goyal (Lalaji) | Shri Jai Bhagwan Goel & Rekha Goel |
| Shri Jai Prakash Mittal | Shri J. Ramdhari Agarwal | Shri Ram Kumar Kamal Kumar Gupta | Shri Kamal Kumar Bansal | Shri Krishan Kumar Garg | Shri Manish Taluka | Shri Lalit Praveen Kadel | Shri Laxminarayan Agarwal | Lt. Manoj Soni (Manish) | Shri Madanlal Agarwal |
| Shri Madanlal Agarwal | Shri Mahesh Kanodia Agarwal | Shri Manmohan Kanodia | Shri Naresh Kumar Agarwal | Shri Naresh Bansal | Shri Naresh Mittal | Shri Naveen Agarwal | Late Shri Nanak Chand Singhal | Shri Sumit Agarwal S/o Shri Niranjan Lal Agarwal | Shri Hazarilal Ramavtar Kanodia |
| Shri Pawan Gupta Mundhalia | Shri Pawan Kumar Agarwal | Shri Prakash Chandra Garg | Shri Puranmal Vinod Kumar Agarwal | Shri Purshotam Agarwal (Babulal Ram Kumar Dadariwale) | Shri Radhakishen Agarwal & Sunil Agarwal | Shri Rajendar Lamba | Shri Rajendra Gupta (Mundhalia) & Akash Gupta | Shri Rajesh Garg & Smt Savita Garg | Shri Rajesh Jain |
| Shri Rakesh Agarwal & Anil Agarwal | Shri Ramesh Agarwal | Shri Ramesh Garg | Shri Ramesh Goyal | Shri Ramesh Kumar Mahesh Kumar | Shri Ravi Agarwal | Shri Roshanlal Dhanania | Shri Roshanlal Singhal & Sunil Kumar Singhal | Shri Sandeep Goyal | Shri Sandeep Singh Choudhary |
| Shri Sajjan Kumar Gupta | Shri Sanjay Kumar Mittal (Hansi Wale) | Shri Om Prakash Sanjay Kumar Agarwal | Shri Satish Agarwal | Shri Satish Garg | Shri Shyam Lal Garg | Shri Shyamsunder Bansal | Smt Sumitra Devi Dalmia | Shri Surender Kedia | Shri Vasudev Agarwal |
| Shri Vijay Kumar Agarwal | Shri Vinod Kumar Agarwal | Shri Vipin Singhania | Shri Zareen Ranka | Shri Deepak Dada | Shri Suresh Dhanuka | Shri Arvind Seth | Shri Rishabhh Agarwal | ALL ARE CORDIALLY INVITED | |

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.